सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
08.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 145

12 300 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'एनिमल'

## न्यूज डायरी

### रेवंत रेड्डी बने तेलंगाना के नये मुख्यमंत्री

**हैदराबाद।** अनुमुला रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी। रेड्डी के अलावा, मल्लू बी विक्रमार्क (उपमुख्यमंत्री), एन उत्तम कुमार रेड्डी, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, सी दामोदर राजनरसिम्हा, डी श्रीधर बाबू, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर ने भी शपथ ली।

### देश में स्टील उद्योग का भविष्य अच्छा: चेयरमैन

**बोकारो।** सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने गुरुवार ने कहा कि भारत में स्टील उद्योग का भविष्य अच्छा है। बताया कि सेल डीकार्बोर्नाइजेशन के लिए रोड मैप तैयार कर रहा है। सेल की क्षमता 35 मिलियन टन बढ़ाने के लक्ष्य की जानकारी दी।

### गोगामेड़ी के हत्यारों पर 5-5 लाख का इनाम

**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों पर गुरुवार को 5-5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया। फरार दोनों आरोपी रोहित सिंह राठौड़ और नितिन फौजी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों में भी छापेमारी कर रही हैं।

### टैक्स चोरी : रूंगटा के ठिकानों पर भी छापे

**रामगढ़।** कारोबारी रामचंद्र रुंगटा के रामगढ़ स्थित तीन प्लांट पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। रामगढ़ शहर में उनके ऑफिस के अलावा अरगड्डा में झारखंड इस्पात, बरकाकाना ओपी क्षेत्र में मां छिन्नमस्तिका स्पंज एंड आयरन प्लांट और कुजू ओपी क्षेत्र में आलोक स्टील में छापेमारी हुई है।

### रनिया : सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के रनिया-मरचा मुख्य मार्ग पर विश्रामपुर गांव के पास गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक तोरपा थाना क्षेत्र के बुदू निवासी अनिल केरकेट्टा (18) तथा गिडूम का नामजन हेरेंज (22) है।

### मोइत्रा का मामला आज लोकसभा में पेश होगा

**नयी दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के निर्देश पर जांच करने वाली सदन की एथिक्स कमेटी शुक्रवार को अपनी जांच रिपोर्ट लोकसभा में पेश कर सकती है। कमेटी की रिपोर्ट को लोकसभा में पेश करते समय हंगामे के हालात बन सकते हैं।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी

**रांची।** धनबाद जेल में अमन सिंह की हत्या के बाद राज्य के सभी जेलों में औचक निरीक्षण चल रहा है। इसी कड़ी में 7 दिसंबर की सुबह करीब 5 बजे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गयी।



## झारखंड के कांग्रेस सांसद की शराब कंपनियों पर आइटी रेड

# ओड़िशा के ठिकानों से 300 करोड़ से ज्यादा नकद मिले

- आयकर अधिकारी भी हैरान, नोट गिननेवाली मशीन ठप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। उनके रिश्तेदारों और करीबियों की ओड़िशा स्थित शराब कंपनियों पर इनकम टैक्स की छापेमारी के दौरान 300 करोड़ से ज्यादा नकद बरामद होने की खबर है। ओड़िशा के बलांगिर स्थित बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के दफ्तर से 150 करोड़ से ज्यादा नकद और संबलपुर में कॉर्पोरेट ऑफिस से भी 150 करोड़ से ज्यादा नकद जब्त हुआ है। ये दोनों पश्चिमी ओड़िशा में सबसे बड़ी देसी शराब निर्माता और विक्रेता कंपनियों में से है। (शेष पेज 11 पर)

**टैक्स चोरी का मामला**

ओड़िशा के इनकम टैक्स अधिकारी ने बताया कि इनकम टैक्स में चोरी की वजह से यह छापेमारी हुई है। राज्यसभा सांसद धीरज साहू लोहरदगा में रहते हैं। उनके लोहरदगा आवास पर 6 दिसंबर को इनकम टैक्स की टीम पहुंची थी लेकिन यहां आने से पहले ओड़िशा के संबलपुर और ब्लांगिर में संचालित शराब कंपनियों पर दबिश दी गयी थी। श्री धीरज साहू एक रसूखदार परिवार से आते हैं। इनका परिवार खानदानी रूप से कांग्रेस से जुड़ा रहा है। किसी जमाने में चुनाव प्रचार के दौरान देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी भी रुकती थीं। इनके यहां फिल्म स्टार्स और क्रिकेटर्स भी आते रहते हैं।

**भाजपा कर रही बदनाम**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह महासचिव राकेश सिन्हा का कहना है कि धीरज साहू एक सफल व्यवसायी हैं। उनका पूरा परिवार बिजनेस में है। वह सिर्फ दस साल से व्यवसाय नहीं कर रहे हैं। उनके चेहरे को बदनाम करने के लिए इनकम टैक्स का इस्तेमाल किया गया है। उनके ठिकानों से 300 करोड़ से ज्यादा नकद बरामद होने के बाबत उन्होंने कहा कि पूरा परिवार सामूहिक रुप से व्यवसाय करता है, लेकिन भाजपा एक साजिश के तहत खानदारी कांग्रेसी परिवार को बदनाम कर रही है।

**कंपनी के ठिकानों की तलाशी**

नोटों को गिनती के लिए दो ट्रकों में पैसे भरकर बैंक भेजा गया है। इसके अलावा झारखंड के रांची और लोहरदगा में भी जांच टीम ने कंपनी के ठिकानों पर तलाशी ली। जिस कंपनी के ऑफिस में इतनी मोटी रकम मिली है, वह वेस्टर्न ओड़िशा की सबसे बड़ी शराब निर्माता है। इस कंपनी के बौध डिस्टिलरीज से कारोबारी रिश्ते भी हैं। आइटी कंपनी ने तीतलगढ़ में भी शराब माफिया के घरों पर छापेमारी की। हालांकि छापे की भनक लगते ही सभी आरोपी भाग निकले। इसके अलावा आईटी टीम ने एक अन्य शराब निर्माता कंपनी के ऑफिस में छापेमारी की और 110 करोड़ रुपये सीज किये हैं।

## अबुआ सरकार एसी में नहीं, आपके बीच से चलायी जा रही : हेमंत

# हम पेंशन के साथ दे रहे रोटी, कपड़ा और मकान

**पोटका में सरकार आपके द्वार**

- घर-घर जा कर समस्याओं का हो रहा निदान
- सबकी मदद से बदल रहे हैं राज्य की तस्वीर
- योजनाओं से जुड़ें, विकास में भागीदार बनें
- 8 लाख गरीबों को आवास के सपने पूरा करेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार एयर कंडीशन कमरे से नहीं चल रही है। यह सरकार घर-घर पहुंच रही है। जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुन रही है और उसका समाधान कर रही है। यह सरकार गरीब, जरूरतमंद, आदिवासी, दलित और पिछड़ों की सरकार है। सामाजिक सुरक्षा के साथ आपकी सरकार झारखंड के गरीबों को दे रहे रोटी -कपड़ा और मकान। गुरुवार को सीएम श्री सोरेन पोटका, पूर्वी सिंहभूम के मानपुर पंचायत में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा यह एक महाअभियान है, जिसके माध्यम से आपको पूरे मान-सम्मान के साथ आपका अधिकार देने सरकार आपके दरवाजे पर पहुंच रही है। आप योजनाओं से जुड़ें और खुद को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें। सभी शिविरों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### गरीबों के बच्चे भी बनेंगे डॉक्टर-इंजीनियर



सीएम ने कहा कि अब गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक बच्चे-बच्चियां भी डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनेंगे। सरकार उनकी शिक्षा के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। आर्थिक तंगी से कोई बच्ची पढ़ाई नहीं छोड़े, इसके लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से उन्हें जोड़ा गया है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिये शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की भी योजना सरकार ने शुरू की है।

**सामाजिक सुरक्षा पर पूरा ध्यान**

सीएम ने कहा कि आपकी यह सरकार हर गरीब और जरूरतमंद को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ पेंशन के तौर पर सामाजिक सुरक्षा दे रही है। हम 20 लाख अतिरिक्त हरा राशनकार्ड बना कर उन्हें अनाज दे रहे हैं। सरकार सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीबों को वर्ष में दो बार मात्र 10 रुपये में धोती अथवा लूंगी तथा साड़ी उपलब्ध करा रही है। अब सरकार का लक्ष्य 8 लाख गरीबों के आशियाना के सपने को पूरा करना है। इसके लिए अबुआ आवास योजना शुरू की गयी है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगों को पेंशन मिल रहा है। महीना शुरू होने के पहले ही पेंशन की राशि उनके खाते में डाल दी जाती है।

## कैबिनेट : शीतकालीन सत्र, धान खरीद पर बोनस समेत 27 प्रस्ताव मंजूर

# सामान्य वर्ग के छात्रों को भी 2500 तक मिलेगी छात्रवृत्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें 15 से विधानसभा का शीतकालीन सत्र, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना की दर में संशोधन, किसानों को धान खरीदी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य से 117 प्रति क्विंटल बोनस के रूप में देने का फैसला प्रमुख है।

बैठक के फैसले की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि राज्य के किसानों को धान खरीदी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य से 117 प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिया जायेगा। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना की दर में संशोधन संशोधन किया गया है।

सामान्य वर्ग के 1 लाख 32 हजार 881 छात्रों के लिए 25 करोड़ रुपये निर्गत किये गये। कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को 1500 प्रतिवर्ष मिलेंगे। कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को 2500 प्रतिवर्ष छात्रवृति के रूप में मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य के प्लस 2 गैर योजना मद के स्कूल को योजना मद में तब्दील किया गया है। सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12 में उपलब्ध करायी जा रही कॉपी की राशि में वृद्धि की गयी है। पूर्व में 80 पेज की कॉपी के लिए 20 रुपये निर्धारित थे। वर्तमान में 120 पेज की कॉपी मिलेगी। इसके लिए अब 30 रुपये प्रति कॉपी दिये जायेंगे। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह-मलभीटा लखीपुर में 8.87 किलोमीटर की सड़क बनेगी। इसके लिए राशि निर्गत की गयी है। रामगढ़ कलस्टर अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना पीपीपी मोड संचालित करने के प्रस्ताव को मंजूरी। इसपर 635 करोड़ 67 लाख 52 हजार खर्च होंगे।

**अन्य महत्वपूर्ण फैसले**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अन्तर्गत मत्स्य निदेशालय के अधीन प्रक्षेत्र मात्स्यिकी तकनीकी सहायक, भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त्त नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गयी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा राज्य के 280 नव उत्क्रमित 2 विद्यालयों में योजना मद में सृजित किये गये पदों को गैर योजना मद में स्थानांतरित करने की मंजूरी। केन्द्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, अमृत 2.0 अंतर्गत 7251.54 लाख रुपये की लागत पर तकनीकी स्वीकृति। डॉ रजनी रुपम, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देवरी, गिरिडीह की बर्खास्त की स्वीकृति। खाद्य सुरक्षा योजना की स्वीकृति से संबंधित विभागीय संकल्प संख्या 2413, दिनांक 15 सितंबर 2020 में संशोधन की स्वीकृति। डॉ. तुनूल हेम्ब्रम, तत्कालीन सिविल सर्जन, गढ़वा (सेवानिवृत्त) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत करने की मंजूरी। गिरिडीह सोलर सिटी योजना के प्रथम पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि 106.57 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।

# अवैध खनन में सीबीआइ का आठ ठिकानों पर छापा

## पंकज मिश्र, दाहू और छोटू यादव के घर पहुंची टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/साहिबगंज।** साहिबगंज में गुरुवार को सीबीआइ की 40 सदस्यीय आठ टीम अपने वरीय अधिकारी के के सिंह के नेतृत्व में पंकज मिश्रा, छोटू यादव और दाहू यादव सहित आठ ठिकानों पर छापा मारा। बताया जाता है कि साहिबगंज में 1000 करोड़ के खनन घोटाले में इडी की गवाह रहे विजय हांसदा की गवाही से मुकरने के मामले में यह छापे पड़े हैं। एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा इडी केस में डेढ़ साल से रांची के जेल में बंद है। इडी के गवाह विजय हांसदा के अपने बयान से मुकर जाने पर इस मामले की जांच हाइकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी है।

**पंकज मिश्रा के साहिबगंज आवास पहुंची टीम :** साहिबगंज स्थि पंकज मिश्रा के घर गुरुवार को सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम रांची से पहुंची। जिरवाबाड़ी थाना से पुलिसकर्मियों को बुलाया गया है। उस समय आवास पर सिर्फ उनकी पत्नी थी। सीबीआइ टीम ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया। बाद में जब दरवाजा खुला और अधिकारियों की टीम अंदर गयी। सीबीआई टीम ने पंकज की पत्नी से भी पूछताछ की है।

## तोमर की जगह अर्जुन मुंडा होंगे कृषि मंत्री

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में चुनाव लड़ने के बाद कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि मंत्रालय का अपना पद छोड़ दिया है। उन्होंने इस पद से इस्तीफा दिया था, जिसे राष्ट्रपति की ओर से मंजूर कर लिया गया है। झारखंड के पूर्व सीएम और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा नरेंद्र सिंह तोमर की जगह अर्जुन मुंडा होंगे कृषि मंत्री होंगे। श्री मुंडा को उनके मौजूदा विभागों के अलावा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा सौंपा गया है। वहीं राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री का प्रभार सौंपा जायेगा।

# सरकार चलाने के लिए भाजपा लोगों की पहली पसंद : पीएम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी तीन राज्यों में मिली जीत का श्रेय टीम स्पिरिट को दिया। उन्होंने चुनावी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि लोगों में सरकार चलाने के लिए भाजपा सबसे पसंदीदा पार्टी है। सत्ता में रहते हुए चुनाव जीतने का उसका रिकॉर्ड कांग्रेस से काफी बेहतर है। गुरुवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए पीएम ने हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की बड़ी जीत का श्रेय टीम भावना को दिया। साथ ही कहा कि तीन राज्यों में जीत के अलावा तेलंगाना और मिजोरम में भी पार्टी की ताकत बढ़ी है।

**मोदी का जोरदार स्वागत :** संसद भवन परिसर हुई बैठक में पीएम मोदी के पहुंचते ही भाजपा सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजायीं और 'स्वागत है भाई स्वागत है, मोदी जी का स्वागत है' के नारे लगाये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

**तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ऐलान दस तक**

नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद नये मुख्यमंत्रियों के नाम का इंतजार हो रहा है। तीनों राज्यों में नया सीएम कौन होगा, इसको लेकर दिल्ली मंथन का दौर जारी है। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने दावा किया कि रविवार 10 दिसंबर को नये सीएम के नामों की घोषणा हो जायेगी। उन्होंने ऐसे समय में यह दावा किया जब दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच बैठकों का दौर जारी है।



### नये मुख्य सचिव ने संभाला पद चहुंमुखी विकास प्राथमिकता

**रांची (खबर मन्त्र)।** राज्य के नये मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण कर लिया। प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित सीएस कार्यालय में उन्होंने सीएस पद का प्रभार लिया। पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से श्री खियांग्ते ने कहा कि राज्य का चहुंमुखी विकास प्राथमिकताओं में शामिल है। विकास योजनाएं सभी तक पहुंचे इस पर जोर होगा। पद संभालने के बाद उन्होंने सीएम से शिष्टाचार मुलाकात की। सीएम ने उन्हें बधाई और बेहतर कार्य की शुभकामनाएं दी। राज्य सरकार ने छह दिसंबर को सुखदेव सिंह को स्थाांतरित कर उन्हें एटीआई का डीजी बनाया था।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




# देश के स्मार्ट शहरों की रैंकिंग में रांची की बड़ी छलांग

## स्मार्ट सिटी वाले राज्यों में झारखंड नंबर वन, स्मार्ट सिटी मिशन के शहरों में रांची सेकंड टॉपर

- केंद्र द्वारा जारी रैंकिंग में अपनी रांची दूसरे पायदान पर
- देश के 100 स्मार्ट शहरों में रांची दूसरे पायदान पर
- राज्यों की श्रेणी में झारखंड बना फिर नंबर वन
- ऑल ओवर परफॉर्मेंस के आधार पर मिली नयी रैंकिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश के 100 स्मार्ट शहरों में हो रहे विकास कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर होने वाली लाइव रैंकिंग में झारखंड की राजधानी रांची स्मार्ट सिटी ने बड़ी छलांग लगायी है और पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं स्मार्ट सिटी वाले शहरों में विकास के आधार पर केंद्र द्वारा जारी संबंधित राज्यों की रैंकिंग में झारखंड को देश भर में अव्वल स्थान प्राप्त हुआ है। वैसे लगातार स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहा है कार्यों की बदौलत रांची देश के टॉप 10 शहरों में अपना स्थान सुरक्षित रखने का काम किया है। रांची के धुर्वा क्षेत्र में विकसित हो रहे रांची के स्मार्ट सिटी में आधारभूत संरचना के विकास का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और बहुत जल्द बाकी का कार्य पूरा हो जायेगा। वहीं तीन चरणों में आवासीय, मिक्स यूज, इंस्टिट्यूशनल, हेल्थ सेक्टर और पब्लिक सेमी पब्लिक नेचर के कई बड़े प्लॉट का ए ऑक्शन भी संपन्न हो चुका है। चौथे चरण के ऑक्शन का कार्य प्रक्रियाधीन है। (शेष पेज 11 पर)



**रैंकिंग में प्राप्त अंक :** इस रैंकिंग में कुल 350 अंकों में रांची को 324.48 अंक प्राप्त हुआ है। वहीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गुजरात के शहर सूरत को 335.79 अंक प्राप्त हुआ है। राज्यों की श्रेणी में झारखंड को 350 अंकों में 324.48 अंक प्राप्त हुआ है।

**रैंकिंग में सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड :** स्मार्ट सिटी मिशन की योजनाओं के तहत हो रहे विकास कार्यों के पूर्ण होने पर मिलने वाला अंक। नन एससीएम के तहत चल रही योजनाओं के पूर्ण होने पर प्राप्त होने वाला अंक। फंड यूटिलाइजेशन। पिछले माह का एक्सपेंडिचर। इंडिया साइकिल फॉर चेंज और ट्रांसपोर्ट फॉर ऑल के लिए उठाए गए कदम। ट्यूलिप के तहत विभिन्न क्षेत्रों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को कराए गए इंटर्नशिप और सिटी लेवल एडवाइजरी फॉर्म की बैठकों इत्यादि।

## 10 को पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की अहम बैठक

# पेंशन विवाद पर झारखंड बिहार फिर आमने-सामने

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पटना में 10 को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की अहम बैठक होगी। इस बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों के मौजूद रहने की संभावना है। बैठक में शामिल होने के लिए झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के साथ पटना जाने वाले हैं। इस अहम बैठक में दोनों राज्यों के बीच पेंशन विवाद पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में सीएम और मंत्री के साथ-साथ मुख्य सचिव एल खियांग्ते, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह भी इस बैठक में शामिल होंगे।



**पेंशन विवाद समेत कई मुद्दे :** बैठक में बिहार-झारखंड से जुड़े कई मुद्दे उठाये जायेंगे। पिछले 22 सालों से बिहार और झारखंड के बीच पेंशन वितरण के मुद्दे पर दोनों राज्यों के बीच चल रहे विवाद पर भी चर्चा होगी। इस बैठक में रुपये की बकाया मांग पर भी चर्चा होने की संभावना है। बिहार सरकार ने हाल ही में 847 करोड़ रुपये संबंधी मांग झारखंड सरकार को भेजा है। झारखंड सरकार बिहार सरकार की मांग का जवाब देने की तैयारी में है। (शेष पेज 11 पर)

# मधु कोड़ा समेत सात लोगों पर चल रहे केस में कोर्ट ने सीबीआइ, इडी और राज्य सरकार से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई में चल रहे केस के त्वरित निष्पादन को लेकर दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में प्रार्थी ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर मधु कोड़ा, बंधु तिर्की, भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह, विनोद कुमार सिन्हा, शौभिक चटोपाध्याय एवं संजय चौधरी को प्रतिवादी बनाने एवं उनके खिलाफ केस के जल्द निष्पादन का आग्रह किया है। सुनवाई के दौरान ईडी के अधिवक्ता एके दास ने कोर्ट को बताया कि शौभिक चटोपाध्याय एवं संजय चौधरी फरार हैं। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, सीबीआई, राज्य सरकार समेत अन्य प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के तीसरे सप्ताह में होगी। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने प्रार्थी को आईए दायर कर उन सारे जनप्रतिनिधियों एवं अन्य का नाम मांगा था जिनके खिलाफ वे ईडी और सीबीआई में चल रहे केस का जल्द निष्पादन चाहते हैं। कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने मधुकोड़ा सहित 7 लोगों के नाम कोर्ट के समक्ष आईए के माध्यम से प्रस्तुत किया है। प्रार्थी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी जनप्रतिनिधियों के मामले की सुनवाई त्वरित गति से करने का निर्देश दिया है। याचिका में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगी तत्कालीन मंत्रियों एवं अन्य के द्वारा सरकारी पैसे की लूट की गई थी। इनके खिलाफ सीबीआई और ईडी ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया है। इनमें से कुछ केस के आरोपियों को सजा भी मिल चुकी है और कुछ आरोपियों के मामले में अभी ट्रायल चल रहा है।

# गिरिडीह के बर्खास्त मेयर के मामले में आदेश सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में मेंटिबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मेंटिबिलिटी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।


दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की गई थी, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी एसएलपी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था।

## विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

# विस के शीतकालीन सत्र में रखी जायेगी एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवादाता

**अदालत ने राज्य सरकार को एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट के आलोक में समुचित निर्णय लेने का दिया आदेश**



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट 15 दिसंबर से झारखंड विधानसभा के शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में रखी जाएगी। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट के आलोक में समुचित निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। वहीं झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट राज्य सरकार को मिल चुकी है, अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि पूर्व में हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिव से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मांगी थी। इस पर विधानसभा सचिव की ओर से बताया गया था कि यह रिपोर्ट जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग के पास है, रिपोर्ट उनसे मांगा गया है, लेकिन जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट अब तक विधानसभा के पास नहीं पहुंची है।

**क्या है मामला :** प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है।

# असिस्टेंट सिविल इंजीनियर की नियुक्ति नहीं होने पर हाइकोर्ट ने जेपीएससी से मांगा जवाब

**विज्ञापन निकलने के आठ साल बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं करने का मामला**

**अदालत ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** असिस्टेंट सिविल इंजीनियर (बैकलॉग) के लिए वर्ष 2015 में वेकेंसी निकले जाने के बाद जेपीएससी द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं किए जाने को लेकर प्रार्थी विजय मिंज की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2023 में होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पैरवी की। दरअसल, प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि जेपीएसएसी ने वर्ष 2015 में असिस्टेंट सिविल इंजीनियर (बैकलॉग) की वैकेंसी को लेकर 33 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 7/2015 निकाला था लेकिन जेपीएससी ने ना तो इस विज्ञापन को रद्द किया और न ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की। 8 साल होने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। प्रार्थी न 2015 में निकाली गई असिस्टेंट सिविल इंजीनियर की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करवाने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी हो : कुणाल षाड़ंगी

**कांग्रेस केवल लूट और भ्रष्टाचार की दे सकती है गारंटी**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग की है। श्री षाड़ंगी ने कहा कि श्री साहू के ठिकानों से आयकर विभाग को करीब तीन सौ करोड़ नकदी बरामद की गयी है। उन्होंने कहा कि इस लूट को ईडी से जांच करानी चाहिये। उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पोषक बताते हुए कहा कि इनके नेता के घर पर नोटों से भरी एक अलमारी को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह किसी बैंक की तिजोरी है। इस स्थिति से यह आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि कांग्रेस केवल लूट और भ्रष्टाचार की गारंटी दे सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में हैं। जहां कांग्रेस सरकारों ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान को भ्रष्टाचार का एटीएम बनाया। अब झारखंड राज्य भी कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं के लिए एटीएम मशीन बन गयी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने झारखंड सहित पड़ोसी राज्यों में पिछले चार वर्षों में गरीब जनता का जमकर आर्थिक शोषण किया है। इनकम टैक्स की छापेमारी में कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी अधिक मात्रा में जब्त की गयी नकद राशि कहां से आयी इसका जवाब पार्टी को देना होगा।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस और उसके द्वारा समर्थित राज्य सरकारों ने जनता की गाढ़ी कमाई एवं खनिज संपदा को लूटा है, ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग लगाये हैं, स्पष्ट है कि ये काला धन भी अवैध खनन, शराब, जमीन घोटाले से जुड़ा हुआ होगा।

# स्क्रैप व्यवसायी विक्की भालोटिया के जमशेदपुर में सात ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो के एक व्यापारी से डेढ़ करोड़ रुपये के लेनदेन में कर चोरी की बात सामने आयी**

**रांची/जमशेदपुर।** स्क्रैप व्यवसायी विक्की भालोटिया के आवास, कार्यालय समेत जमशेदपुर में सात जगहों पर इनकम टैक्स की छापेमारी की गयी। जुगसलाई के फिरंगी चौक के निकट विक्की भालोटिया के आवास और नया बाजार स्थित कार्यालय में आयकर विभाग के अधिकारी ने दबिश देते हुए सुबह से ही छापेमारी की। बताया जा रहा कि बोकारो के एक व्यापारी के साथ डेढ़ करोड़ रुपये के लेनदेन में कर चोरी की बात सामने आयी है। इनकम टैक्स की टीम लेनदेन और खरीद बिक्री से संबंधित सारे दस्तावेज को अधिकारी ने खंगाला, फिर दस्तावेज जब्त किये। गौरतलब हो कि विक्की भोलटिया के खिलाफ पहले भी बंगाल पुलिस कार्रवाई करते हुए पिछले वर्ष 15 दिसंबर उसे गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमे डेढ़ करोड़ रुपए के फर्जी बिल के मामले में बोकारो के अंकित मित्तल ने दुगार्पुर थाना में केस दर्ज कराया था। जिसके तीन बाद बाद ही विक्की को जमानत मिल गई थी और जेल से छूटकर जमशेदपुर आ गये थे।

# रामगढ़ में नीतीश कुमार की जोहार यात्रा : अशोक चौधरी



**बिहार से सीएम नीतीश कुमार 21 जनवरी को आयेंगे रामगढ़**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के सीएम और जदयू के टॉप लीडर नीतीश कुमार 21 जनवरी को रामगढ़ आयेंगे। यहां वह पार्टी की ओर से आयोजित जोहार यात्रा में शामिल होंगे। रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने गुरुवार को बताया कि राज्य में पार्टी का पुराना वैभव लाने की कवायद जारी है। पार्टी नेताओं का यहां मनोबल गिरा हुआ था। ऐसे में अब पार्टी के संगठन को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में नीतीश कुमार रामगढ़ आयेंगे। इसके बाद जमीनी तौर पार्टी की गतिविधियां और तेजी से दिखने लगेंगी। अशोक चौधरी ने झारखंड के विकास के लिए बिहार की तरह यहां भी जाति जन गणना कराने की बात दोहरायी। झारखंड सहित पूरे देश में ऐसा किया जाना चाहिए। जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए। भाजपा द्वारा जाति जनगणना के मसले पर बिहार सरकार की मंशा के सवाल पर अशोक चौधरी ने कहा कि वे हिंदू-मुस्लिम करें तो ठीक। आखिर यहां के मुसलमान पाकिस्तान, अफगानिस्तान से तो नहीं आये। असमानता से पीड़ित होकर ही वे हिन्दू से मुसलमान बने। मुसलमानों में असमानता नहीं थी। मंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा कि जल्द ही पार्टी का संगठन और दुरुस्त होगा। पार्टी के पुराने लीडर संपर्क में हैं, जिनके नाम का खुलासा समय आने पर होगा। लोकसभा चुनाव में दूसरे दलों से गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि समय आने पर इस पर पार्टी लीडर सब तय करेंगे।

# यूजीसी ने विश्वविद्यालयों पर कसी नकेल 31 दिसंबर तक लोकपाल नियुक्ति का निर्देश

## झारखंड में संचालित 29 में से महज एक विवि में लोकपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में संचालित विश्वविद्यालयों में 31 दिसंबर तक लोकपाल की नियुक्ति करनी होगी। जिस विवि में विश्वविद्यालय लोकपाल की नियुक्ति नहीं होगी, उसका अनुदान रोक दिया जाएगा। विश्वविद्यालयों को लोकपाल की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करना होगा। सर्च कमेटी बनाकर लोकपाल का चयन करना होगा। लोकपाल नियुक्ति प्रक्रिया की पूरी जानकारी यूजीसी भेजना है। जिन विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं होगी। वैसे विश्वविद्यालयों के नामों की सूची यूजीसी जारी करेगा। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने लोकपाल की नियुक्ति को लेकर गाइडलाइन जारी किया है, जिसमें विश्वविद्यालयों को लोकपाल की नियुक्ति को लेकर कड़े निर्देश दिए गए है।

**प्रदेश में 29 विश्वविद्यालय, सिर्फ एक में लोकपाल :** यूजीसी ने वर्ष 2012 में ही लोकपाल नियुक्ति को लेकर गाईडलाइन जारी किया था। लेकिन झारखंड के किसी भी विश्वविद्यालय में अबतक लोकपाल की नियुक्ति नहीं हो पाई है। झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसमें लोकपाल नियुक्त है। प्रदेश में झारखंड सरकार अंतर्गत 11 विश्वविद्यालय, 17 निजी विवि और एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी है। सीयूजे को छोड़ अन्य किसी भी विश्वविद्यालय में लोकपाल नहीं हैं। इस कारण छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों का निपटारा नहीं हो पा रहा है। लोकपाल नियुक्ति में यूजीसी द्वारा एसओएनसी विश्वविद्यालयों को विनियमों का अनुपालन करना होगा।

### डिफॉल्ट सूची में जारी होगा नाम

यूजीसी ने पत्र जारी कर विवि से पुनः लोकपाल नियुक्त करने और यूजीसी के अन्य प्रावधानों को लागू करने को कहा है। लोकपाल नियुक्ति प्रक्रिया को शुरू नहीं करने वाले विवि का नाम आईजेसीसी की वेबसाइट पर डिफॉल्ट वालों की सूची में जारी किया जाएगा। 31 दिसंबर यूजीसी के निदेशों का अनुपालन नहीं होगा, तो ऐसी स्थिति में यूजीसी विवि के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

### शिकायतों का जल्द होगा निपटारा : यूजीसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम-2023 में दिए गए लोकपाल नियुक्ति पर उसके पिछले निदेशों का पालन झारखंड में संचालित किसी भी विश्वविद्यालय ने नहीं किया है। अब सभी विवि को लोकपाल नियुक्त करके छात्र शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) का गठन करके नियमों का पालन करना आवश्यक है। यूजीसी ने इस संबंध में सभी केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालों के कुलपतियों को पत्र लिखा है। इसमें विवि को तुरंत लोकपाल नियुक्त करने का निर्देश दिया है। यूजीसी के मुताबिक वर्ष 2023 में ही करीब 15 हजार छात्रों की ओर से संस्थानों द्वारा फीस वापस न करने से जुड़ी शिकायतें मिली थी। इसके बाद दखल देकर छात्रों को करीब 30 करोड़ रुपए वापस दिलाए गए हैं। ये सभी ऐसे मामले थे, जिसमें छात्रों की मांग या शिकायतों के बाद भी संस्थान अनसुना कर रहे थे।

# 16 और 17 दिसंबर को होने वाली जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा पर संकट

**अबतक जारी नहीं किया गया एडमिट कार्ड**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा पर संकट का बादल मंडरा रहा है। जेएसएससी ने 16 और 17 दिसंबर को परीक्षा लेने की घोषणा की थी। परीक्षा के केवल 10 दिन ही बचा है, लेकिन परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है। लगभग 650000 छात्र परीक्षा देंगे। जेएसएससी परीक्षा लेगी या नहीं इसके बारे में कोई पक्का निर्णय नहीं लिया है। झारखंड के 8 जिलों ने परीक्षा केंद्र की जानकारी लेट से दी। 9 जिलों ने सीट मैट्रिक्स की जानकारी जेएसएससी को दिया ही नहीं। इसके लिए जेएसएससी ने कार्मिक प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सचिव को पत्र लिख कर जानकारी भी दी थी। पत्र 25 नवंबर को लिखा था। जेएसएससी के अनुसार, सीट मैट्रिक्स मिलने के बाद परीक्षा कराने वाली एजेंसी को परीक्षा संबंधित काम करने में और परीक्षा आयोजन कराने में लगभग दो महीने का समय लग जाता है। सेंटर पक्का होने के बाद प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका और अटेंडेंस पेपर सारे सेंटरों तक ले जाने और अन्य प्रकार के काम करने होते हैं। जेएसएससी की कई परीक्षाएं विवादों में रही है।

# रामगढ़ के पूर्व डीएलओ लियाकत अली पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रामगढ़ लियाकत अली पर विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है। उनके विरूद्ध रामगढ़ डीसी ने 29 नवंबर 2018 को प्रपत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। पूर्व डीएलओ पर यह आरोप था कि उन्होंने जोड़ाकरम मौजा, खाता संख्या- 126, प्लॉट संख्या 2677 में कुल रकबा 1.92 एकड़ भूमि से संबंधित पंचाट सांख्या-02 अंतर्गत मुआवजा भुगतान में अनियमितता बरती, पंचाट दो में शामिल अधिग्रहित रैयतों के अलावे अन्य रैयत राजू हेम्ब्रोम का नाम शामिल कर मुआवजा भुगतान करने एवं एनएच-33 के चौड़ीकरण परियोजना का मुआवजा भुगतान करने वाले रैयत एवं उनके द्वारा दिए गये कागजातों की जांच नहीं की। राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए रिटायर आइएएस अधिकारी विनोद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया है।

# रास में आर्थिक स्थिति पर अल्पकालीन चर्चा में आदित्य साहू ने लिया भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित है। श्री साहू गुरूवार को आर्थिक स्थिति पर चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व में लगभग हर जगह एक बड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है लेकिन इस विपरीत परिस्थितियों में भी हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारत मोबाइल विनिर्माता के क्षेत्र में दूसरे नम्बर पर, ऑटो, मोबाइल निर्माता के क्षेत्र में तीसरे नंबर और स्टॉक एक्सचेंज में चौथे नंबर है। कोविड समाप्त होने के बाद जिस प्रकार से भारत में सड़कें, रेलवे, हवाई अड्डों जैसी अवसंरचना का निर्माण तेज गति हो रहा है। ये कोई साधारण बात नहीं है। हमने 2 अरब से अधिक कोविड वैक्सीन टीके लगाए हैं और जिसमें एक बड़ा हिस्सा मुफ्त टीकाकरण का है। एक सफल प्रयास जो मानव इतिहास में शायद ही पहले कभी देखा गया हो।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- 2024 में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगा एनडीए

# भाजपा के साथ है आदिवासी समाज, विधानसभा चुनाव परिणाम में मिला अपार समर्थन : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/दुमका।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि एनडीए 2024 में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगा। श्री मरांडी गुरुवार को दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में राज्य में भी बनेगी भाजपा नेतृत्व की सरकार। उन्होंने कहा कि सीएम बतायें कि केंद्र के पास किस मद में, कब का, कितना बकाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को पूरा विश्वास और भरोसा हो चुका है कि भाजपा ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित-समर्पित है। भाजपा के केंद्र और राज्य की सरकारों की नीति और नीयत आदिवासियों के लिए स्पष्ट है।

भाजपा सरकार तेजी से जनजाति समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने ही अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य के सपनो को साकार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तेजी से सड़क, पुल पुलिया, मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से जनजाति गांवों को जोड़ रही है। एकलव्य विद्यालयों से बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास केलिए समर्पित है। जिसके कारण देश का जनजाति समाज अब बढ़ चढ़ कर भाजपा के साथ खड़ा हो गया है। छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में अधिकांश आदिवासी सीट पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत इसका ताजा उदाहरण है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के लिए समन पर बोलते हुये श्री मरांडी ने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है। अगर मुख्यमंत्री ने कोई गड़बड़ी नहीं की है तो क्यों घबरा रहे हैं, जांच रुकवाने के लिए क्यों कभी हाई कोर्ट, कभी सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इतनी बेनामी संपत्ति अर्जित की है कि उनके पास उसका उत्तर नहीं है।

# सारंडा के जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त, नक्सलियों को लगी गोली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में एक बार फिर पुलिस नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ में पुलिस भारी पड़े, तो नक्सलियों ने कैंप छोड़कर जंगल के तरफ भाग खड़े हुए। इस घटना में कई नक्सली भी घायल होने की सूचना है, लेकिन अब तक पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर कैंप को ध्वस्त किया। जहां पुलिस ने भारी मात्रा में सामान बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी उर्फ अनल उर्फ रमेश एवं असीम मंडल की सारंडा क्षेत्र में भ्रमणशील होने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद 5 दिसंबर 2023 से छोटानागरा थाना एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जगली क्षेत्र में अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान में दिनाक 6 दिसंबर 2023 को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के उग्रवादियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जगल एवं पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए। पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान छोटानागरा थाना एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्र में अस्थायी नक्सली कैम्प में लगभग 50 से 60 लोगों के रूकने की व्यवस्था थी, जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया। अभियान अबभी जारी है।

बरामदगी:

1. डेटोनेटर (इलेक्ट्रिक) 15 नग
2. बैटरी (9वी) 20 नग
3. बैटरी कनेक्टर 12 नग
4. मैगजीन (इंसास) 01
5. एक खाली केस 7.62 एमएम एसएलआर
6. प्रिंटर (एचपी) 01
7. वर्दी (काली डांगरी) 06
8. कैप 06
9. बेल्ट (काला एवं हरा) 02 प्रत्येक
10. बैग (काला पिट्ठू बैंग) 10
11. जंगल जूते (लिबर्टी) 01 जोड़ी
12. जैरी केन (प्लास्टिक) 20 नग
13. मेडिसिन बॉक्स 04
14. एल्यूमिनियम पाटिला 4,
15. स्टील मैग 08
16. टिफिन बॉक्स 06
17. चावल 25 कि.ग्रा
18. दाल 25 कि.ग्रा

# सांसद विष्णु दयाल राम ने की बंद ट्रेनों के परिचालन करने की मांग

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को सौंपा मांग पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात कर प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन, रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का परिचालन जारी रखने एवं पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एलएचएस बनाने का अनुरोध किया। राम ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से इस बात की जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक अथवा टाटानगर-पुरूलिया-मुरी-गया वाराणसी तक चलाने के लिए रूट का फाईनल सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद रेलवे मंत्रालय द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि किस रूट पर वन्दे भारत ट्रेन को चलाया जाय। सांसद ने कहा कि उपरोक्त बिन्दुओं पर केंद्रीय रेलवे मंत्री को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहता हूं कि प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को यदि जपला होकर चलाया जाता है तो इस रूट पर यात्री भी मिलेगें, इस रूट पर वाराणसी के लिए गाड़ी भी कम है तथा जो गाड़ियां है भी पूरी तरह से भरी जाती है इसके अतिरिक्त रांची-गढ़वा रोड से सेक्शन का स्पीड भी 100 किमी तथा गढ़वा रोड डीओएसका सेक्शन स्पीड 120। इतना ही नही इस रूट पर पड़ने वाले चारों जिले लोहरदगा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आते हैं।

जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की आदरणीय प्रधानमंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना भी है। सांसद ने कहा कि कि प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला मार्ग पर चलाने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें। रांची से पटना जाने के लिए वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ हो गया है जिसके मार्ग में हजारीबाग, गिरीडीह एवं कोडरमा जिला पड़ते हैं जो झारखंड राज्य के हैं और रांची-पटना वन्दे भारत ट्रेन से कनेक्ट हो गए हैं। इसलिए प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक चलायी जाय। कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने की मांग की गयी है। रॉची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने की मॉग की गयी है। विदित है कि उक्त स्टेशन पर एक मात्र चोपन गोमो पैसेंजर ट्रेन रूकती है तथा कोई भी अन्य पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया है। मेराल स्टेशन से रमना स्टेशन एवं गढ़वा स्टेशन की दूरी लगभग 11-11 किलोमीटर है जिसके कारण यहाँ की जनता को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।

हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का ठंढ के मौसम में रेलवे द्वारा कोहरे के कारण 4 दिसम्बर 2023 से 1 मार्च 2024 तक परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया गया है। सांसद के उपरोक्त मांगों पर चेयरमैन रेलवे बोर्ड के द्वारा यथाशीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है।

## स्पीड न्यूज़

### एसएसएमएस डिग्री कॉलेज तरहसी में स्कॉलरशिप का किया गया वितरण



**तरहसी पलामू।** इंद्राणी बृजदेव सहाय फाउंडेशन के बैनर तले सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय तरहसी में आई बी एस फाउंडेशन के तहत टापर छात्र छात्राओं के बीच वार्षिक स्कॉलरशिप का वितरण किया गया। जिसमें कमल इंद्राणी बृजदेव सहाय फाउंडेशन की ओर से वर्ष 2023 के लिए सत्र 2019- 2022 के महाविद्यालय कॉमर्स की टॉपर छात्रा आकांक्षा कुमारी को 7500 का चेक प्रदान किया गया। जबकि मोहम्मद बरकत अली उर्दू विषय के टॉपर छात्र को 7500 का चेक वितरण किया गया। इंद्राणी बृजदेव सहाय के सदस्य सुधीर कुमार सहाय ने सभी को चेक प्रदान किया। जबकि इंद्राणी बृजदेव सहाय मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2023 में मैट्रिक की टॉपर सामान्य वर्ग की छात्रा रूनी कुमारी इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा, एस्ट्रोनॉट उच्च विद्यालय सिलदिलिया के छात्र सनी कुमार एवं पिछड़ा वर्ग से गोवंडी उच्च विद्यालय के टिंकू कुमार को इंद्राणी बृजदेव सहाय ट्रस्ट के सचिव गौतम कुमार एवं सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री कॉलेज गवर्निंग बॉडी (जी बी,)के अध्यक्ष सह पूर्व रजिस्टर एन पी यू के प्रकाश वर्मा के हाथों ?6000 का चेक प्रदान किया गया। इंद्राणी बृजदेव सहाय ट्रस्ट की ओर से इंद्राणी बृजदेव सहाय उच्च विद्यालय के पांचवी कक्षा के टॉपर छात्र-छात्रा शशि वाला कुमारी, प्रतिभा कुमारी एवं विवेक कुमार सिंह को ?1000 का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित इंद्राणी बृजदेव सहाय फाउंडेशन के सचिव गौतम सहाय, सदस्य सुधीर कुमार सहाय एवं सदस्य प्रकाश वर्मा, तरहसी मुखिया पंकज कुमार सिंह, ग्रामीण बागेश्वर पांडे, आशुतोष मिश्रा, लक्ष्मीकांत पांडे एवं कॉलेज के ठअअउ सलाहकार संतोष अग्रवाल ने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में महाविद्यालय स्थापित होने के फायदे पर प्रकाश डाला वक्ताओं ने कहा कि छात्रवृत्ति प्रदान करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में मनोबल बढ़ाना है, विद्यार्थियों में प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने का अवसर भी प्रदान करना है मंच का संचालन राम प्रवेश पांडे अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रभाकर ओझा ने किया मौके पर महाविद्यालय के कार्मिक, अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

### नुक्कड़ सभा के माध्यम से जल जीवन मिशन की दी गयी जानकारी



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में जागरूकता हेतु पेयजल विभाग के समन्वय संस्था कोडरमा द्वारा नल जल कनेक्शन, जल संचयन, स्वच्छता विषय पर, लोक गीत, नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकार प्रकाश ठाकुर,अमन मिश्रा प्रभात तिवारी, कुंदन चौधरी, अरूण पासवान ने नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। गुरुवार को जोगा पंचायत के जोगा, बिरजा, दरुआ, कल्याणपुर, भीतिहारा में नुक्कड़ सभा किया गया। यह कार्यक्रम जलापूर्ति कनेक्शन वाले गांवों में किया जा रहा है। संचालन करते दयानिधि पाण्डेय ने लोगों को अगली पीढ़ी के लिए जल का सीमीत उपयोग के साथ संचय की बात बताया। मौके पर ग्रामीण मौजूद थे।


### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुलबॉल टूर्नामेंट पर जोगा पंचायत का कब्जा



विजेता शील्ड के साथ जोगा पंचायत के खिलाड़ी।

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के गांधी उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमे प्रखंड क्षेत्र के जोगा पंचायत व मुरमाकला पंचायत के बीच खेला गया। जिसमे जोगा की टीम ने मुरमाकला टीम को एक गोल से पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमाया। जोगा पंचायत की हुई जीत पर मुखिया कमला देवी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### बरवाडीह में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**पाटन पलामू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शीवीर का आयोजन पाटन प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा एवं बरवाडीह पंचायत के मुखिया जयशंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शीवीर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन लिया गया। पाटन बीडीओ व सीओ ने सरकार आपके द्वार शिविर का निरीक्षण किया। मौके पर मुखिया जयशंकर प्रसाद ने लाभुकों को सरकारी योजना का लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें लोग : बीडीओ अभिषेक कुमार

## धावाडीह पंचायत सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें मौसम खराब रहने के बावजूद ग्रामीण जनता की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक कुमार पांडेय, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया रिंकी यादव, सुधीर मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लोग उठाएं। बीडीओ अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा कि जरूरत मंद लोग अपनी समस्या को जनता दरबार के माध्यम रखे उसका निष्पादन किया जाएगा। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि सरकार आपके द्वार आयी है आप जितना लाभ लेना चाहते हैं ले सकते हैं। मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि जनता दरबार का आयोजन सभी पंचायतों में करना सरकार की अच्छी पहल है। इसके आयोजन से लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा छात्र छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का डेमो चेक वितरण किया गया। वहीं रोजगार कार्ड, कंबल, धोती साड़ी, स्कूली बच्चों के बीच बैग तथा ड्रेस का वितरण किया गया। गुरु जी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन, सावित्रीबाई फुले योजना के अलावा कृषि, स्वास्थ्य,सखी समूह मंडल की महिलाओं को भी लाभान्वित किया गया। मौके पर पंचायत सचिव सूर्यदेव विश्वकर्मा, एम ओ अरविंद कुमार, सुरेश चौधरी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# 15 करोड़ से बनेंगी मोहम्मदगंज की चार सड़कें जल्द निकाली जायेगी निविदा : कमलेश सिंह

## सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता



कमलेश कुमार सिंह। (फाइल फोटो)

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद की चीर प्रतीक्षित हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक पथ के अलावा मोहम्मदगंज प्रखंड की अन्य तीन ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक एक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर 20 प्रतिशत गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन सड़को की स्वीकृति मिली है उसमे हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बटउवा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बरदंडा स्कूल भाया कावलपुरा करारिया गोराडीह रोड तक व बीटी रोड भली से मोहम्मदगंज पथ वाया बेगमपुरा तक पथ शामिल है। सिंह ने कहा कि स्वीकृत सभी सड़को की शीघ्र निविदा निकलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इन सड़कों पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च आयेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग विकास को लेकर सवाल उठाने का काम करते हैं, उन्हे पीछे के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल का भी आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं कोई समस्या है तो क्षेत्र का कोई भी नागरिक उन्हें जानकारी दें। उसका समाधान सम्मान के साथ किया जाएगा।

## 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत 08 दिसंबर दिन शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया के अन्य ग्राम में, हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा पंचायत में, हुसैनाबाद प्रखंड के दरुआबेनी पंचायत में, पीपरा प्रखंड के सरैया के अन्य ग्राम में, हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा पंचायत में, नौडीहा प्रखंड के खैरादौहर पंचायत में, छतरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत में, विश्रामपुर प्रखंड के गुरहकला पंचायत मुख्यालय में, नावाबाजार प्रखंड के इटको मुख्यालय में, पड़वा प्रखंड के कजरी मुख्यालय में, चैनपुर प्रखण्ड के कोशियारा पंचायत में, रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द मुख्यालय में, सदर मेदिनीनगर प्रखंड के सुआ पंचायत में, पाटन प्रखण्ड के मेराल पंचायत में, मनातू प्रखण्ड के डुमरी मुख्यालय में, तरहसी प्रखंड के मंझौली-2 पंचायत में, नीलांबर पिताम्बरपुर प्रखंड के कुराइन पतरा पंचायत में और पांकी प्रखण्ड के माडन पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पर्यावरण धर्म को नहीं अपनाया, तो आने वाली पीढ़ी हो जायेगी विकलांग : कौशल किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता



**विंढमगंज/सोनभद्र।** पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सोनभद्र जिले के विंढमगंज रघुवर लॉज में आयोजित शादी समारोह में शामिल सभी बरातियों एवं नवदंपति को पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

पलामू जिले के छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के निवासी रघुनाथ प्रसाद जायसवाल के पुत्र आलोक कुमार जायसवाल एवं विंधमगंज के महेंद्र जायसवाल के पुत्री सत्य जायसवाल की शादी विंढमगंज के रघुवर लॉज में बुधवार को सम्पन्न हुई। पर्यावरणविद कौशल किशोर ने आशीर्वाद स्वरुप सभी बरातियों व वर-वधू को थाईलैंड प्रजाति के बराहमासी आम का पौधा देकर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुख सुविधाओं का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। समारोह में कंचन देवी, मधु देवी, पंडित शंभू मिश्रा, नंदलाल तिवारी, योगेंद्र प्रसाद, रघुवंश प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, गिरीश कुमा रविंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, संजय जायसवाल, रामजी प्रसाद, सुमित कुमार, अमन कुमार, लखन प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सूरज, गोकुल राज, दीपक, प्रिंस जायसवाल, मृत्युंजय विश्वकर्मा, सयदेव प्रसाद, विजय यादव, रजनी, रिंकी, ललिता, पिंकी, स्वीटी, लवली, गुड्डी, धर्मदेव यादव, सरोज कुमार, अजीत कुमार जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, प्राचीन जायसवाल, नंदू प्रजापति, सविता देवी, नुनी, रानी आदि शामिल थी।

# आंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर निकाली गयी शोभायात्रा



**मेदिनीनगर।** डॉ भीमराव आंबेडकर छात्रावास के छात्रों ने छात्रावास में बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर शोभायात्रा निकाली और अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर सभा का समापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र अनुराग कुमार भारती ने किया । मौके पर भारती ने कहा कि जिस तरह से बाबा साहब ने कठिन परिस्थिति में होकर भी उन्होंने अपने पढ़ाई को पूरा किया और इस भारत देश को विश्व का सबसे सुंदर लिखित संविधान देकर उच्च नीच छुआछूत मिटाकर सबको बराबर का अधिकार दिया। संविधान बनने से पहले जिस तरह से इस देश की महिलाओं पर अत्याचार शोषण किया जाता था इन सब महिलाओं को आज मुखिया से लेकर राष्ट्रपति तक बनने का अधिकार कोई दिया है तो वो भारतीय संविधान ने दिया है। भारतीय संविधान से छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन यशवंत कुमार पासवान ने किया। शोभा यात्रा में छात्र परमानंद कटारिया, दीपक कुमार, राजकुमार पासवान, उपेंद्र कुमार, सुमंत, चंदन सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद विष्णुदेव


खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के लिधकी पूर्व में शहीद विष्णुदेव सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं फूल माला अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चैनपुर उत्तरी जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया जी ने शहीद को याद करते हुए कहा कि कम उम्र में गरीब घर का लड़का नौकरी लेकर जिस प्रकार अपना जान न्यौछावर कर दिया ये अपने आप में इतिहास बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने शहीद को याद करते हुए भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का जोरदार नारा लगाया । बारिश के मौसम में भी ग्रामीणों की उपस्थिति कार्यक्रम स्थल पर बनी रही। लोगों की आंखें नम हो गई। कार्यक्रम में पूर्वडीहा पंचायत के पंसस पति प्रदीप दूबे, पूर्व मुखिया धनंजय दूबे, विकास दूबे, अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह, रवि पाल, बबन सिंह, मनोरंजन चौधरी, अनुज ठाकुर, जितेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, जारद हुसैन, विरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक संजीव तिवारी, मनोहर कुमार, अशोक प्रजापति कई लोग उपस्थित हुए।


# लगातार हो रही बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** लगातार हो रहे चक्रवर्ती बारिस के कारण धान की फसल को भारी नुकसान हुई है। किसानों ने सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है। खेत में पानी भरने से कटी हुई धान की फसल खराब होने के कगार पर है। वहीं बारिश से खेत में काटी गई धान की बोलियों में अंकुर होने लगा है तथा सड़ने की संभावना बढ़ गई है। इससे किसानों में चिंता की लकीरें बढ़ गई है किसान खासे परेशान है ग्राम पंचायत बैरांव के किसान रामराज मेहता ने कहा है कि खेतों में लगाए गए। धान की फसल को कटनी करवाई जा रही थी कि अचानक दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने धान की फसल को बर्बाद कर दिया है इससे इस क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के फसल बर्बाद होने की कगार पर है। इन्होंने राज्य सरकार से मांग किया है कि किसानों की बर्बाद हुए धान की फसल की क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाए, जिससे किसान अपना जीवकोपार्जन कर सकें।

## पाटन : वाहन की चपेट में आकर एक की मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत महुलिया ग्राम निवासी प्रिन्स पाण्डेय पिता विजय पाण्डेय उम्र लगभग पच्चीस वर्ष की मौत अज्ञात वाहन के धक्के से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रिन्स पाण्डेय अपने साढु के साथ अपने बाइक से अपने मौसी के घर शादी समारोह में चिलहकी विहार जा रहा था। उसी क्रम में कहुआ खोह छतरपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आये गये। इस घटना में प्रिन्स पाण्डेय मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव आते ही महुलिया ग्राम तथा आसपास के ग्रामीणों ने शव घर पर पहुंचते ही उनके घर पहुंच कर इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी। इसकी सुचना पाते ही पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह उनके घर पहुंच कर परिवार वालों को ढांढस बंधाया तथा शव यात्रा में शामिल हुए।

# हाइवा व बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौत, सवार जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सतभूरवा नहर पुल के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को हाइवा ट्रक तथा बाइक की टक्कर हो गई। इससे बाइक चालक प्रिंस पांडेय 26 वर्ष पिता विजय पांडेय की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार लवकुश पांडेय 30 वर्ष पिता सुनील पांडेय घायल हो गया। दोनों पाटन थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के रहने वाले है। साथ ही आपस मे साढू का रिश्ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति बाइक से बिहार के अम्बा, चिल्की गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर हाइवा ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। इससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा हेलमेट पहनने के बावजूद चालक प्रिंस पांडेय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। साथ ही सड़क पर आवागमन सुचारू किया। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

# मुखिया पति ने किया स्कूली बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण



**विश्रामपुर पलामू।** बघमनवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच ड्रेस और गर्म कपड़े का वितरण किया गया। सभी छात्र छात्राओं के बीच मुखिया पति सह भाजपा नेता मनीष कुमार के नेतृत्व में गर्म वस्त्र वितरण किया गया। जिसमें 39 बच्चो को गर्म कपड़ा और ड्रेस दिया गया। साथ ही 206 छात्र छात्राओं के खाता में पैसा ट्रान्सफर किया गया है। मौके पर प्रधाना ध्यापक जितेन्द्र कुमार, शिक्षक अरविन्द कुमार, सतीश कुमार, वार्ड सदस्य पति प्रमोद चौधरी, कृष्णा विश्वकर्मा, कृष्णा यादव, भोजपुरी गायक विजय बावली समेत कई लोग शामिल थे।

# उंटारी रोड : भाजपा महिला मोर्चा की प्रखंड कमिटी को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर के अध्यक्षता में इस कार्यक्रम को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं राष्ट्रगान गाकर किया गया। प्रखंड के महिला मोर्चा के सदस्यो को जिला महिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता एवं ऊंटरी रोड महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह के द्वारा अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार तीन राज्यों में बीजेपी के भारी बहुमतों से जीत हुई है उसी प्रकार हम लोग को भी मिलजुल कर अपने राज्य में भी भाजपा की सरकार बनानी है और ऐसे घटिया हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम में महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, रामसुंदर विश्वकर्मा, राजकुमार चंद्रवंशी, गनौरी मेहता, कांति देवी, रीभा देवी, कुंती देवी, नगीना देवी, कुंती देवी, रिंकू देवी, सुमन देवी, कुंती देवी, अनीता देवी, विमला देवी, सीमा देवी, निक्कू देवी, प्रमिला देवी, सुरति देवी, मंजू देवी, रिंकी देवी, कांति देवी एवं सोशल मीडिया प्रभारी अजीत कुमार चंद्रवंशी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## कोयला चोरों ने गश्ती दल की जीप को मारी टक्कर एएसआइ घायल




**धनबाद।** निरसा क्षेत्र में कोयला चोरों का मनोबल कितना ऊंचा है उसका ताजा उदाहरण बीती रात उस समय देखने को मिली जब निरसा थाना की पुलिस रात्रि गश्ती के लिये निकली थी। निरसा के शाशनबेरिया के निकट जीटी रोड पर कोयला लोड वाहन का पीछा कर रहे थे तभी पीछे से अवैध कोयले के धंधेबाजों ने पुलिस गशतीदल के जीप को जोरदार टक्कर मार दी जिससे गशतीदल इंचार्ज एएसआई बिनोद सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । दल के अन्य पुलिस बल को भी चोटें आई। घटना मध्य रात्रि लगभग 11 बजे की बाद कि बताई जाती है । सूत्र के अनुसार घटना के बाद घायल एएसआई बिनोद सिंह को धनबाद असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और इलाज चल रहा है। जानकर बतातें हैं कि कोयला चोर कितने शशक्त और निर्भीक हो गए हैं कि अब वे पुलिस पर ही हमला करने लग गए हैं। कहीं ना कहीं यह जिला पुलिस की नाकामी का नतीजा है, जिसके कारण कोयला चोरों की मनोबल सातवे आसमान में हैं।

## पूर्वी टुंडी में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मोहलीडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय पंचायत की मुखिया बुलू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेश कुमार चौरसिया, आदि उपस्थित हुए। लगातार 2 दिन से हो रहे हैं बर्षा के बावजूद स्थानीय पंचायत के सैकड़ो लोगों की भीड़ देखी गई।अबुआ आवास को लेकर लोगों ने सबसे अधिक आवेदन जमा किए। मौके पर पेंशन स्वीकृति पत्र, साड़ी, धोती, कंबल, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड आदि वितरण किया गया। मौके पर संतलाल बाबा, नरेश महतो,काजल कुमार आदि मौजूद रहे।

## चिरकुंडा शाखा में लगा रक्तदान शिविर

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा एचडीएफसी बैंक चिरकुंडा शाखा द्वारा गुरुवार को शाखा परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदाताओं ने अपना रक्त दान किया। मौके पर डा.आई एम सिंह और डा.एस के केशरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है सभी लोगों को अपने डॉक्टर से सलाह लेकर तीन महीने बाद रक्तदान करना चाहिए।बहुत लोगों को यह भ्रम है कि रक्त दान से किसी प्रकार की कोई कमजोरी होती है।ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने एचडीएफसी बैंक द्वारा चलाए जा रहे इस मुहिम की काफी सरहाना की और कहा कि जरूरत है इस कार्यक्रम को गांव-गांव में किए जाएं और लोगों को रक्तदान को जागरूक किया जाए।

## होटल शान ए बिहार का उद्घाटन

**धनबाद।** गुरुवार को बारामुड़ी बिरसा मुंडा चौक के समीप होटल शान ए बिहार का समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। होटल शान ए बिहार के प्रोपराइटर राम लगन सिंह ने उदय प्रताप सिंह को बुके भेंटकर स्वागत किया।

### बोकारो पहुंचे सेल चेयरमैन ने कहा, 35 मिलियन टन उत्पादन क्षमता का है लक्ष्य

# भारत में स्टील उद्योग का भविष्य बेहतर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पहुंचे सेल चेयरमैन ने सेल की क्षमता 35 मिलियन टन बढ़ाने के लक्ष्य के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में स्टील उद्योग का भविष्य अच्छा है. उन्होंने बताया कि सेल द्वारा डीकाबोर्नाइजेशन के लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है। सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश का बयान देश में स्टील की खपत में बढ़ोतरी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार पर नजर डालें तो पूरी दुनिया में स्टील की ग्रोथ एक फीसदी है, जबकि भारत में यह करीब 14 फीसदी है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि भारत में स्टील उद्योग का भविष्य काफी अच्छा है. रअक्छ के सभी प्लांट 94% क्षमता पर स्टील का उत्पादन कर रहे हैं, जो सामान्य समय से कहीं अधिक है। ये बातें सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने गुरुवार को अपने बोकारो दौरे के दौरान मीडिया से बात करते हुए कही. सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान बोकारो पहुंचे थे।




### उत्पादन क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य

सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि भविष्य में सेल के सभी स्टील प्लांटों का विस्तार करना है, जिसकी क्षमता 35 मिलियन टन होनी है, जो वर्ष 2030 तक पूरी हो जायेगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान में बोकारो स्टील प्लांट की क्षमता साढ़े चार मिलियन टन है, जिसे बढ़ाकर बोकारो और राउलकेला तक साढ़े सात मिलियन टन करना है। वर्णपुर में लगभग सात और दुर्गापुर में 6 मिलियन टन होगा। डीकाबोर्नाइजेशन पर हो रहा रोड मैप तैयारः डीकाबोर्नाइजेशन प्राथमिकता में जुटे सेल चेयरमैन ने कहा कि कंपनी ने कुछ अन्य प्राथमिकताएं भी तय की हैं. उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता डीकाबोर्नाइजेशन है। पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। स्टील इंडस्ट्रीज भी इस पर काम कर रही है और इस पर चर्चा भी कर रही है। उन्होंने कहा कि सेल भी इस संबंध में अपना रोड मैप तैयार कर रहा है। इसको लेकर हम आपके बीच आने का काम करेंगे, ताकि हमने जो भी बात अपने रोडमैप में कही है, उस पर सवाल पूछे जा सके।

### एलॉय की उत्पादन क्षमता बढ़ाने की जरूरत

स्टील प्लांट में पावर के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर विकसित देशों को देखें तो वहां एक कर्मचारी हर साल 1600 टन स्टील का उत्पादन करता है लेकिन हमारे देश में यह आंकड़ा बहुत कम है। यहां का एक कर्मचारी हर साल 650 टन स्टील का उत्पादन करता है। हमें इसे बढ़ाना है और हमें इसे 1000 करना है, इसलिए इसका लक्ष्य 2030 रखा गया है. हम प्लांट के विस्तार के साथ-साथ इस पर काम करेंगे।

एक नजर में

## बेमौसम बारिश से किसानों के धान की फसल हुई बर्बाद



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड में दो दिनों की लगातार बारिश से धान और सब्जी की फसलों का काफी नुकसान पहुंचा है। लगातार हो रही बारिश से पूरा खेत पानी में डूबा हुआ है। बेमौसम बारिश ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। बड़े पैमाने पर धान की फसल को क्षति पहुंची है। वहीं साग.सब्जी की फसल पर भी भारी असर पड़ा है। लाचार किसान किस्मत का रोना रो रहे हैं। किसानों का कहना है कि कर्ज लेकर खेती की थी। अब फसल ही बर्बाद हो गई तो कर्ज कैसे चुकता कर पाएंगे। वहीं किसानों के पेट पालने को लेकर भी चिंता खाए जा रही है। धान की फसल कटने के समय ही बारिश होने के कारण गांव के कुछ खेत पानी में डूबा हुआ है और अधिकांश खेतों में पानी भर गया है। किसानों ने कहा कि किसी तरह उधारी लेकर या लोन लेकर गांव के किसान धान की खेती की थी परंतु असमय बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों ने कहा कि धान कटनी के समय ही दो दिनों से हो रही बारिश के कारण किसान अपनी तैयार फसलों की कटाई कर खलिहानों तक नहीं पहुंचा पाए हैं जिस कारण पानी में डूबा हुआ है। किसानों की कमर टूट गई है।

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे में बहाल हो सुविधा : जीतू पासवान

### आजसू पार्टी का एकदिवसीय धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** एनएच 32 मुख्यमार्ग धनबाद बोकारो के मुख्यमार्ग पर स्थित स्वास्थ केंद्र में आजसू पार्टी के बैनर तले करकेन्द शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के सामने स्वास्थ्य के केंद्र में मूलभूत सुबिधा हेतु दस सूत्री मांगों को लेकर शान्तिपूर्ण एक दिवसीय धरना दिया।इस धरने की अध्यक्षता जीतू पासवान मंच संचालन संतोष पासवान एवं धरने में मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने सम्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में मुलभुत सुबिधा बहाल करने के लिये राज्य सरकार व धनबाद शल्य असैनिक चिकित्सा पदाधिकारी से इससे पूर्व भी हम आंदोलन किया था।जिसमे अभी तक स्वास्थ्य केंद्र में सुधार नही हुआ।धनबाद जिला अंतर्गत वार्ड नं0 9 मे एक मात्र शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केंदुआडीह में है। जिसमे तीन थाना ओर तीन ओ0पी0 क्षेत्र पड़ता है। पुटकी थाना, केंदुआडीह थाना, लोयाबाद थाना, भागाबन्ध ओ0पी0, मुनीडीह ओ0पी0, गोन्दुडीह ओ0पी0 के अंतर्गत वार्ड नं0-7,8,9,10,11,12,13 एवं 9 पंचायत पड़ता है।इन सभी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग दो से ढाई लाख की धनी आवादी के लोग इस स्वास्थ्य केंद्र में समुचित स्वास्थ्य व्यबस्था नही होने के कारण उपचार के लिये लोगो को कठिनाई का सामना करना पर रहा है।

## जिलास्तरीय युवा महोत्सव में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो ।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची एवं जिला प्रशासन बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी कुमारी हेमलता बून जिला ओलिम्पिक संघ के महासचिव गोपाल ठाकुर एवं विद्यालय के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के तहत हेल्थ एवं फिटनेस आधारित प्रतियोगिताओ व गतिविधियों के अंतर्गत लोक.नृत्य लोक गायन कहानी लेखन पोस्टर निर्माण डेक्लामेशन फोटोग्राफी युवाकृति हस्तशिल्प आदि कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष तक के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों एवं संस्था के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायकों में उमेश कुमार महतो उत्तम कुमार प्रजापति चौहान महतो रितेश कुमार संजय कुमार आदि थे। सामूहिक लोक नृत्य में उएसएस उच्च विद्यालय बेरेकेला स्लो सोंग में मनीषा कुमारी खलको कहानी लेखन में राकेश कुमार महतो पोस्टर निर्माण में निक्की शर्मा भाषण में रिचा पाण्डेय सोलो डांस में वेदिका तथा फोटोग्राफी में रोहित राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## बौद्धिक दिव्यांगजन अभिभावक जागरूक शिविर आयोजित

**पुटकी।** गुरुवार को पुटकी स्थित श्रमिक क्लब में बौद्धिक दिव्यांगजन अभिभावक जागरूक अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 में पदस्थापित क्षेत्रीय विद्युत एवं यांत्रिक अभियंता अरुण कुमार केसरी के पुत्री अमृता केसरी एवं धर्म पत्नी वंदना केसरी ने दिव्यांग बच्चों से मिला एवं उनके दिनचर्या की जानकारी ली। अमृता केसरी ने कहा दिव्यांग कोई श्राप नहीं है आप भी अपने भविष्य को बना सकते हैं।

## इपीएस 95 के पेंशनरों की पेंशन राशि में बढ़ोतरी को प्रधानमंत्री के नाम पत्र : सेवा सिंह

**सिंदरी।** दिल्ली में गुरुवार को नेशनल ऐजिटेशन कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एशोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है। यह पत्र एसडीपीओ सिंदरी के द्वारा भेजा गया है। इसकी प्रतिलिपि इ मेल के जरिए एफसीआईएल प्रबंधन को भी भेजा गया है। उक्त जानकारी देते हुए ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि देश के वरिष्ठ नागरिकों सहित इपीएस 95 के पेंशनरों की पेंशन राशि मात्र 1100 रुपए केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इसमें विगत 20 वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। वहीं बढ़ती महँगाई को देखते हुए इसकी राशि को डीए सहित 7500 मासिक करने के लिए दिल्ली में धरना जारी है। इसमें पूरे देश से इपीएस 95 पेंशनधारियों का जमावड़ा लगा है। इस माँग का पुरजोर समर्थन करते हुए एशोसिएशन ने भी एसडीपीओ सिंदरी अभिषेक कुमार के द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है। इससे वृद्ध पेंशनधारियों को जीवन यापन में आसानी होगी।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय,प्रखण्ड परिसर,चतरा-825401,दूरभाषः (06541)253924
इमेल-chatrajepc@ymail.com

आम सूचना

विज्ञापन संख्या 1087 दिनांक 01.09.2023 के माध्यम से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय (कान्हाचट्टी एवं मयुरहण्ड) विज्ञापन संख्या 1052 दिनांक 21.08.2023 के आलोक में पूर्णकालिक विषय शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन के आलोक में चयन समिति द्वारा अन्तर्वीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि की जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है। शिक्षिका के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.12.2023 से दिनांक 13.12.2023 तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, विकास भवन, चतरा में आयोजित अन्तर्वीक्षा में अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव एवं अन्य मूल प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर अन्तर्वीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र.स. | आवेदित विषय | आवेदित कक्षा | साक्षात्कार हेतु तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षिका | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 2 | विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 3 | भाषा शिक्षिका(हिन्दी/अंग्रेजी) | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 4 | गणित | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 5 | शारीरिक शिक्षिका | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 6 | विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 7 | समाजिक विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 8 | अर्थशास्त्र | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 9 | विज्ञान(रसायन विज्ञान/जीवविज्ञान) | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 10 | समाजिक विज्ञान | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 11 | गणित/भौतिकी | 9-12 | 13-12-2023 | JBAV |
| 12 | भाषा शिक्षिका(हिन्दी/अंग्रेजी) | 9-12 | 13-12-2023 | JBAV |

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,झा0शि0प0,चतरा

PR 312899 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

## ऑन द स्पॉट विकास योजनाओं का लाभ मिलने से हर्षित हैं लाभुक

### सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर प्रखंड के बिरसिंगपुर पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत की ललिता कुमारी को ऑन द स्पॉट जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र मिला। प्रमाण पत्र की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। लाभुकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे बहुत दिनों से जाति प्रमाण पत्र के लिए बनवाने के लिए परेशान थे। जब उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार रथ से पता चला कि उनके पंचायत में शिविर लगी है तो आज सुबह शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित किया। लगभग 1 घंटे में कागजात की जांच कर उनका जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के सहारे मिलने वाले विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं के लाभ वह प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने दोबारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही सभी लाभुकों के बीच हर्ष का माहौल बना हुआ है।



### स्वयं सहायता समूह को 3.5 लाख का मिला ऋण

**धनबाद।** गुरुवार को तोपचांची प्रखंड के घुनघासा पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर के दौरान जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित एवं संचालित स्वयं सहायता समूह को 3 .5 लाख का सीआईएफ ऋण प्रदान किया गया। इसको लेकर सभी स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। दीदियों ने बताया कि इस ऋण राशि का प्रयोग वह गौ पालन, बकरी पालन, राशन दुकान संचालक समेत अन्य व्यापार कर आजीविका हेतु करेंगे, जिससे उनके आर्थिक विकास में काफी सहायता मिलेगी। साथ ही समूह के सदस्यों के बीच पहचान पत्र एवं 30 फलदार पौधे का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित एवं संचालित स्वयं सहायता समूह की सभी दीदियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट करते हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिले लाभ हेतु धन्यवाद बोला।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................ /

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 25/2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :- 15.12.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 16.12.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 16.12.2023 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :-क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।

कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation and 1 No. Deep Bore well at Gram Nyayalaya Jhumri Telaiya, Koderma | 10,34,611.00 | 2500.00 | 20700.00 | 45 Days |
| 2 | Construction of Steel Rack & Repair of Form Room in Civil Court Koderma | 9,89,487.00 | 1250.00 | 20000.00 | 1 Month |
| 3 | Emergent work of Electrical work and fitting in 12 Court Building and Parking shed in Campus of Civil Court Koderma | 7,13,236.00 | 1250.00 | 14500.00 | 1 Month |
| 4 | Emergent work of Laying of Parking Tiles in Footpath at PDJ Residence Koderma | 9,96,115.00 | 1250.00 | 20000.00 | 1 Month |
| 5 | Emergent work such as Beautification of Corridor of PDJ Building in Civil Court Koderma | 6,89,284.00 | 1250.00 | 14000.00 | 1 Month |
| 6 | Emergent work such as Laying of Paver Block, Plinth Protection and PCC Road around Motor cycle and Car Parking in Civil Court Koderma | 14,73,769.00 | 2500.00 | 30000.00 | 45 Days |
| 7 | Repair and Painting of Building of Copy Department in Premises of Civil Court Koderma | 9,63,710.00 | 1250.00 | 20000.00 | 1 Month |
| 8 | Installation of 25.00 Nos Three Seater Waiting Chair in Premises of Civil Court Koderma | 4,46,925.00 | 750.00 | 9000.00 | 15 Days |
| 9 | Repair & Renovation work of DC Residence, Guard Room and Boundary wall near Raja Talab Koderma | 48,37,700.00 | 5000.00 | 97000.00 | 3 Month |
| 10 | Repair of Sale Tax Office Building (Inside) with Sanitary & Water Supply | 24,83,143.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 Month |
| 11 | Renovation to Outer Side of Sale Tax Office Building and Construction of Flag Hoisting Platform with Granite work & Water Supply work at Koderma | 23,85,226.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 Month |
| 12 | Renovation of District Ayush Medical Office Building and Construction of Boundary wall in Campus of Sadar Hospital Koderma | 24,82,493.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR312929 (Building)23-24*D

## 'रन फॉर क्लीन एयर' दौड़ में शामिल होंगी झरिया विधायक

### झरिया में प्रदूषण के खिलाफ 14 दिसंबर को होगी दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ 14 दिसम्बर को आयोजित रन फॉर क्लीन एयर को लेकर गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह से मिला एवं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया । विधायक ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने पर सहमति जताई । झरिया में वायु प्रदूषण की स्थिति का उल्लेख करते हुए आवेदन दे कर इस मुद्दे को विधानसभा के पटल पर रखने की अपील की गई । आवेदन में कहा गया कि झरिया के चारो तरफ आउटसोर्सिंग के तहत कोयला की खुली खदानों मे खनन चल रही है जिसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है । जला हुआ कोयला का राख ओवर बर्डेन के साथ शहर की घनी आबादी के नजदीक गिराया जा रहा है। ऊँचाई पर सुखी राख गिरने के कारण धूल कण उड़ कर शहर में प्रदूषण फैला रहा है जिसके कारण यहाँ के निवासी गंभीर बिमारीयों के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण के कारण लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का ह्रास हो रहा है और लोग स्वांस संबंधित बिमारीयाँ, अस्थमा, न्युमोकोनोसिस, टीवी, कैंसर, मानसिक तनाव जैसी बिमारीयों से ग्रसित हो रहे है। गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। यहाँ के लोगों का औसत उम्र भी कम हो रहा है । प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि यदि ओ बी को पानी के साथ गिराया जाए तो प्रदूषण को रोका जा सकता है। झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि मैं पहले भी प्रदूषण के मुद्दे को विधानसभा में उठाई हूँ । यह एक गंभीर मामला है इसलिए झरिया में वायु प्रदूषण की स्थिति को झारखंड विधानसभा में पुनः उठाउंगी । विधायक ने कहा 14 दिसम्बर को आयोजित रन फॉर क्लीन एयर कार्यक्रम में मैं जरूर आऊंगी। इस जागरूकता कार्यक्रम में आम लोगों को बढ़ चढ़ के हिस्सा लेना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में ग्रीन लाइफ झरिया के डॉ मनोज सिंह, संस्था युथ कॉन्सेप्ट के अखलाक अहमद, चौबीस घंटे आई केयर के डॉ दिलीप कुमार, मुख्य रूप से थे ।

# कर्ज में किसान


राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक यानी नाबार्ड की हालिया रिपोर्ट चौंकाती है कि देशभर के किसानों पर 21 लाख करोड़ का कर्ज शेष है। सबसे बड़ी चिंता की बात तो पंजाब के लिये है, जिसके 89 फीसदी किसान कर्ज के जाल में फंसे हैं। ऐसे में देश में लगातार होने वाली किसानों की आत्महत्याओं का कारण समझना कठिन नहीं है। दरअसल, यह ऋण देश के राष्ट्रीयकृत बैंकों ,निजी बैंकों, सहकारी तथा आंचलिक बैंकों द्वारा दिया गया है। आंकड़े बता रहे हैं कि साढ़े पंद्रह करोड़ खाताधारकों में से प्रत्येक पर एक लाख पैंतीस हजार का कर्ज चढ़ा हुआ है। यह आकंड़ा तो सिर्फ बैंकों का है। यदि इसमें साहूकारों व दूसरे बिचौलियों तथा किसान की खड़ी फसल पर कर्ज देने वाले आढ़तियों का कर्ज भी जोड़ दिया जाये तो स्थिति भयावह रूप में सामने आ सकती है। यह स्थिति साफ बताती है कि किसान के लिये खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। कहने को तो किसानों की आय दुगनी करने के वायदे हुए थे। लेकिन वास्तविक स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि खेती जीवन निर्वाह की उपज देने में भी विफल रही है। जाहिर है किसान के लिये खेती लाभकारी नहीं रही तभी उसे बार-बार कर्ज लेकर घाटे को पूरा करना पड़ रहा है। जो इस कृषि प्रधान देश के लिये गंभीर चुनौती मानी जा सकती है ।दरअसल, किसानों के कर्ज में डूबने की बड़ी वजह प्राकृतिक आपदाओं से खेती को होने वाला नुकसान भी है। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों ने किसानों की उपज को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर खाद, बीज, सिंचाई के साधनों और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में तेजी ने किसान की खाद्यान्न उत्पादन की लागत को बढ़ाया है। जिसके चलते उसका मुनाफा घटा है और खेती जीवन निर्वाह का साधन नहीं बन पायी है।

# नये मुकाम पर बाजार

भारतीय बाजार ने पहली बार ऐतिहासिक $4 ट्रिलियन मार्केट कैप मील का पत्थर छुआ। वर्तमान में, 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक एमकैप क्लब में केवल तीन देश हैं । अमेरिका, चीन और जापान। हांगकांग भी इस क्लब का हिस्सा है, हालांकि, एक बड़ा योगदान अन्य जगहों की कंपनियों का है, मुख्य रूप से चीन का ।बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार मूल्य वर्तमान में 333 ट्रिलियन रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है, जो 4 ट्रिलियन डॉलर में तब्दील होता है।
लगभग 48 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ अमेरिका अब तक दुनिया का सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। इसके बाद चीन ($9.7 ट्रिलियन) और जापान ($6 ट्रिलियन) का स्थान है ।ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, इस कैलेंडर वर्ष में अब तक भारत का मार्केट कैप लगभग 15 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के मार्केट कैप में 5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। टॉप-10 मार्केट कैप क्लब में अमेरिका एकमात्र बाजार है जो भारत की तुलना में 17 फीसदी की तेज गति से बढ़ा है। संयुक्त विश्व बाजार पूंजीकरण इस वर्ष 10 प्रतिशत बढ़कर 106 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इस साल एमकैप में बढ़ोतरी व्यापक बाजार के मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में बढ़त से हुई है। शीर्ष-100 से बाहर के स्टॉक अब देश के मार्केट कैप में 40 प्रतिशत का योगदान करते हैं, जो इस वित्तीय वर्ष की शुरूआत के दौरान 35 प्रतिशत से अधिक है।
1 अप्रैल के बाद से भारत का एमकैप 27 फीसदी बढ़ गया है। इस बीच, शीर्ष 100 कंपनियों का एमकैप 17 प्रतिशत बढ़कर 195 ट्रिलियन रुपये हो गया है, जबकि शीर्ष 100 से बाहर की कंपनियों का बाजार मूल्य 46 प्रतिशत बढ़कर 133 ट्रिलियन रुपये हो गया है। वैश्विक संदर्भ में पूंजीकरण के मामले में भारत एक बड़ा शेयर बाजार है।

# डेटा की कब, क्या और कहां होती है निगरानी





\- देवांशु दत्ता

हाल ही में आई कुछ खोजपरक रिपोर्टों में कहा गया है कि चीन की डेटा एनालिटिक्स कंपनी शेन्हुआ डेटा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी ने करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों से जुड़े आंकड़े जुटाए हैं। इन लोगों में कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हैं। सवाल है कि कोई कंपनी किस तरह ऐसे आंकड़े जुटाती है और उनका विश्लेषण करती है? सच तो यह है कि इनमें से बहुत सारा डेटा सार्वजनिक या अर्द्ध-सार्वजनिक होता है। आज का कोई भी व्यक्ति लगातार डेटा पैदा करता रहता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में निजता को मौलिक अधिकार बताया था लेकिन भारत में निजी डेटा की निजता को सुरक्षा देने वाला कानून अब तक नहीं बना है। इस बारे में प्रस्तावित कानून में सरकार को अपनी मर्जी से हर तरह का डेटा जुटाने की खुली छूट दी गई है, लिहाजा इसके कानून बन जाने पर भी सरकारी निगरानी के खिलाफ नागरिकों को कोई सुरक्षा नहीं मिल पाएगी।

अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं। कुछ लोग अपवर्क और वीवर्क रिमोटली जैसी गिग साइट से भी जुड़े हुए हैं। अकादमिक विशेषज्ञ अपने शोधपत्रों एवं उद्धरणों का जिक्र करते हैं और उनके विश्वविद्यालय से संबद्धता भी ऑनलाइन नजर आती है। ऐसा बहुत सारा डेटा कानूनी तरीके से और आसानी से जुटाया जा सकता है। ये डेटा संग्राहक (कलेक्टर) किसी के कामकाजी जीवन, आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि, मनोरंजन संबंधी पसंद, दोस्तों, राजनीतिक रुझान और सामाजिक दृष्टिकोण जैसे तमाम पहलुओं के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं।

किसी व्यक्ति की किसी जगह पर मौजूदगी संबंधी जानकारी भी उपयोगी होती है। निजता संबंधी प्रस्तावित कानून में भी इसे निजी डेटा नहीं माना गया है। फूड डिलिवरी सेवा और टैक्सी कैब जैसे कई कारोबार स्थान संबंधी जानकारियों पर आधारित होते हैं।

> अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं।

आपके फोन का एक विशिष्ट अतंरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईएमईआई) नंबर होता है। दो सिम वाले फोन में दो आईएमईआई नंबर होते हैं। इस तरह किसी भी हैंडसेट को सिम के साथ ट्रैक किया जा सकता है। हरेक सिम का भी विशिष्ट नंबर होता है। आईएमईआई और सिम के नंबर क्लोन किए जा सकते हैं लेकिन वह न तो आम है और न ही कानूनी।

अगर आपका फोन ऑन होते ही सबसे नजदीकी मोबाइल टावर से संपर्क स्थापित करता है। इस तरह आपके दूरसंचार सेवा प्रदाता को आपकी मौजूदगी वाले क्षेत्र के बारे में पता चल जाता है। अगर फोन में जीपीएस ऑन है तो आपकी वास्तविक लोकेशन भी पता चल जाती है। आरोग्य सेतु ऐप लोकेशन की जानकारी का ही इस्तेमाल करता है। ब्लूटुथ ऑन होने पर भी लोकेशन पता चल जाता है। ऐंड्रॉयड ऑपरेटिंग प्रणाली में वाई-फाई नेटवर्क तलाशने पर लोकेशन डेटा भी दर्ज हो जाता है। इसका मतलब है कि वाई-फाई ऑन रखने से हम अपनी लोकेशन भी बता देते हैं। शॉपिंग मॉल में लगे हार्डवेयर बीकॉन और रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी), मेट्रो पास एवं टॉल पर इस्तेमाल होने वाले स्मार्ट कार्ड से भी लोकेशन की जानकारी मिलती है। विज्ञापनों के सर्वर को भी विज्ञापन की जगह के बारे में पता होता है। इस डेटा को कई तरह से हासिल किया जा सकता है। ऐसे गुमनाम डेटा का बहुत बड़ा बाजार है। थोड़ी अतिरिक्त जानकारी की मदद से गुमनाम डेटा को अक्सर गुमनामी से बाहर निकाला जा सकता है और चिह्नित लोगों के साथ उसे संबद्ध किया जा सकता है। कई हैंडसेट में विनिमार्ता द्वारा क्लॉउड बैकअप सेवा भी दी जाती है। वह क्लॉउड सर्वर लॉगिंग की जगह हो सकता है। उबर और जोमैटो जैसे कई ऐप लोकेशन मांगते हैं। अगर आप फोन सेटिंग्स में जाएं तो पता चलेगा कि कई ऐप लोकेशन डेटा का इस्तेमाल करते हैं। अगर लोकेशन डेटा को एक डिजिटल मानचित्र से जोड़ें और कुछ अन्य सूचनाएं भी मिल जाएं तो हम किसी फोन उपभोक्ता की 24 घंटे की गतिविधियों के बारे में बेहद सटीक अनुमान लगा सकते हैं। इसके अलावा लेनदेन संबंधी डेटा भी होता है। उम्मीद है कि क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड सेवाएं नेटबैंकिंग सेवाओं की तरह सुरक्षित हैं। लेकिन ई-कॉमर्स साइट पर खरीदारी करते समय आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड की जानकारियां भी दर्ज होती हैं और ये साइट उसे स्टोर कर लेती हैं। अगर डेटा कलेक्टर ने शॉपिंग ऐप तक पहुंच हासिल कर ली तो वह लेनदेन संबंधी जानकारियां भी ले सकता है।

जब कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये उन सूचनाओं के अंबार में से पैटर्न तलाशा जाता है तो अचंभित करने वाली बातें होती हैं। डिजिटल मार्केटिंग के एक बड़े हिस्से में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ऐसे विशाल डेटा का इस्तेमाल होता है। नेटफ्लिक्स, यूट्यूब और एमेजॉन पर दर्शक को अगले वीडियो या फिल्म के बारे में सुझाव देने के लिए एल्गोरिद्म का इस्तेमाल होता है। गूगल आपके ईमेल और ऑनलाइन सर्च से मिले पैटर्न के हिसाब से विज्ञापन भी भेजता है।

वर्ष 2012 में अमेरिकी खुदरा विक्रेता टारगेट ने एक बड़े विवाद को जन्म दिया था जब उसने एक उपभोक्ता को होने वाले बच्चे के जन्म का बधाई संदेश भेज दिया था। साइट ने ऑनलाइन सर्च और खरीदारी रुझान के आधार पर बच्चे के जन्म का अंदाजा लगाकर संदेश भेजा था। जबकि वह खरीदार एक नाबालिग लड़की थी और उसके मां-बाप को गर्भावस्था के बारे में कोई खबर नहीं थी। डेटा माइनिंग की सटीकता एवं दायरा दोनों ही अचंभित करता है। मान लीजिए कि आप तिरुवनंतपुरम में चिली बीफ फ्राई ऑर्डर करने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। उस ऑर्डर की रसीद से यह भी पता चल सकता है कि आपने क्या और कहां खाया?

## खास बात

### योग के लिये मानसिक स्थिति

स्वामी मुक्तरथ



योगाभ्यास शुरू करने से पहले सही मानसिक स्थिति क्या है? - योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहारी दुनिया से दूर कर स्वयं पर केंद्रित करें। सुनिश्चित कर लें कि आप इतने थके ना हों कि आसन पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हों अगर थकान ज्यादा हो तो केवल रिलैक्स करने वाले आसन ही करें।

योगाभ्यास के दौरान सही मानसिक स्थिति क्या है? -आप जो आसन कर रहे हैं, उस पर गहरा ध्यान लगायें। शरीर के जिस अंग पर उस आसन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, उस पर अपनी एकाग्रता केंद्रित करें। ऐसा करने से आपको आसान का आशिकतम लाभ मिलेगा। आसन करते समय, श्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। आसन के लिए जो सही श्वास करने का तरीका है वैसा ही करें (कब श्वास अंदर लेना है और बाहर छोड़ना है)। अगर आपको इसका ग्यात ना हो तो जो सामान्य लयबद्ध श्वास रखें।

योग की शुरूआत करने के लिए टिप्स और सुझाव - अगर आप योगाभ्यास जीवन में पहली बार शुरू कर रहे हैं या योग से ज्यादा परिचित नहीं हैं, तो इन बातों का खास ध्यान रखें:

अपने योगाभ्यास को धैर्य और दृढ़ता के साथ करें। अगर आपके शरीर में लचीलापन कम है तो आपको शुरूआत में अधिकतर आसन करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप पहले-पहले आसन ठीक से नहीं कर पा रहे हों तो चिंता ना करें। सभी आसान दोहराव के साथ आसान हो जाएँगे। जिन मांसपेशियों और जोड़ों में खिंचाव कम है, वह सब धीरे-धीरे लचीले हो जाएँगे।

अपने शरीर के साथ जल्दबाजी या जबरदस्ती बिल्कुल ना करें शुरूआत में आप सिर्फ. वही आसन कर सकते हैं जो आप आसानी से कर पायें। बस इतना ध्यान रखिए की आपकी श्वास लयबद्ध हो।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# अध्यात्म की सीढ़ी

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस


**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? ज्ञान मार्तंड श्री स्वामी जी महाराजः हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है। मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है।

.(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम )

हमारे युवा देश का भविष्य हैं। सम्पूर्ण विश्व भारतीय युवाओं को बेहद आशा भरी नजरों से देखता है। उनकी ऊर्जा, विश्वास और जज्बा ही नए भारत के निर्माण का आधार है। आज के संवाद के दौरान एक बार फिर युवाओं में भारत को नवनिर्माण की दिशा में ले जाने वाली सकारात्मकता और उद्यमशीलता दिखाई दी।
**– ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## रोचक ट्वीट

आत्म-अनुशासन वास्तव में सार्थक और महान जीवन कुंजी है।अनुशासित व्यक्ति जीवन के प्रत्येक आयाम पर सफलता शांति और उदात्त आनंद का अनुभव करता है। अतः बाह्यन्तर अनुशासित रहें।
**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





राष्ट्र की स्वतंत्रता तब सार्थक होती है जब जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध पहुंचे।देश महसूस कर रहा है कि 8 साल पहले समग्र स्वतंत्रता की शुरूआत।
**– अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

## कार्टून वर्ल्ड

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया



## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।
**– अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।
**– विवेक, हजारीबाग**

# जैव विविधता पर मंडराता संकट अस्तित्व पर खतरा

## पर्यावरण

मुकुल व्यास

जैव विविधता ने हमारी पृथ्वी को एक जीवंत ग्रह बनाया है। जिस हवा से हम सांस लेते हैं और जो खाना हम खाते हैं,वह सब जैव विविधता पर निर्भर हैं। जैव विविधता दरअसल पृथ्वी के जीवन की संपूर्ण तस्वीर है। पृथ्वी की मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मतम बैक्टीरिया से लेकर समुद्र में पाई जाने वाली वेल मछली तक हर जीव पृथ्वी की जैव विविधता का हिस्सा है। लेकिन जैव विविधता का संबंध सिर्फ प्रजातियों से नहीं है। यह समस्त जीव रूपों और उनके पयार्वास के बीच संबंधों को भी अभिव्यक्त करती है। इसमें समुद्र के सूक्ष्मतम जीव प्लैंक्टन और विशालकाय व्हेल का रिश्ता भी शामिल है जो वायुमंडल में ऑक्सीजन उत्पन्न करने में मदद करते हैं। इसमें बीजों और गैंडों का रिश्ता शामिल है जो जंगल लगाने में मदद करते हैं। इसमें बैक्टीरिया और पौधों का रिश्ता शामिल है जो मिट्टी की रासायनिक संरचना को बदलते हैं। जैव विविधता में प्रत्येक प्रजाति में आनुवंशिक अंतरों के अलावा जंगलों,नदियों,तालाबों, नदियों,रेगिस्तानों और खेतों की विविधता भी शामिल है। जैविक विविधता वाले संसाधन ऐसे मजबूत खंभें हैं जिन पर हम अपनी सभ्यताएं निर्मित करते हैं। करीब 80 प्रतिशत मानव आहार की व्यवस्था पेड़-पौधे करते हैं। विकासशील देशों के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले 80 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों के लिए वनस्पति आधारित दवाओं पर निर्भर हैं। दुनिया के 3 अरब लोगों को 20 प्रतिशत पशु प्रोटीन मछलियों से मिलता है।

मनुष्य जैव विविधता समुदाय का अंग है और हमारी अपनी सांस्कृतिक विविधता को स्थानीय जैव विविधता का उत्पाद माना जाता है। संस्कृति का संबंध उस प्रकृति से है जहां से मानव समुदायों का उदय हुआ है। जब हम जैविक-सांस्कृतिक विविधता की बात करते हैं तो उसका अभिप्राय मानव संस्कृति और आसपास की पारिस्थितिकी से होता है। यह देखा गया है कि ठंडे और ध्रुवीय क्षेत्रों की तुलना में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक है क्योंकि वहां प्रजातियों की संख्या अधिक है और आनुवंशिक डेटा भी अधिक है। पारिस्थितिकी के आधार पर वहां ज्यादा जटिल अंतर-क्रियाएं होती हैं। दूसरी तरफ हम जैव विविधता में ठंडे प्रदेशों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। ध्रुवीय समुद्रों से लेकर सबसे गहरी गुफाओं तक ठंडी और अंधेरे वाली जगहों पर भी प्रचुर जीव रूप मौजूद हैं। इनमें से प्रत्येक जीव रूप हमारे पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ योगदान करता है। हमारी मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जैव विविधता उन रासायनिक परिस्थितियों को उत्पन्न करती हैं जो स्वस्थ, संधारणीय और भरपूर फसल के लिए आवश्यक हैं।

जैव विविधता से मिलने वाली जीवनदायक सेवाओं को मानव टेक्नोलॉजी के स्तर पर दोहराया नहीं जा सकता और न ही आर्थिक स्तर पर उनका मूल्यांकन किया जा सकता है। फिर भी एक मोटे अनुमान के अनुसार जैव विविधता से मिलने वाली सेवाओं का मूल्य विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से दुगना है। पृथ्वी की जैव विविधता हमारा सबसे बहुमूल्य और सर्वाधिक आवश्यक संसाधन है। यह पृथ्वी के जीवमंडल अथवा बायोस्फीयर की प्राथमिक स्त्रोत है। हवा,पानी और भोजन जैसी मनुष्य की हर जरूरत यह जीवमंडल पूरी करता है। ऐसे कई ग्रह हो सकते हैं जहां पृथ्वी से ज्यादा बहुमूल्य खनिज मौजूद हों,लेकिन हम ऐसे दूसरे ग्रह को नहीं जानते जहां मानव सभ्यताओं के लिए आवश्यक परिस्थितियां मौजूद हों। हमारी पृथ्वी जैव विविधता से संपन्न है,हालांकि अनेक प्रजातियों की खोज अभी बाकी है।

# भयावह रूप लेता कैंसर और विवश दुनिया

## स्वास्थ्य

ज्ञानेन्द्र रावत

आज कैंसर समूची दुनिया में भयावह रूप ले रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो भारत में बड़ी संख्या में लोग कैंसर के शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। कैंसर के मामले में दुनिया के 172 देशों की सूची में भारत का स्थान 155वां है। यदि एनसीडीआईआर और आईसीएमआर की मानें तो भारत में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़े हैं, इसमें 2025 तक 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जायेगी। भारत में प्रति लाख 70.23 लोग कैंसर से पीड़ित हैं। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल 13.9 लाख कैंसर के नये रोगी सामने आ रहे हैं। इनमें सात लाख महिलाएं होती हैं। इनमें से साढ़े तीन लाख मौत के मुंह में चली जाती हैं। देश में हर साल 70 हजार लोगों की मौत होती है, जिनमें 80 फीसदी की मौत बीमारी के प्रति उदासीन रवैये के कारण होती है। जबकि रोजाना 1300 से ज्यादा लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

गौरतलब है कि सन 1990 के मुकाबले देश में प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में 22 फीसदी, महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में 33 फीसदी और सरवाइकल कैंसर के मामलों में तकरीबन 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब तो ब्रेस्ट कैंसर के मामले 23 से 30 वर्ष की महिलाओं में ज्यादातर पाये जाते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह डायबिटीज और हृदय रोग एक कारण से नहीं होते, उसी तरह कैंसर का भी एक कारण नहीं होता। इसके पीछे पश्चिमी जीवनशैली, डेरी उत्पादों का गलत तरीके से सेवन, रासायनिक प्रदूषण, प्रोसेस्ड फूड, कब्ज व गैस्ट्रिक समस्या की भी अहम भूमिका है। कैंसर के बढ़ते मामलों में रासायनिक खादों के इस्तेमाल में हो रही वृद्धि, खासकर ग्लाइफोसेट पेस्टीसाइड जिस पर बहुतेरे देशों में पाबंदी है व बढ़ रहे प्रदूषण की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

दरअसल, कैंसर का तात्पर्य शरीर में अनियंत्रित रूप से वृद्धि करने वाली कोशिकाओं से है। ये बेवजह वृद्धि कर ऊतकों को प्रभावित करती हैं और फिर धीरे-धीरे शरीर के बाकी हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लेती हैं। आमतौर पर शरीर का वजन बढ़ जाना, व्यक्ति की शारीरिक सक्रियता में कमी होना, दोष पूर्ण व असंतुलित तैलीय व मसाले युक्त खान-पान, व्यायाम न कर पाना, नशीले और मादक पदार्थों के अत्यधिक सेवन ही से इस रोग की चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है। चाय या फिर कॉफी आदि पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, चाय और कॉफी में अन्य पेय पदार्थों के मुकाबले 4000 से ज्यादा घातक तत्व पाये जाते हैं। दवाओं का साइड इफेक्ट और आनुवंशिकता भी इसका अहम कारण है। अब तो बच्चे, नौजवान और वृद्ध भी इस बीमारी की चपेट में हैं।

निस्संदेह, ज्यादा तला-भुना खाना सेहत के लिए हानिकारक है। फिर भी लोग बड़े स्वाद और चाव से खाते हैं। अमेरिकी नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट के अध्ययन के अनुसार, लोगों का यह शौक ही उनके लिए जानलेवा हो सकता है। अमेरिकी कैंसर सोसायटी की पोषण व शारीरिक गतिविधियों की मैनेजिंग डायरेक्टर कोलीन डायल का कहना है कि अक्सर भुने हुए खाद्य पदार्थों का कुछ काला और जला हुआ हिस्सा वास्तव में हैट्रोसाइक्लिक एमिनंस या एचसीए होता है। यह ज्यादातर उस समय बनता है जबकि खाद्य पदार्थ यथा मांस, चिकन या मछली को ऊंचे ताप पर भूना जाता है। जो हानिकारक होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रामगढ़ में आरसी रूंगटा के कई ठिकानों पर आयकर का छापा

## प्लांट में बड़े पैमाने पर हो रही टैक्स की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** बिहार और झारखंड के इनकम टैक्स की टीम ने गुरुवार की अहले सुबह झारखंड के चर्चित उद्योगपति और कारोबारी रामचंद्र रूंगटा के रामगढ़ शहर में उनके ऑफिस के अलावा अरगड्डा में झारखंड इस्पात, बरकाकाना ओपी क्षेत्र में मां छिन्नमस्तिका स्पंज एंड आयरन प्लांट और कुजू ओपी क्षेत्र में आलोक स्टील में छापेमारी की। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों को इस बात की भनक लगी थी कि रुंगटा ग्रुप के द्वारा भारी पैमाने पर इनकम टैक्स की चोरी की जा रही है। आईटी डिपार्टमेंट की पटना से आई हुई टीम इस छापेमारी में शामिल है। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ के जवानों की सुरक्षा में छापामारी चलाया गया। रामगढ़ में रामचंद्र रूंगटा के आलोक स्टील, झारखंड इस्पात और मां छिन्नमस्तिका स्पंज में एक साथ छापामारी की। रामगढ़ जिमखाना क्लब में भी दबिश दी। रामगढ़ जिले में रामचंद्र रुंगटा के प्रतिष्ठानों में छापामारी के लिए 20 वाहनों से अधिकारी और सीआरपीएफ के जवान पहुंचे थे।रामचंद्र रुंगटा की रामगढ़ और रांची में स्थित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी किया गया। छापेमारी दल में अधिकारी, सीआरपीएफ के जवानों शामिल थे। सुबह 5:00 बजे से दर्जनों वाहनों पर बैठे अधिकारी और सीआरपीएफ के जवान रामगढ़ और रांची में छापेमारी के लिए पहुंचे। जानकारी के अनुसार रांची में कांके रोड स्थित आवास और कार्यालय में भी छापेमारी की।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब ने मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा रांची



**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के नि:शुल्क तीन दिवसीय नेत्र जांच सह मोतियाबिंद शिविर में चिन्हित मरीजों को ऑपरेशन के लिए बुधवार को रांची रवाना किया गया। भुरकुंडा पेट्रोल पंप के समीप स्थित राज नर्सिंग होम से 6 मोतियाबिंद मरीजों को रांची से आए रीजन चेयरपर्सन दिवाकर राजगढ़िया, निमानी जिला के चेयरपर्सन धर्मेंद्र सिन्हा और राकेश चौधरी ने रवाना किया। बताया गया की मरीजों का ऑपरेशन रांची के निरामया हॉस्पीटल में आधुनिक तकनीक से किया जाएगा। इस दौरान नि:शुल्क रहने और खाने-पीने की व्यवस्था भी क्लब की ओर से की गई है। मौके पर डॉ राजेंद्र महतो, निर्मल अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, शिवा प्रसाद सहित क्लब कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त से मिलीं अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बुधवार को जिला के उपायुक्त चंदन कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान अंबा प्रसाद ने उपायुक्त को बरकाकाना रेलवे स्टेशन के किनारे निवास करने वाले एवं व्यवसाय करने वाले लोगों को रेलवे द्वारा मिल रहे नोटिस के संबंध में जानकारी दी। विधायक ने डीसी को बताया कि लगभग 50 वर्षों से लोग वहां रह रहे है तथा जीविकापार्जन कर रहे हैं। लेकिन एकाएक रेलवे प्रबंधन द्वारा उक्त भूमि को खाली करने का नोटिस मिला है जिससे लोगों के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया है।

### योग व कराटे प्रशिक्षण शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा के प्रांगण में दो दिवसीय योग एवं कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों बालिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डमरू महतो, सतीश कुमार एवं रीना देवी ने संयुक्त रूप से किया। महतो ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए योग एवं कराटे का प्रशिक्षण जरूर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। शिविर में ब्लैक बेल्ट अनमिता, आस्था, मयंक, मिहिर, हर्ष और ब्राउन बेल्ट में जानवी, सिमरन ,चित्रलेखा, अमीनी, विकास, मानसी, गीता, नवीन, आशा सहित दर्जनों छात्राएं और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

### बगड़िया की पत्नी का लॉकेट मिला

**रामगढ़।** समाज सेवी कमल बगड़िया की पत्नी मीना बगड़िया आईलेक्स एमबी स्कवायर में शैम बहादुर मूवी देखने गई थीं। जब मूवी समाप्त हुई तो मीना बगड़िया ने देखा की उनके चेन में लगा हीरे का महंगा लॉकेट नही है। जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी हॉल के प्रबंधक को दी। प्रबंधक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हॉल के कर्मियों से हॉल चेक करवाया। लेकिन लॉकेट नहीं मिला। लेकिन दो दिन बाद गुरूवार को सफाई कर्मी जब हॉल की सफाई कर रही थी तब लॉकेट उन्हें बाथरूम में मिला। जिसके बाद उन्होंने लॉकेट हॉल के पप्पू नामक गार्ड को सौंप दिया। इसके बाद समाज सेवी कमल बगड़िया को इसकी जानकारी दी गई। लॉकेट सौंपने पर समाज सेवी ने हॉल प्रबंधन को बधाई दी है।

### डीएसपी और अधिवक्ता गले मिले

**रामगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के द्वारा बुधवार की घटना के विरोध में एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के यहां प्रेषित किया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लोक अभियोजक ब्रह्मदेव यादव अपर लोक अभियोजक आलोक राज एवं थाना प्रभारी रामगढ़ रोहित कुमार के माध्यम से डीएसपी संजीव मिश्रा एवं अधिवक्ता भैरव ठाकुर के बीच हुए विवाद का मध्यस्थता कर विवाद का पटाक्षेप किया गया जिसके तहत मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, लोकअभियोजक ,अपर अभियोजक थाना प्रभारी जिला अधिवक्ता संघ के भवन में आए एवं मुख्यालय डीएसपी संजू मिश्रा द्वारा कल की घटित घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं से खेद प्रकट किया एवं उक्त घटना की पुर्नवृत्ति नहीं होगी इसका आशवासन दिया एवं अधिवक्ता एवं पुलिस के बीच मधुर संबंध बना रहे ऐसा उन्होंने अधिवक्ताओं से अनुरोध किया। वहीं अधिवक्ता संघ ने विवाद के सुलह होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन को जिलाअधिवक्ता संघ रामगढ़ के अधिवक्ताओं का मान सम्मान का भविष्य में ख्याल रखना चाहिए इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ परिसर में संघ के कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

### डीएवी रजरप्पा में नेशनल गेम शुरू



**रजरप्पा ।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट में दो दिवसीय क्लस्टर लेवल (7और 8 दिसंबर 2023) डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2023, क्लस्टर-4 की मेजबानी की( दो दिवसीय गेम्स ऐंड स्पोर्ट्स में ताइक्वांडो, वुशु, कुश्ती, टेबल टेनिस, खो-खो, क्रिकेट, वॉलीबॉल टूर्नामेंट 7 दिसंबर, 2023 को शुरू हुआ। आयोजित खेल कूद समारोह का उदघाटनराजीव रंजन झा प्राचार्य डीएवी बचरा ने खेल ध्वज फहराकर किया। डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य बीपी राय ने पुष्प गुच्छ से तथा बच्चों ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि का स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की सलाह देते हुए शुभकामनाएँ देकर प्रोत्साहित किया। बच्चों ने डीएवी गान के साथ खेल भावना से खेलने का संकल्प लिया। पहले दिन 7 दिसंबर को खराब मौसम के कारण तायक्वोंडो, वुशू और कुश्ती आदि खेल विलंब से आरंभ हुए लेकिन समय पर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। बाकी मैच शुक्रवार को खेले जाएँगे।

## हाथी ने फसलों को किया बर्बाद

**दारु।** इरगा पंचायत के पूणाडीह मे बुधवार रात हाथी ने धान और अन्य फसलों को चट करने के साथ साथ पैरो से रोंदकर बर्बाद कर दिये। अपने झुण्ड से बिछड़ा यह एकलौता हाथी ने पूणाडीह मे नकुल प्रसाद के खलिहान मे बोरा मे बंद कर रखे धान को खा गया। शिवचरण महतो और रोहन साव के भी धान की फसल को बर्बाद कर दिया। हाँथी ने इसके बाद इसी टोला के निवासी प्रेम साव,चेतलाल साव, रोहन साव की आलू और गोभी की फसल को रोंद कर बर्बाद कर दिया साथ हि कुछ चारदिवारी भी तोड़ दिया। इस बारे मे वनकर्मी मुकेश कुमार ने बताया की झुण्ड से बिछड़ा यह एक ही हाथी है जिसे बस्ती के किनारे वन विभाग की टीम दूर भेजनें का प्रयास कर रही थी. यह हांथी बुधवार को दिगवार पंचायत के तुरिबार जंगल मे था और वहां से इरगा पहुंचा । इसे अगले दिन यहाँ से दूर खदेड़ दिया जायेगा।

## हजारीबाग में तीन उचक्के गिरफ्तार

**हजारीबाग।** गुरूवार को अविराज कुमार सिंह,जागो गली निवासी कोर्रा के लिखित आवेदन पर कार्रवाई करते हुए शहबाज, बड़ा बाजार, सारिक अंसारी बड़ा बाजार एवं शंभू कुमार मंटू बाबू चौक शिवपुरी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इन तीनों ने स्कूटी पर सवार होकर अविराज कुमार से 1500 रुपय व मोबाइल छीन लिया था जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन तीनों को घटना के तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. : ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-19-आर-आरईपी-23, दिनांक 06.12.2023, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-19-आर-आरईपी-23, दिनांक 06.12.2023 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 29.12.2023 को 16.00 बजे या उसके बाद है। संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम: गरीब रथ एसप्रेस के 3 इंजनों की मरम्मत/ओवरहॉलिंग/ई-चेक। निविदा लागत: रु. 60,75,936.20, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति : रु. 1,21,500/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 29.12.2023 को 16.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-887)

## हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बच्चा बदलने का मामला सामने आया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ सदर विधायक मनीष जायसवाल ने परिजनों को समझाया

**हजारीबाग।** बुधवार रात को हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर ओटी में नवजात बच्चा बदले जाने का विवाद सामने आया। इस बात की जानकारी संबंधित परिजनों ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। सूचना प्राप्त होते ही हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कई शादी समारोह में जाने के कार्यक्रम को स्थगित कर तत्काल तत्काल अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों और प्रबंधन से जुड़े चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी से बात कर तत्काल दोनों पक्षों से वार्ता किया। विधायक मनीष जायसवाल ने परिजनों को समझाया और उन्हें आश्वस्त किया की उन्हें न्याय मिलेगा। मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार लेबर ओटी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी द्वारा पहचान करने और संबंधित परिजनों को नाम बताने में गलती हुई है। विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन से डीएनए टेस्ट कराकर उचित कारवाई करने की मांग भी किया है। फिलहाल दोनों बच्चों का इलाज भर्ती कर किया जा रहा है ।



## बारिश से फसल बर्बाद

**चरही।** बेमौसम बारिश के कारण क्षेत्र के किसानों का होश उड़ गए हैं।क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण धन कटनी और मिंजाई के कार्य ठप्प हो गए हैं। कई किसान धान को काटकर खलिहान में बोझा बांधकर रख दिए हैं। कुछ किसान धान को काटकर अपने खेतों में ही छोड़ दिये हैं।अभी भी कई किसान खेतों में लगे धान को काट नहीं पाए हैं। बारिश होने के खेतों में पानी जम गया है, फसल भी बर्बाद होने के कगार पर हैं। मजदूर भी मजदूरी नहीं कर पा रहे हैं।बारिश के कारण लोग अपने-अपने घरों में हीं सिमटकर रह गए हैं।

**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़**
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक-415, दिनांक 24.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्याWRD/MID/RAMGARH F2 - 03/2023-24, Date :- 24/11/2023को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी०आर० नम्बर-311962 Minor Irrigation (2023-24)D वर्ष 2023-24 है एवं वेबसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता है:-

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | योजना का नाम | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 03 | Construction of Check Dam on Nayaheer Nala Near Lewatand, Block-Gola, District-Ramgarh | Date of Opening of e-tender का दिनांक 22.12.2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांक 23.12.2023 (02:00 PM)पढा जाय। |

नोट-निविदा की शेष सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,रामगढ़

PR 312959 Minor Irrigation(23-24).D

## इचाक में जेंडर हिंसा पर कार्यशाला आयोजित

**इचाक।** जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान असामनता से समानता सबकी गिनती एक समान के उद्देश्य के साथ एक दिवसीय विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन इचाक मोड़ होटल ओमकारा में महिला मुक्ति संस्था के द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए देवयानी वर्मा ने कहा कि आज महिलाओं, लड़कियों, ट्रांसजेंडर, विकलांग के साथ घर के अन्दर, घर के बाहर व्यवहार कई प्रकार से भेद-भाव किया जाता है, यौन हिंसा की शुरूआत घर से होती है जिसका विरोध हम सभी नहीं कर पाते हैं। चुप्पी साधने की सिख भी हमें घर से मिलती है, किसी भी हिंसा का विरोध हमें घर से कम उम्र में सिखलाने की जरुरत है, जिससे लड़कियों को विरोध करने की क्षमता बढ़ेगी। जिला परिषद सदस्य रेनू देवी ने भेद-भाव को दूर करने में महिला मुक्ति संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संस्था की सुषमा कुमारी ने कहा कि समाज लड़कियों महिलाओं को घर की इज्जत से जोड़ता है, पर प्रत्येक गाली से लड़कियां महिला बेइज्जत होती हैं। गोवरबंदा के मुखिया रंजित मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि आधी आबादी के लिए काम करने की बात सभी करते हैं पर आवाज उठाने के समय चुप्पी साध लेते हैं, महिला के मुद्दे पर महिलाओं से अधिक आज पुरुष को आगे आने की जरूरत है।

## बरही में बिजली को लेकर डीवीसी के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**विस्थापितों की मांग जायज, जल्द बहाल करें बिजली : मंगलदेव यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** डीवीसी द्वारा तिलैया बस्ती में बिजली बाधित किये जाने के खिलाफ महिलाओं ने डीवीसी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।बताते चलें कि विगत कुछ दिनों पूर्व डीवीसी प्रबंधन ने तिलैया बस्ती का विद्युतापूर्ति बंद कर दिया है।स्थानीय ग्रामीणों ने लिखित ज्ञापन एसडीओ को सौपते हुए कहा था कि समाधान नही होने पर चरणवद्ध तरीके से आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।प्रभावित लोगों में लगभग चार सौ घर शामिल है। महिलाएं जानकारी लेने डीवीसी पावर प्लांट कार्यालय पहुंची थी

।जबकि प्रबंधन समाधान के बजाय स्थानीय लोगों पर प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा पुलिस का भय दिखाते हुए कुछ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का भी काम किया है। इससे आक्रोशित बस्तीवालो ने डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ बुधवार से अनिशिचितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है। साथ ही बांझेडीह पावर प्लांट तक पेयजलापूर्ति बाधित करने की बात कही है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के समर्थन में कोल्हुआकला पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव भी उतर गए है। उन्होंने कहा कि डीवीसी के द्वारा विस्थापित नीति आई आर पॉलिसी के तहत कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत तिलैयाबस्ती व कांटी को बिजली पानी सड़क स्वास्थ्य मुफ्त देने का वायदा किया गया था।परन्तु डीवीसी द्वारा स्वयं के इकरारनामे को नजरंदाज करते हुए 10 दिनों से बिजली बाधित कर दिया गया है।जबकि डीवीसी बिजली ऑफिस में जाकर कुछ ग्रामीण महिलाओं के द्वारा सवाल पूछने पर उनलोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है और झूठा आरोप में फंसाकर अपने अधिकार को मांग करने के लिए धमकाया जा रहा है जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि डीवीसी संज्ञान नहीं लेती है तो यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, सीताराम राम, रंजीत यादव, सहदेव राम, नरेश यादव, उमेश चंद्रवंशी, लक्ष्मण यादव, विष्णु प्रताप चंद्रवंशी सहित सैकड़ों महिलाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

## योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : वारसी



**बरही।** बसरिया पंचमाधव पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित किया गया।जरूरतमंदों की सहायता हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पंचायत भवन में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना,सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया।

**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़**
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक-413दिनांक 24.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/RAMGARH F2-01/2023-24, Date:- 24/11/2023को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी०आर० नम्बर-311960 Minor Irrigation (2023-24)D वर्ष 2023-24 है एवं वेबसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता है:-

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | योजना का नाम | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Check Dam on Gomati Nala Near Betulkalan, Block-Gola, District-Ramgarh | Date of Opening of e-tender का दिनांक 22.12.2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांक 23.12.2023 (02:00 PM)पढा जाय। |

नोट-निविदा की शेष सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.312956 Minor Irrigation(23-24):D

## प्लास्टिक से कई गुना खतरनाक है माइक्रो प्लास्टिक : डॉ गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में लेक्चर का चौथा दिन



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में गुरुवार को व्याख्यानमाला के चौथे दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. के. के. गुप्ता ने अपना विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य स्वयं प्राकृतिक विपदाओं का जन्मदाता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए पांच तत्वों धरा, आकाश, जल, वायु और अग्नि के बीच समुचित संतुलन स्थापित करना है। प्रकृति के नैतिक व्यवहार करने की आवश्यकता है। प्रकृति में विद्यमान प्रत्येक जीव जंतु, पशु-पक्षी और कीड़े- मकोड़े मानवीय जीवन के लिए सहायता पहुंचाते हैं। ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा देकर सबसे पहले मानसिक प्रदूषण दूर करना होगा। दरअसल यही अन्य तरह के प्रदूषण का मूल कारण है। मानव को धूप, हवा, पानी, आक्सीजन आदि संसाधन निःशुल्क रुप से प्राप्त है। इसका मूल्य बहुत अनमोल है। इसकी कीमत प्रत्येक व्यक्ति को समझना चाहिए और उसका समुचित उपयोग करना होगा। डॉ गुप्ता ने बताया कि मानव का विकास सूक्ष्म जीवों से हुआ है और आज हम मानव सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने के लिए तत्पर है। प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं जीवन के लिए बहुत हानिकारक है। प्लास्टिक से अधिक खतरा माइक्रो प्लास्टिक से है, जो प्लास्टिक के उपयोग करने पर घर्षण से उत्पन्न होता है। फिर वह जल, वायु, भोज्य पदार्थों के माध्यम से मानव शरीर में पहुंच कर भंयकर नुकसान पहुंचाता है। आज पानी में दो प्रतिशत माइक्रो प्लास्टिक की मात्रा हो गई है। मानव में बढ़ते तनावपूर्ण वातावरण के लिए माइक्रो प्लास्टिक जिम्मेदार है।

इससे पूर्व डा. पुष्पा सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर सम्मानित किया। डॉ. दीपमाला ने विषय प्रवेश कराते हुए अतिथि परिचय कराया। मंच संचालन बी एड प्रशिक्षु गौतम चौधरी और धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर दशरथ कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार यादव, आइक्यूएसी समन्वयक डा. बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापक एस एस मैती, महेश प्रसाद, पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, जागेश्वर कुमार, अनिल कुमार, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार खलखो, अनिल कुमार, संदीप कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

**HAZARIBAG MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAG**
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Email- municipality_08@rediffmail.com

Ref : 5214 UDD/HMC/HZB/36/2023-24 Dated : 06-12-2023

**VERY-SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**

Online Quotations are invited from authorized Manufactures/ Companies for the Supply, Installation, Testing & Trial Run of following items at Hazaribag, Jharkhand. The rate shall be submitted online in the website http://Jharkhand tenders. gov.in Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. Quotationer should quote their rates for unit mentioned in table. The rates should be inclusive of all type of Taxes, Contractor's profit and overhead charges, Labour Charges, Carriage charges etc. GST should be mentioned as per applicable Govt. rules.

| Sl. | Description of Work | Qty. |
|---|---|---|
| 1 | Shoulder Wheel | 01 Unit |
| 2 | Double Abs Shaper | 01 Unit |
| 3 | Cycle | 01 Unit |
| 4 | Playground Slides | 01 Unit |
| 5 | Double Air Walker | 01 Unit |
| 6 | Park Swings | 01 Unit |
| 7 | Horse Rider | 01 Unit |
| 8 | Triple Waiest Twister | 01 Unit |
| 9 | MS Strip Cast Iron Bench | 01 Unit |
| 10 | Dolphin Dustbin | 01 Unit |
| 11 | Paddle boat | 01 Unit |
| 12 | Motor Boat | 01 Unit |
| 13 | Float system for boat | 01 Unit |
| 14 | Phytorid Bed Plants | 01 Unit |

- The quotations must be accompanied by (a) PAN Card (B) GST Registration (c) Valid License/Certification/ISO Certification/ BIS Certification if any. (d) Duly Filled Quotation Chart
- The rate quoted by quotationer shall be firm, final and unconditional.
- The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all the quotations without assigning any reasons thereof.
- The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate for framing estimate.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of e-Quotation on Website | 08-12-2023 |
| 2 | Last Date/Time of Submission of e-Quotations | 16-12-2023 Upto 05:00 P.M. |
| 3 | Date/Time of Opening e-Quotations | 17-12-2023 at 05:00 P.M. |
| 4 | Name & Address of Office inviting e-Quotation | Municipal Commissioner Municipal Corporation, Hazaribag |

Further details can be seen online on website - http:// Jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Municipal Commissioner
Municipal Corporation, Hazaribag

PR.NO.312923 Urban Development and Housing(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा की 3 पंचायतों में आयोजित हुआ सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम



**लोहरदगा।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जिले के तीन प्रखंडों की पंचायतों में हुआ। इसमें किस्को प्रखंड की खरकी पंचायत, सदर प्रखंड लोहरदगा की बाघा पंचायत और भंडरा प्रखंड की मसमानो पंचायत शामिल है। बारिश के बावजूद लोगों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम में सभी विभागों के सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल में आवेदन जमा हुए। खरकी पंचायत में कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर उप प्रमुख गीता देवी, मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि व जिला-प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### लगातार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त

**कैरो।** चक्रवाती तूफान के असर से दो दिनों से हो रही लगातार वर्षा से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। खेती किसानी भी प्रभावित है। किसानों की फसल पर भी असर होने लगा है। खेतों में लगी सब्जी को नुकसान हो रहा है। इस क्षेत्र में इस समय बहुत मात्रा में किसान मटर की खेती करते हैं। लगातार बारिश से स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, बैंक, बाजार सभी प्रभावित हुआ है। लोगों की उपस्थिति काम हो रही है।

### वृद्धों को इनरव्हील ने कराया भोजन



**गुमला।** इनरव्हील क्लब गुमला ने वृद्ध आश्रम गुमला में वृद्धों के बीच एडॉप्ट एंड बिल्ड के तहत भोजन कराया। क्लब की अध्यक्ष उषा गुप्ता ने कहा कि इनरव्हील क्लब मानव सेवा के उद्देश्य से वृद्धों को भोजन करा रही है। जन सेवा ही क्लब का उद्देश्य है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष फ्लोरा मिंज, सचिव कुमारी मिली, कोषाध्यक्ष किरण देवी, रेणु पंकज, राज कुमारी, पार्वती जायसवाल, अनिता, प्रदीप विश्वकर्मा भी थे।


### दो पशु बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**गुमला।** डुमरी पुलिस ने पशु ले जा रहे तस्कर चैनपुर थाना क्षेत्र जमगाई के रशीउ खान व निको टोप्पो को गिरफ्तार किया। वहीं दो गोवंशीय पशु भी बराद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि डुमरी थाना क्षेत्र के कंडरवाणी मुख्य मार्ग पर मवेशी तस्कर क्रूरतापूर्वक मवेशियों को मारते-पीटते ले जा रहे हैं। जिस पर तत्काल थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे। इस दौरान बाइक से रेकी कर रहे मवेशी तस्कर रशीद खान व पशुओं को मारते हुए ले जा रहे निको टोप्पो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बाइक को भी जब्त किया।

### साइक्लोन से किसानों को भारी क्षति सरकार करे मदद : रमेश

**गुमला।** सचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के रमेश कुमार ने कहा है कि मिचौंग साइक्लोन के चलते लगातार तीन दिनों की वर्षा से किसान बर्बाद के कगार पर हैं। सिमडेगा जिला में सबसे ज्यादा साइक्लोन का असर दिख रहा है। गुमला लोहरदगा भी इससे पीछे नहीं है। 90 से 95 प्रतिशत धान की बर्बादी हो चुकी है। खलिहान और खेतों पर वर्षा से धान गलने के कगार पर है। इस भयंकर आपदा से आशा और उम्मीद सरकार पर टिकी हुई है। इस क्षेत्र में छोटे और मंझौल किसानों ही खेती करते हैं। किसानों को उचित मुआवजा समय पर नहीं दिया जाता है तो पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सरकार इस पर जल्द से जल्द उचित कदम उठायें।

### कुआं में डूबने से ग्रामीण की मौत



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के बेलगड़ा निवासी एतवा उरांव की मौत कुआं में गिरने से हो गयी। गुरुवार को पुलिस ने शव को कुएं से निकाल पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बुधवार को गांव में जतरा था। जहां एतवा गया था। वह नशे में घर आया। पुनः बुधवार को 3 बजे फिर निकला। इसके बाद वह नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह कुआं में शव देखा गया। इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में किया।

### दिल्ली के जंतर-मंतर धरना में शामिल होने 42 सेविका सहायिका हुईं रवाना



**घाघरा।** दिल्ली के जंतर मंतर में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के कई मांगों को लेकर 11 दिसंबर को धरना प्रदर्शन में शामिल होने घाघरा प्रखंड के 42 आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका गुरुवार को रवाना हुई। सेविका-सहायिका ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में घाघरा प्रखंड से 42 लोग शामिल होने दिल्ली जा रहे हैं। दिल्ली जाने वाली सेविका सहायिका सावित्री कुजूर, नोरबेरत एक्का, सुरजी ऐक्का, सुमित्रा, नैना जिरमिना, उर्मिला, पुनम, किरण, पंचमनिया, पुष्पा, अनिता, सुभद्रा, चाजरेंग, मुनी व कई सेविका सहायिका शामिल थे।

### गुमला वन क्षेत्र की योजनाओं में कहीं स्पष्ट बोर्ड नहीं : जंगल बचाओ समिति

**गुमला।** जंगल बचाओ अभियान समिति गुमला ने गुमला रेंज एरिया में संचालित योजनाओं में मची भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम चल रहा है। जिसके तहत गुमला प्रखंड के चरका टांगर व कोंयजारा जैसे गांव में भ्रमण के दौरान पाया कि योजना की विवरणी स्पष्ट करने संबंधी बोर्ड नहीं लगा है। विदित हो कि गुमला वन क्षेत्र में गुमला रेंजर वन विभाग की योजनाओं को पॉकेट की योजना बनाये हुए हैं। यही कारण है कि विभाग के ही फॉरेस्टर व गार्ड को योजना का प्राक्कलन पता नहीं है। पौधरोपण हो या चेकडैम इत्यादि योजना का काम जैसे तैसे कराकर योजना की 50 फीसदी राशि घपला कर लिया जा रहा है।

## उपायुक्त ने किया असनी पंचायत में 'सरकार आपके द्वार' शिविर का निरीक्षण

■ शिविर में 70 से अधिक लाभुकों के बीच किया गया परिसंपति का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के नियमित शिविर भ्रमण के क्रम में उन्होंने गुमला सदर प्रखंड स्थित असनी पंचायत में लगे शिविर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण, स्टॉल निरीक्षण एवं शिविर में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। गुमला सदर के असनी पंचायत में लगे शिविर में सैंकड़ों लाभुकों ने भाग लिया। इस दौरान 70 से अधिक लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान सावित्री बाई




फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 8 छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। 30 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। 12 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण हुआ। 19 लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। लाभुकों के बीच पौधा वितरण एवं सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गये।

## सांसद ने योजनाओं में गड़बड़ी को लेकर डीसी को लिखा पत्र, कहा

# आम आदमी को हर हाल में मिले सभी कल्याणकारी योजना का समुचित लाभ







**खास बातें :** बता दें कि भंडरा में कोयल जलापूर्ति योजना से पानी नहीं मिलने व भंडरा-कैरो सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने भाजपा के जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह से की थी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना सांसद सुदर्शन भगत को देते हुए योजना को शुरू कराने तथा भंडरा-कैरो सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने के मामले को लेकर सांसद सुदर्शन भगत को अवगत कराया था। इसपर सांसद ने चार दिसंबर को उपायुक्त को पत्र लिख अग्रेतर कार्रवाई करते हुए योजना का लाभ आम जनता को देने की बात कही है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड में पेयजल व्यवस्था के नाम पर कोयल नदी में करोड़ों की लागत से शुरू कोयल जलपूर्ति योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। जानकारी मिलते ही सांसद सुदर्शन भगत ने उपायुक्त डॉ कृष्ण प्रसाद वाघमारे को पत्र लिख कर किया है। सांसद ने पत्र में कहा है कि भंडरा प्रखंड के ग्रामीणों को विगत तीन वर्षों से कोयल जलापूर्ति योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। तत्काल कार्रवाई करते हुए भंडरा के ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था शुरू करायी जाये। सांसद ने उपायुक्त को भंडरा से कैरो तक पीएमजीएसवाई से सड़क निर्माण कार्य में भी संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरते जाने तथा सड़क को कबाड़ कर छोड़े जाने से क्षेत्र की जनता को परेशानी होने को भी लेकर सड़क निर्माण की जांच कर सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## चैनपुर प्रखंड के रामपुर में लगा 'सरकार आपके द्वार' शिविर

# गरीबों को मिल रहा कार्यक्रम का सीधा लाभ : अपर समाहर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड के रामपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खराब मौसम होने के बाद भी इस कार्यक्रम में ग्रामीण की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में अपर समाहार्ता सुधीर कुमार गुप्ता व चैनपुर बीडीओ शिशिर कुमार सिंह के द्वारा अबुवा आवास, मनरेगा कृषि एवं पशुपलन सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग



ग्रामीणों में पौधे का वितरण करते अपर समाहर्ता व अन्य।

विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागो के द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुयाना किया गया। वही ग्रामीणों के समक्ष परिसंपत्ति का वितरण किया गया। अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। कार्यक्रम स्थल में लगाये गये स्टॉल में आप अपने जरूरत के अनुसार आवेदन दें।

**खास बातें :** साथ ही बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह के द्वारा ग्रामीणों से अपिल किया गया की विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं का लाभ उठाये। झारखंड सरकार आप लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए यह योजना चल रही है। वही स्लॉट में आए कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। जिप सदस्य मेरी लकड़ा व चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि सरकार का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित हो रहा है इस योजना से झारखंड का अंतिम व्यक्ति भी राज्य सरकार से जुड़ रही है। लोगों को लगातार इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जब गांव सशक्त होगा, तभी राज्य मजबूत होगा : बीडीओ

■ मसमानो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के मसमानो पंचायत स्थित मसमानो बाजार बगीचा मे गुरुवार को आपकी योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा, आवास, कृषि, स्वास्थ्य, बाल विकास समेत कुल 20 विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, मुखिया ममता कुमारी व गांव के वृद्ध ने किया।



मौजूद अतिथि।

**खास बातें :** बीडीओ ने कहा कि गांव किसी भी राज्य के जड़ होते हैं। गांव सशक्त होगा तभी राज्य मजबूत होगा। सरकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस कड़ी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज पदाधिकारी आपकी समस्या का समाधान आपके द्वार पर कर रहें हैं। चंद घंटों में आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा की सभी पंचायत और गांव में शिविर का आयोजन हो रहे हैं, ताकि अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार के विगत दो चरणों में लाखों आवेदन प्राप्त हुए थे। आपकी समस्यायों के समाधान हेतु आपके द्वार पहुंच रही है। जरूरतमंदों को आवास, युवाओं की शिक्षा के लिए हजारों की संख्या में कॉलेज, लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति समेत अन्य जन कल्याण कार्य जनता दरवार मे निष्पादन हो रहे है। मुखिया ममता कुमारी ने कहा कि क्षेत्र की बेटियों को अपने पढ़ाई को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अतिरिक्त गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ भी सरकार दे रही है।

### मरीज की जीवन रक्षा को लेकर किया रक्तदान

**गुमला।** सिसई रोड निवासी रितेश कुमार ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए गुरूवार को रक्तदान किया। दोदांग में डुमरडीह निवासी अनिता देवी की दुर्घटना होने पर ज्यादा रक्त बह जाने की वजह से उसकी स्थिति गंभीर बन गई थी। जिसे देखते हुए भारी बारिश के बीच रितेश कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया।

### बड़ी दुर्घटना टली, अगलगी पर पाया काबू



**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के बदला ग्राम स्थित एक निजी मकान में गैस पाइप से रिसाव के कारण लगी आग लग गयी। जिसमें ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी दुर्घटना टली। बदला चौक के समीप स्व सुखदेव लोहरा के कच्चा मकान स्थित रसोई घर में सुबह चाय बनाने के क्रम में आग लग गयी। जिससे घर तथा आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गयी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन दल को देते हुए आग बुझाने में जुट गये। अगलगी की सूचना पर अग्निशमन दल घटना स्थल पहुंच पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बची।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की घर-मुहल्ला में हनुमान चालीसा पाठ करने की अपील

■ राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने को लेकर किया जायेगा आमंत्रित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुमला समन्वय की बैठक हुई। बैठक श्री राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में उत्सव एवं आमंत्रण हेतु रखी गई। जिसकी अध्यक्षता जिला संघ संचालक श्री लालचंद अग्रवाल ने की। बैठक में मुख्य रूप से संघ के प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल जी उपस्थित थे। जिन्होंने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के कार्यक्रम को विस्तार से बताया। इसे सफल बनाने के लिए जिला संयोजक मुकेश सिंह, सह संयोजक कर्पूरी ठाकुर को बनाया गया। बैठक में कहा गया कि 1 से 15 जनवरी



के बीच सभी घरों में जाकर कार्यक्रम की जानकारी अक्षत, राम मंदिर, चित्र और पत्रक लेकर कर देंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को 11 से 1 तक अपने मंदिर मुहल्ला आदि पर एकत्रित होकर भजन कीर्तन टेलीविजन या पर्दा पर एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह को देखने का आग्रह करेंगे।

## 'माइचौंग' तूफान से आम जनजीवन अस्तव्यस्त, किसानों की चिंता बढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** चक्रवात 'माइचौंग' के असर के कारण दो दिनों से हो रही लगातार वर्षा से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लगातार हो रही बारिश से खेती किसानी भी प्रभावित हुआ है। किसानों का फसल पर लगातार बारिश का भी असर होने लगा है। खेतों में लगे सब्जी फसल को नुकसान हो रहा है। इस क्षेत्र में इस समय बहुत मात्रा में किसान मटर की खेती करते हैं। किसानों के खेतों में मटर का फसल लगभग तैयार है। ऐसी स्थिति



में दो दिनों से हो रहे बारिश से मटर की खेती को नुकसान होने की संभावना बताई जा रही है। लगातार हो रही बारिश से स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, बैंक, बाजार सभी प्रभावित हुआ है। लोगों की उपस्थिति काम हो रही है। सभी तरह का काम रुका हुआ है। मवेशी पालकों को खास परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेत खलिहान में पानी होने के कारण खेतों में रखें धन एवं खलिहान में रखे धान को नुकसान हो रहा है।

### जिप सदस्य संदीप ने जाना टांगा चोखा का हाल



**किस्को।** प्रखंड के देवरिया पंचायत के टांगा चोखा गांव पहुंच कर किस्को जिला परिषद संदीप कुमार ने ग्रामीणों का हाल जाना। आजादी के 76 साल बाद भी टांगा चोखा बस्ती जाने का सही रास्ता ही है और ना ही स्वच्छ जल की व्यवस्था। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ले ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है अभी तक ना कोई पदाधिकारी आते हैं ना कोई जनप्रतिनिधि। गांव में 25 से 30 परिवार रहते हैं और जब कभी भी कोई बीमार पड़ जाता है तो ना एंबुलेंस की व्यवस्था हो पाती है ना ही किसी निजी वाहन की। जिप सदस्य संदीप कुमार ने बस्ती में ग्रामीणों के बीच में बैठकर उन्हें आश्वासन दिया कि बस्ती वालों के लिए सुद्ध पेयजलापूर्ति की व्यवस्था भी की जाएगी और जर्जर पथ का निर्माण भी होगा। मौके पर देवरिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुनील टोपनो, लुईश टोपनो, एसपिलानी कंडुलना, हीरा टोपनो एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वार्ड पार्षद ने सीएम से की एसएस उच्च विद्यालय रोड बनवाने की मांग

■ निविदा निकालने के बाद भी नप ने पैसे के अभाव में कार्य नहीं किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** निर्वतमान वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने मु,ख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर गुमला एस.एस हाई स्कूल रोड के निर्माण की मांग की है। शैल मिश्रा ने कहा कि शहर के व्यस्तम रोड के रूप में एस.एस हाई स्कूल रोड की पहचान है जो डीएसपी रोड व मेन रोड को आपस में जोड़ती है। इस सड़क में काफी संख्या में प्रतिष्ठानें हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के वार्ड संख्या 20 व 21 के मध्य अविस्थत इस सड़क के निर्माण को लेकर



2022 में निविदा आमंत्रित किया गया था। लेकिन पर्याप्त कोष के अभाव में तत्काल निविदा रद कर दिया गया। इसी दौरान चेंबर सहित कई संगठनों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर नप प्रशासक से गुहार लगायी है।

### भाई की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

**घाघरा।** गोया निवासी शमशेर खान ने अपने छोटे भाई सद्दाम की गुमशुदगी की लिखित शिकायत घाघरा थाना में दर्ज करायी है। गुरुवार को शमशेर ने बताया कि सद्दाम 28 नवंबर को घर से सुबह 9 बजे कहीं निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन और रिश्तेदारी में पता किया फिर भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। जिसके बाद थाना में लिखित आवेदन देकर खोजने की गुहार लगायी है। शमशेर ने लोगों से अपील की है कि सूचना मिले तो वह घाघरा थाना को सूचित करें।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के भीठा और बड़ागाई पंचायत में गुरुवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया टेले रबीना, धनेश्वरी उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुखिया ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत भीठा व बड़ागाई पंचायत में पहले गैस वितरक एजेंसी ने कई लाभुकों को गैस



का चूल्हा दिया। वहीं दोनों पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम लाभार्थियों को आच्छादन के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना के लिए देश के 70 जिला में चल रहा है।

## जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर ने लगाया रोजगार मेला

# 57 उम्मीदवार रोजगार के लिए चयनित 195 युवक-युवती किये गये शॉर्टलिस्टेड

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर गुमला ने एक दिवासीय रोजगार मेला का आयोजन नगर भवन परिसर में गुरुवार को किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला नियोजन पदाधिकारी श्रीराम बारी ने किया तथा व्यवस्थापक के रूप में उपस्थित यंग प्रोफेश्नल रवि कुमार गहलोत ने किया। इस एक दिवसीय निजी क्षेत्र के रोजगार मेला में कुल 12 कंपनियों ने भाग लिया। जिसमें गुमला जिले के



रोजगार मेला में पंजीयन कराते युवक-युवती।

07 तथा 06 अन्य राज्यों के प्रमुख कंपनियों शामिल हुई। कम्पनियों ने क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार से लाभ दिलाने हेतु कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग, कल्याण गुरूकुल तथा 8 शिक्षा विभाग के द्वारा गुरूजी क्रेडिट योजना से क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से उनके पंजीयन किया गया। गुमला जिले के कुल 453 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों ने रोजगार मेला में भाग लिया। उन 453 उम्मीदवारों में से उक्त कंपनियों के द्वारा प्रारंभिक चयन के रूप में कुल 57 उम्मीदवारों का चयन हुआ तथा उक्त कम्पनियों के द्वारा कुल 195 उम्मीदवारों को भविष्य में चयन हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया। उक्त सभी अभ्यर्थियों का भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तथा झारखण्ड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के रोजगार में पंजीकरण किया जाता है।

# वन अधिकार समिति के अध्यक्ष-सचिव के साथ बैठक कर दावा पेश करें : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जंगल से जुड़े गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव के साथ बैठक आयोजित किया गया।

वहीं आयोजित बैठक में सीओ राकेश कुमार तिवारी ने अंचल क्षेत्र के सभी गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अपने गांव में जो भी व्यक्ति 2005 से पूर्व जंगल में कब्जा कर किसी प्रकार का खेती बारी कर रहै हैं। घर या झोपड़ी बना कर उस पार आश्रित हैं तो वैसे व्यक्ति को



बैठक करते सीओ।

चिह्नित कर उसे व्यक्तिगत दावा करने के लिए प्रेरित करे तथा उसे दावा पत्र भरने में सहयोग करें। साथ ही कहा कि प्रखंड सह अंचल क्षेत्र में प्रदान संस्था पहले से ही इसको लेकर काम करा रही है।

जिसे आप सभी लोग उनसे भी सहयोग ले सकते हैं। साथ ही अध्यक्ष व सचिव को वन अधिकार दावा प्रपत्र जल्द प्रस्तुत करने का अंचलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदान संस्था के जिला कॉर्डिनेटर सोनू खान, प्रखण्ड वनसाथी गोपाल उरांव के अलावे रामप्रकाश तिग्गा, नेजावत अंसारी, दिपेश्वर भगत, देवठान उरांव, जयमांगल उरांव, करमी देवी, जलेश्वर उरांव, इग्नासुश टोपो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सिमरिया का लाल वित्त मंत्रालय में देगा सेवा



सिमरिया। प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव चौपे बड़गांव का मेघावी छात्र सोनल कुमार का चयन भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में अकाउंटेंट पद पर हुआ है। छात्र के पिता पप्पू उपाध्याय डाक विभाग के कर्मी है। इसके पूर्व सोनम का चयन सीजीएल-22 पोस्टल असिस्टेंट ईपीएफओ मैं हुआ था। इसके बाद भी उसने अपनी पढ़ाई जारी रखी और कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त सेवा पद हासिल किया। सोनल ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

### ग्राम स्वास्थ्य समिति का गठन

धुरकी। प्रखंड क्षेत्र के शिवरी गांव में ग्राम स्वास्थ्य समिति का गठन करने के लिए मुखिया महबूब अंसारी की अध्यक्षता मे ग्राम सभा आयोजित की गई। इस दौरान सीएचसी धुरकी के बीटीटी सह पर्यवेक्षक सुधीर कुमार पांडेय की उपस्थिति में ग्राम स्वास्थ्य समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से स्वास्थ्य सहिया के पद पर अनमिका देवी का चयन किया गया। मौके पर नव चयनित स्वास्थ्य सहिया ने कहा कि वह अपने दायित्व और काम को ससमय करेंगी।

### कुरियर सर्विस कार्यालय में दिनदहाड़े लूट

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड में संचालित ई-कॉम एक्सप्रेस कुरियर सर्विस के कार्यालय में बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार तीन-चार युवकों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना के बाद डीएसपी दिवाकर कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले कि जांच की।

### डीडीसी ने जरूरतमंदों को गर्म चादर दिया

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीडीसी ऋतुराज शामिल हुए और आमजनों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। डीडीसी ने कड़ाके की ठंड में वृद्ध एवं जरूरतमंदों को गर्म चादर ओढ़ाया।

### अवैध बिजली जलाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी

धुरकी। बिजली चोरी की रोकथाम व बिना बिल भुगतान किए अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे लोगों के खिलाफ विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियो के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाया गया। विद्युत कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि छापामारी अभियान चलाकर अवैध बिजली जलाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

# बेमौसम बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

## झारखंड में भी चक्रवात 'माइचौंग' का गहरा असर, खरीफ की फसल को भारी नुकसान, रबी भी प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता



मरकच्चो (कोडरमा)। चक्रवात 'माइचौंग' का असर झारखंड में भरपूर दिख रहा है। दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से किसानों की आस पर पानी फिर गया है। बताते चलें कि प्रखंड के किसान बड़ी मेहनत से थोड़ी बहुत धान की फसल तैयार किये थे। उस धान की फसल को किसान खेतों से काटकर खलिहान में रखे थे। भारी बारिश से वह धान की फसल पूरी तरह भीग रही है, जिससे किसानों में मायूसी छा गई है।

बेमौसम बारिश से प्रखंड के किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसान अभी भी खलिहान में रखे धान को तिरपाल, प्लास्टिक आदि से ढककर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष भी सही समय पर बारिश नही होने के कारण प्रखंड के कुछ किसान जहां तहां से पानी की व्यस्था कर कर्ज लेकर जैसे तैसे मशीन से पटवन कर धान की फसल उपजाए थे। वह धान की फसल बे मौसम बारिश से खराब हो रही है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिख रही है। वहीं किसानों ने बताया कि इस साल फसलों के लिए बिल्कुल अच्छा नहीं रहा। कर्ज लेकर बुवाई की थी, मगर समय से बारिश नहीं होने के कारण खराब हो गई। वहीं दूसरी ओर जो भी थोड़ी बहुत फसल तैयार हुआ था वह लगातार हो रही बारिश के कारण खराब हो रहा है एवं जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश का असर सब्जियों की खेती पर भी पड़ रहा है, दिनभर चैक चैराहे सनाटा में तब्दील गयेय हैं, लगातार बारिश के कारण ठंड ने भी दस्तक दे दिया है।

### तैयार फसल नष्ट, जनजीवन भी अस्तव्यस्त



मझिआंव। चक्रवात 'माइचौंग' के कारण पिछले 24 घंटे से अनवरत हो रही बेमौसम बरसात के कारण तेज हवा एवं बढ़ती कनकनी से सारा जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। जिसके कारण ठंड से लोग अपने घरों में दुबके हुए है। वहीं दूसरी ओर किसानों का तैयार धान का फसल नष्ट हो गया है। जिससे किसानों के सामने विकट परिस्थिति आ गई है। तैयार फसल धान को काटने के बाद कुछ किसानों के द्वारा बोझा बांधकर खलिहान में रखा गया, तो कुछ किसानों का कटा हुआ धान का पांजा खेत में जमा पानी में तैर रहा है। किसानों का कहना है कि पानी से भींग कर तैयार धान काला होने के साथ ही उसमे अंकुर निकल आएगा। इधर कुछ किसानों के द्वारा गेहूं बुआई को लेकर खेत पटवन कर खेत तैयार होने का इंतजार किया जा रहा था। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि बेमौसम की बारिश ने किसानों का कमर तोड दी है।

## बारिश से बर्बाद हो रही धान की फसल

खबर मन्त्र संवाददाता



कांडी। प्रखंड के विभिन्न भागों में बुधवार की शाम से हो रही बारिश से किसानों का खरीफ एवं रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई दिनों से मौसम खराब होने के बावजूद भी धान की फसलों को किसी तरह से किसान भारी मशक्कत कर फसल को काटे, कई जगहों पर खेतों में धान की फसल लगी पड़ी हैं। कई जगहों पर धान की फसल की कटाई करने के बाद खेतों में बिखरे पड़े हैं तो कहीं खलिहान में धान की बोझा असामयिक वर्षा से बर्बाद हो रहे हैं। वर्षा के कारण खेतों में जल जमाव भी हो गया है। वहीं दूसरी तरफ कई किसानों द्वारा रवि फसलों की बुआई खेतों में की गई थी। जिसमें गेहूं व सब्जियों की खेती वर्षा से खराब होने की संभावना है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे ने बताया कि प्राकृतिक आपदा झेल रहे किसानों की दुखड़ा को कोई सुनने वाला नहीं है, किसानों को फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति का भरपाई अधिकारी पदाधिकारी द्वारा भी नहीं किया जाता है।

### फसलों के नुकसान से किसान परेशान

धुरकी। झारखंड में इन दिनों सुदूरवर्ती इलाके सहित प्रखंड में पिछले दो-तीन दिनों से हो रही बूंदा बूंदी बारिश से धान सहित अन्य फसल आलू, अरहर, सेम आदि फसलों का नुकसान हो रहा है। रबी फसल बोने वाले किसान भी इस बार मौसम की मार झेल रहे है। बेमौसम बारिष से किसानों की मुश्किल बढ़ती जा रही है। किसान का धान पक कर तैयार हो गया है। वहीं कुछ जगहों पर धान की फसल जमीन पर काट के बिखरी हुई है, जिन किसानों ने धान की कटाई कर खेतों में छोड़ दिया था उसके बदरंग होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। धान में नमी होने के कारण कटाई रुक गई है। प्रखंड के किसान पिंटू बैठा, महताब आलम, तुराब अली, मनोज कुमार, राजेन्द्र राम, रामदेव परहिया सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि धान कटाई के समय बारिश होने से धान की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। साथ ही लागत बढ़ने की चिंता सताई जा रही है।

## ट्रैक्टर चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराडीह से ट्रैक्टर चोरी मामले में थाना पुलिस ने एक युवक तथा घटना में शामिल चार अन्य विधि निरुद्ध किशोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संदर्भ थाना पुलिस ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि 06 दिसम्बर 2023 की रात्रि में चंदवारा थाना अन्तर्गत बाराडीह गांव के विकास पंडित पिता महेन्द्र पंडित के घर के सामने लगे सोनालिका ट्रैक्टर जेएच12के/5073 को पांच अज्ञात चोरों द्वारा ठेलकर ले जाने के क्रम में विकास पंडित का नींद खुल गया। इसके बाद ट्रैक्टर मालिक विकास पंडित द्वारा अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने की सूचना पुलिस को टेलिफोन के माध्यम से दिया गया।

पुलिस द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए भोंडो मोड़ से रात्रि में ही एक अपराधी को चोरी किए गए ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया एवं उसके स्वीकारोक्ति ब्यान पर छापामारी करते हुए घटना में शामिल अन्य चार विधि विरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया है, जिसमें 19 वर्षीय प्रकाश कुमार पिता अमृत साव ग्राम रोहनियाटांड तिलैया निवासी व चार अन्य विधि विरुद्ध किशोर शामिल हैं। वहीं चोरों के पास से चोरी हुआ ट्रैक्टर, घटना में प्रयुक्त स्पलेन्डर बाइक, दो रेंच व दो लॉक खोलने की चाभी भी बरामद की गई।

## चतरा उपायुक्त ने लावालौंग प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय लावालौंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड कार्यालय की साफ-सफाई, पेंयजल, पदाधिकारियें एवं कर्मियों की उपस्थिति का जांच किया। जांच कर उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रह कर अपने-अपने कार्यो का निष्पादन करेंगे।

वहीं, प्रखंड मुख्यालय में आये हुए आम जन से मिल उनकी समस्याओं को भी सुना। इसके पश्चात प्रखंड मुख्यालय समीप बन रहे प्रखंड कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा इसका खास ख्याल रखा जाय कि कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हो और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण हो।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी देखने गये

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लावालौंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल, शौचालय, कार्यरत एवं प्रतिनियुक्त चिकित्सक ,स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी की व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, वार्ड में व्यवस्था, दवा की उपलब्धता, कोल्ड चेन, स्नेक एंटी वेनम इंजेक्शन समेत अन्य की जांच की एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त अबु इमरान ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से भी उनके द्वारा दी जा रहे सेवाओं की जानकारी ली एवं ससमय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने मरीजों से भी मुलाकात कर उन्हें दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों का समुचित ईलाज करने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिये जिससे मरीजों का बेहतर इलाज सुनिश्चित कराई जा सके।

## एक नजर में

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फाइन आर्ट्स कार्यशाला



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन झुमरीतिलैया में आईक्यूएसी के तत्वावधान में फाइन आर्ट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार ने कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन प्रवीण कुमार जायसवाल, निदेशक कला किरण हजारीबाग का परिचय कराया। तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कला की विविध विधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी को युवा महोत्सव सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों पर सूक्ष्मता से प्रकाश डाला।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल



कोडरमा। द-पाठशाला रांची द्वारा आयोजित स्पेक्ट्रम स्क्रीनिंग टेस्ट में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 छात्रों को गोल्ड मेडल मिला है। इन छात्रों को गोल्ड मेडल के साथ-साथ नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट भी दिया गया। छात्रों में वर्ग से नवम प्रिंस कुमार, शदान कायनात व यश सिंह, जबकि कक्षा 10वीं से आदित्य राज, प्रिंस कुमार राणा और अमन राज तरुण के नाम शामिल हैं। सभी छात्रों को गोल्ड मेडल तथा नगद पुरष्कार से सम्मानित किया गया। वर्ग नवम से टॉप 15 छात्रों और वर्ग दशम से टॉप 30 छात्रों को सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने दी।

### जन्मदिन पर ब्रेड-चाय का वितरण

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह भावी अध्यक्ष प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी के पुत्र श्रेयस सोनी के चैथे जन्मदिवस पर स्थानीय रेफरल अस्पताल में 28 बंध्याकरण महिलाओं के बीच ब्रेड, चाय, टोस्ट तथा पारले-जी बिस्कुट का वितरण किया गया।

### स्वेटर और कंबल का वितरण

चतरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्य वो आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का निरीक्षण करने लावालौंग प्रखंड क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में प्रखंड के बांदू गांव में बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व बृद्धलोगों के बीच कंबल का वितरण किया और वहीं हाउस टू हाउस जा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।

### योजनाओं के स्वीकृति पत्र और चेक का वितरण

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान लावालौंग प्रखंड के लावालौंग पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। वहीं जेएसएलपीएस के सखी दीदीयों के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन

चतरा। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची के तत्वधान में जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एन.वाई.एफ) प्रतियोगिता 2023 का आयोजन जिला खनिज निधि कौशल विकास केन्द्र चतरा के सभागार में जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक (मु0) एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालय/विद्यालयों के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्टोरी लेखन में सिमरन कुमारी, फोक डांस ग्रुप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, फोक सॉन्ग सोलो में सुनिता कुमारी, फोक सॉन्ग ग्रुप में मनीषा एण्ड ग्रुप परसौनी इटखोरी, पेन्टिग में रोहित कुमार आदि ने अपने अपने कला क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है एवं सभी प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 हेतु चयन हुआ है।

### 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड के डुमरीकला पंचायत, लावालौंग प्रखण्ड के लावालौंग पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में फूलो झानों आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंस क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु अलग अलग प्रखण्ड में लाभुक हजारो की संख्या में कार्यक्रम में पहुंच आवेदन कर योजनाओं से लाभान्वित हुए।

### मुख्यमंत्री के बयान का किया स्वागत

कोडरमा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह कोडरमा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विगत 5 दिसंबर को कोडरमा आगमन पर अभ्रक उद्योग एवं ढिबरा व्यवसाय के संबंध में दिए गए बयान का स्वागत किया है। श्री सहाय ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपने वादे के मुताबिक कोडरमा एवं गिरिडीह क्षेत्र में जल्द ही कानूनी अड़चन दूर कर, जनता को अभ्रक एवं ढिबरा व्यवसाय निर्वाध रूप से करने का तोहफा दिया जाएगा।

### मरकच्चो में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिमरिया में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिवर में दिनभर हुवे रिमझिम बारिश के बाद भी लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी, लोग छाता लेकर शिविर में पहुंचे, शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए रिमझिम बारीश के बाद भी आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास व धोती, साड़ी, लुंगी वितरण में था।

### महिलाओं को मिला तीन लाख रुपये का चेक

मझिआंव। प्रखंड के बोदरा पंचायत मुख्यालय प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 906 आवेदन आम जनता ने जमा किये। जिसमें 16 मामले का निष्पादन किया गया। सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए 530 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान महिलाओं को स्वरोजगार के लिए जेएसएलपीएस द्वारा समूह के महिलाओं को तीन लाख का भी चेक प्रदान किया गया। इससे पूर्व बीडीओ सतीश भगत, अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, मुखिया पूनम देवी एवं पंचायत समिति सदस्य अनिल राम ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## करणी सेना अध्यक्ष की हत्या के विरोध में क्षत्रियों ने निकाली जन आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



मझिआंव। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्या के विरोध में बाजार क्षेत्र में क्षत्रियों ने जन रैली निकाली। रैली राधा कृष्ण मंदिर के पास से मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड से महाराणा प्रताप चैक पहुंची। यह जन आक्रोश रैली क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष नीरज सिंह, उपाध्यक्ष नवल सिंह, सचिव संजीव सिंह की अध्यक्षता में निकाली गई। सभी क्षत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह एक जघन्य अपराध है। सुखदेव दादा को जिसने भी मारा वो धोखे से मारा है। एक हिंदूत्व के बड़े चेहरा को मारा है यह हिन्दूत्व पर भी खतरा है। लोगों ने मसाल जुलूस के साथ हाथ में दर्जनों तख्तियां लिए हुए थे। जिसमें कहा कि हथियारों को फांसी दो फांसी दो, सुखदेव का बलिदान नहीं भूलेगा हिंदुस्तान, सुखदेव सिंह अमर रहें, अमर रहें। साथ ही लोगों ने सरकार से सीबीआई जांच करने की मांग की। क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी जी को जिस तरह से हत्या की है ऐसे अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देनी चाहिए। ऐसे अपराधी गैंग के लीडरों को तुरंत फांसी पर लटकाना चाहिए। जन आक्रोश मार्च समापन के दौरान सभी लोगों ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की आत्मा की शांति एवं इस विकट घड़ी में परिवार जनों को सहनशक्ति के लिए भगवान से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन भी रखा।

## 21 लाख रुपये की लागत से बना हाई स्कूल का नवनिर्मित भवन हो रहा जर्जर

खबर मन्त्र संवाददाता




डंडई। प्रखंड के तसरार गांव में लगभग 21 लाख रुपए की लागत से बनाया गया उत्क्रमित उच्च विद्यालय का नवनिर्मित भवन बेकार हो गया है। भवन अब जर्जर होने की कगार पर है। विभाग ने जिस मकसद से स्कूल भवन का निर्माण कराया था, आज वह मकसद टूटा हुआ प्रतीत होता है। वही स्कूल भवन निर्माण के साथ स्कूल मैदान का भी समतलीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए गए। बावजूद यहां हाई स्कूल की पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है।

नवनिर्मित भवन का परिसर और खेल का मैदान वीरान सा पड़ा हुआ है। नवनिर्मित हाई स्कूल भवन को जाने वाले रास्ते के मुख्य सड़क पर कुछ महीना पहले स्कूल का बोर्ड भी लगाया गया है, जबकि नए भवन में पढ़ाई अभी तक शुरू नहीं हुई है। बोर्ड का अवलोकन से प्रतीत होता है कि नवनिर्मित हाई स्कूल भवन के नाम पर शैक्षणिक कार्य कागजों पर चल रहा है। जबकी नवनिर्मित हाई स्कूल में किसी भी तरह का शैक्षणिक कार्य नहीं हो रहा है।

## 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सतगावां प्रखंड के टेहरो, डोमचांच प्रखंड के बगडो, चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह, जयनगर प्रखंड के जयनगर पश्चिमी एवं मरकच्चो प्रखंड के सिमरिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बीडीओ व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के माध्यम से आमजनों ने अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन दिया। साथ ही दाखिल खारिज, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर आवेदन दिया। वहीं बीडीओ व अन्य पदाधिकारियों द्वारा आवेदन के निस्तारण करने को लेकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया। शिविर में कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हुए। स्कूली बच्चों को साईकिल वितरण योजना और सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। आमजनों के बीच धोती, साड़ी और कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

## 101 कन्याओं की एक साथ हुई विदाई, छलक उठीं आंखें

खबर मन्त्र संवाददाता



गढ़वा। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा छह दिसंबर को शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के मैदान में गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। इस दौरान विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर शाम जयमाला कार्यक्रम के बाद सुर संग्राम सहित भोजपुरी जगत से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गानों पर कलाकारों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, सोसाइटी के सचिव की मां सुगापति देवी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्ला हक, बिहार से आए मौलाना उमर नूरानी, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि संस्था का यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस तरह का कार्य विभिन्न समाजसेवी संस्थान के द्वारा भी करने की जरूरत है। अगर ऐसा कार्यक्रम विभिन्न संस्थान के द्वारा किया जाएगा तो आने वाला समय में दहेज मुक्त विवाह सुनिश्चित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज दहेज के लिए बेटी मारी जा रही है। गर्भ में भ्रूण हत्या कराया जा रहा है। लोग इससे परहेज करें नहीं तो आने वाले समय में बेटी को खोजने के लिए विवाह करने के लिए अपने देश से दूसरे देश में भी जाना पड़ सकता है। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि गढ़वा की जनता ने मिथिलेश को चुना मिथिलेश ने विकास को चुना और विकास ने एक साथ 101 सीता जैसी बहनों की शादी कराना यज्ञ से भी बढ़कर सफल कार्य है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के द्वारा जो यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह गढ़वा के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि सोसाइटी के सचिव ने 101 बेटियों का डोली सजाकर इतिहास रचने का काम किया है। झामुमो के जिलाध्यक्ष ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही गौरव की बात है। इस दौरान डॉ यासीन अंसारी, उमर नूरानी ने भी संबोधित किया। मंच संबोधन के बाद विवाह संपन्न करा कर 101 कन्याओं की एक साथ विदाई के दौरान पूरा महफिल रो पड़ा था। यहां तक की संस्था के सचिव विकास कुमार माली और बाहर से चलकर आए हुए कलाकारों ने भी बहनों की विदाई को देखकर रो पड़े। इसके बाद संस्था के सचिव और कार्यकताओं के द्वारा डोली में बिठाकर बहनों को विदाई की।

# भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बीएसएनएल के रांची महाप्रबंधक यूपी शाह से की मुलाकात

➲ लातेहार जिले के सुदूर क्षेत्रों को बीएसएनएल के नेटवर्क से शीघ्र जोड़ा जाये : प्रतुल शाहदेव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज रांची स्थित बीएसएनएल के मुख्यालय जाकर महाप्रबंधक यू पी शाह से मुलाकात की और आग्रह किया कि लातेहार जैसे उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में बीएसएनल की सेवा का विस्तार होना चाहिए। प्रतुल ने जीएम को लातेहार के बारियातू, बरवाडीह ,बालूमाथ, चंदवा , गारू,हेरहंज, मनिका और सरजू ब्लॉकों के 50 ग्रामीण और जंगली इलाकों की सूची सौंपी जहां टावर लगाने की जरूरत है। श्री शाह ने प्रतुल को आश्वासन दिया कि लातेहार उनकी प्राथमिकता की सूची पर है और बीएसएनएल के नेटवर्क को फैलाने के लिए विस्तार की योजना बना रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने यू पी शाह से आग्रह किया कि वह जिले के अधिकारियों के माध्यम से पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों से भी जुड़े ताकि केंद्र सरकार के भविष्य की योजनाओं को बताने का मौका मिले। महा प्रबंधक यू पी शाह ने प्रतुल से लातेहार में टावरों के लोकेशन पर भी लंबी चर्चा की। प्रतुल ने आशा व्यक्त की है कि अब केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत लातेहार जिले में भी आने वाले समय में कनेक्टिविटी का प्रॉब्लम नहीं होगा। प्रतुल ने महाप्रबंधक का ध्यान चंदवा सहित अन्य इलाकों में बीएसएनएल की खराब कनेक्टिविटी की ओर दिलाया जिसे ठीक करने का आश्वासन मिला।

# बेमौसम बरसात से फसलों को भारी नुकसान

## दिसंबर माह में सावन-भादो सी बनी स्थिति, सूर्य भगवान के नहीं हो रहे दर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम लगातार बारिश ने जिले के जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। गौरतलब है कि चक्रवाती तूफान मिचौंग ने देश के कई राज्यों में कहर बरपाया है। जिसका व्यापक असर पूरे झारखण्ड राज्य के साथ साथ पूरे लातेहार जिले में भी देखा जा रहा है। लगातार बारिश से जिले की नदियां व नहरें पूरी तरह उफान पर हैं। गलियों में जलजमाव हो गया है। बरसात देख कर ऐसा लग रहा है कि दिसंबर माह में सावन भादो की स्थिति हो गई है। जहां पिछले 48 घंटे से अधिक समय से पूरे जिले में झमाझम बारिश हो रही है। दो दिनों से लोगों को सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए है। बारिश के कारण दो दिनों तक लोग अपने घरों में दुबके रहें। ज्यादा जरूरत महसूस होने पर ही छाता लेकर बाहर निकले। वहीं बाजारों से भी रौनक गायब रही। बेमौसम बारिश का असर विद्युत आपूर्ति पर भी देखा गया। पूरे दिन बिजली की आंख मिचौली होती रही और ग्रामीणों अंचलों में घंटो घंटो तक बिजली गायब रही।



फसलो का हो रहा है नुकसान।

### फसलों को भी हो रहा है नुकसान

बेमौसम बारिश से किसानों को भी खासा नुकसान हो रहा है। किसानों के खेतों में पानी भर जाने से गेहूं, जौ, आलू, चना, मसूर, मटर व सरसों रबी की फसलें आदि खराब होने की संभावना बढ़ गई है। अगर एक दो दिन और वर्षा हुई तो किसानों को बड़ा नुकसान होगा। वहीं इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में बेमौसम बारिश से शादी खुले आसमान के नीचे दावत आदि के इंतजाम में लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। इधर बारिश के होने से ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया हैं। छोटे बच्चों में सर्दी खासी बुखार में तेजी आई है।

## ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर अपने मंतव्य को किया स्पष्ट

**गारू।** पलामू व्याघ्र परियोजना के (कोर एरिया) कुजूरूम गांव के 70 परिवार के लिए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकार की मार्ग दर्शिका में प्रस्तावित पुनर्वास विकल्प 2 के तहत 5-5 एकड़ खेती योग्य जमीन, मकान, खतियानी दस्तावेज एवं सामूहिक सुविधा (जैसे बिजली, पानी, मोबाइल टॉवर सड़क इत्यादि) उपलब्ध कराने के संबंध में वन विभाग द्वारा आना-कानी करने के संबंध में 4 दिसंबर को कुजूरूम गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की जब तक वन विभाग कुजूरूम गाँव के 70 परिवार के लिए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकार की मार्ग दर्शिका में प्रस्तावित पुनर्वास विकल्प 2 के तहत 5-5 एकड़ खेती योग्य जमीन, मकान, जमीन की खतियानी दस्तावेज एवं सामूहिक सुविधा ( जैसे बिजली, पानी, मोबाइल टावर सड़क इत्यादि) उपलब्ध नहीं कराती हम कुजूरूम गाँव के निवासी गाँव खाली नहीं करेंगे। सहमति के बाद ग्रामीणों ने इसका प्रत्र प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड, प्रधान सचिव, झारखंड सरकार एवं उपायुक्त लातेहार को सूचनार्थ पत्र प्रेषित किया गया। ज्ञात हो कि ग्राम सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार छह दिसम्बर को उपायुक्त लातेहार, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, प्रमुख सचिव, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री, झारखंड, प्रधान सचिव, झारखंड सरकार, को रजिस्ट्री डाक से पत्र भेजा गया है।

# हेरनहोपा के ग्रामीणों ने अमानत नदी पर पुल निर्माण करने को लेकर विधायक को सौंपा आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले बालूभांग पंचायत अंतर्गत हेरनहोपा के ग्रामीणों ने अमानत नदी मे पुल निर्माण कराने को लेकर ग्रामीणों ने विधायक वैद्यनाथ राम को लिखित आवेदन सौपा है। आवेदन के माध्यम से ग्रमीणो ने बातया की अमानत नदी मे पुल निर्माण नहीं होने के कारण बालूभाँग पंचायत एवं आसपास के ग्रामीण जनता को अवागमन करने मे काफी परेशानी हो रही हैं। यह अमानत नदी लातेहार व चतरा जिला से जुड़ा हुआ हैं। दो जिला के लोग नदी पार अवागमण करते है। बरसात के दिनों मे विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को नदी पार कर विद्यालय जाना पड़ता है जिससे परिजन काफी चिंतित रहते हैं। अधिक बाढ़ रहने के कारण कई दिन तक गांव के स्कुली बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं जिससे पठन पाठन प्रभावित होता है। नदी में पुल नहीं रहने से कई ग्रामीण नदी की बाढ़ के चपेट आकर बह गए हैं। गांव के गाय बैल भैस तो प्रत्येक बरसात में दर्जनों नदी की बाढ़ में समा गए हैं। ग्रामीणों ने उपरोक्त समस्या से विधायक को अवगत कराते हुए अमानत नदी में पुल निर्माण करवाने की गुहार लगाई है।



विधायक को आवेदन सौंपते ग्रामीण।



अमानत नदी।

## एक नजर में

### 3 दिनों से हो रही बारिश के कारण धान के तैयार फसल को भारी नुकसान

➲ किसान नेता प्रमोद साहू ने की किसानों को मुआवजा देने की मांग



**चंदवा।** चक्रवाती तूफान मिचोंग के प्रकोप के कारण चंदवा प्रखंड में विगत 3 दिनों से हो रही लगातार बारिश के वजह से धान की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। फसल तैयार होने के बाद किसानों ने तैयार धान की फसल को काटकर खेतों में छोड़ा था, जो बारिश में खराब हो गया। किसान नेता प्रमोद साहू ने किसानों को मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि बेमौसम भारी वर्षा के कारण किसानों के धान के फसल को भारी नुकसान हुआ है। एक ओर समय पर वर्षा नहीं होने के कारण किसान धान की खेती सही से नही कर पाए, जिस कारण पूरा प्रखण्ड सुखाड की चपेट में है, कुछ बहुत किसान पटवन के सहारे धान की खेती किये थे व धान के फसल को सिर्फ काट मैस कर घर में रखना था, इस समय अचानक भारी बारिश के कारण फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन से गांव में सर्वे करा कर फसल के नुकसान का उचित मुआवजा किसानों को देने की मांग प्रमोद साहू ने की है।

### चंदवा में चक्रवात 'माइचौंग' का असर, दो दिनों से लगातार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त



**चंदवा।** चक्रवात माइचौंग का चंदवा में व्यापक असर देखने को मिल रहा रहा है। चंदवा प्रखण्ड में विगत 3 दिनों से लगातार मौसम शुष्क बना हुआ है। इसके साथ ही लगातार दो दिनों से झमाझम बारिश भी हो रही है, जिस कारण जन जीवन अस्त व्यवस्त हो गया है। लोग बारिश व ठंड के कारण घरों में दुबक कर रहने को मजबूर हो गए हैं, जरुरी कार्य के लिए बाहर निकलने पर लोग गर्म कपड़े के साथ रैनकोर्ट का सहारा ले रहे हैं। इस साइक्लोन को लेकर प्रशासन व स्वाथ्य विभाग भी अपने स्तर से सभी सुविधाएं दुरुस्त करने में जुटे हैं। डॉक्टर बताते हैं कि मौसम में अचानक बदलाव से मानव शरीर पर असर देखा जा सकता है। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने व खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह डॉक्टरों ने दी है। इधर खराब मौसम के बावजूद शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नही होने व गरीब असहायों के बीच अब तक कम्बल का वितरण नही होने से गरीबो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकताओं ने प्रशासन से बढ़ती ठंड को देखते हुए तत्काल अलाव की व्यवस्था करने व गरीबों के बीच कम्बल का वितरण करने की मांग प्रशासन से की है।

## स्पीड न्यूज

### तीन देसी बंदूक के साथ चार शिकारी गिरफ्तार, गये जेल



गिरफ्तार शिकारी।

**गारू।** गुप्त सूचना के आधार पर उप निदेशक कुमार आशीष पलामू व्याघ्र परियोजना, दक्षिणी प्रमंडल डालटनगंज के निदेर्शानुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी गारू पूर्वी प्रक्षेत्र उमेश कुमार दुबे द्वारा गुरुवार की अपराह्न में टीम बनाकर गारू पूर्वी प्रक्षेत्र के गोईन्दी पीएफ के दुवरीया नामक स्थान पर शिकार करने का प्रयास करते हुए (दो) अपराधी अमरदयाल सिंह पिता मुनेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह पिता जगनारायण सिंह दोनों ग्राम-बैगाटोली, थाना-गारू को दो देशी भरतुवा बन्दुक के साथ गिरफ्तार किया गया एवं घटना स्थल से फरार अपराधी को पुन: टीम बनाकर 8:00 बजे रात्री को रिंकु सिंह पिता बालगोविन्द सिंह, कुशदेव सिंह पिता सुर्यदेव सिंह दोनों ग्राम- कोटाम, थाना-गारू को एक पीस देशी भरतुवा बन्दुक (जो कुशदेव सिंह के द्वारा अपना घर के बगल में महुआ पेड़ में छिपा कर रखा हुआ था) के साथ ग्राम कोटाम से गिरफ्तार कर सभी चार अपराधी को जेल लातेहार वन प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत भेज दिया गया। रेंजर श्री दुबे ने बताया की चारों अपराधी द्वारा पूर्व में भी जंगली जानवर का शिकार किया जाता रहा है। छापामारी टीम में वनकर्मी रंजय कुमार, प्रभारी वनपाल, आशिष कुमार, वनरक्षी, गौरांग स्वाशी, वनरक्षी, रोहित कुमार, वनरक्षी, राजकिशोर कुमार राम वनरक्षी समेत अन्य वनकर्मी शामिल थे।

### बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार वारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वही तापमान में भारी गिरावट आया है। गुरुवार को बालूमाथ का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। इधर दो दिनों से हो रही वारिश से ठंड बढ़ गया है। इस बारिश से धान के फसल को नुकसान होने की संभावना है। जबकि किसानों के अनुसार इस रवि फसल को फायदा होगा। इधर बढ़ते हुए ठंड और वारिश के कारण बुधवार एवं गुरुवार को बालूमाथ बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। लोग अपने घरों में दुबके रहे।

# लातेहार पहुंचे झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**लातेहार।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी का गुरूवार को लातेहार में आगमन हुआ। इस दौरान पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों से लेते हुए बाल अधिकार के प्रति संबंधित पदाधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल अधिकार संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों व अन्य योजनाओं की जानकारी ली गई। तथा रजिस्टर्ड प्ले स्कूल की जानकारी लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जल्द से जल्द शेष प्ले स्कूल का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से बच्चों के पठन- पाठन बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओ, डीएमएफटी, सीएसआर के फंड से बच्चों के लिए किये गए कार्य, श्रम विभाग द्वारा जिले में बाल श्रमिकों को मुक्त कराने, कार्रवाई के संबंध में क्रमवार जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान डीएमओ को माइनिंग क्षेत्र में संचालित वाहनों पर चाइल्ड लेबर, चाइल्ड मैरिज, चाइल्ड अब्यूज पर स्लोगन लगवाकर जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला के बच्चों से संबंधित शिक्षा का अधिकार, बाल पलायन, बाल श्रम, पोषण, मादक पदार्थो का सेवन, स्मार्ट फोन का दुरूपयोग आदि से संबंधित विषय पर विचार विमर्श कर उसके निराकरण, जागरूकता को लेकर सबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते पदाधिकारी।

## झारोटेफ, एनएमओपीएस का जिला स्तरीय ऑनलाइन बैठक गूगल मीट के माध्यम से संपन्न

➲ झारोटेफ, एनएमओपीएस का जिला अधिवेशन सह सांगठनिक पुनर्गठन 10 दिसंबर को



**लातेहार।** माको डाक बंगला में झारोटेफ, एनएमओपीएस का जिला स्तरीय ऑनलाइन बैठक गूगल मीट के माध्यम से जिला संयोजक प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन जिला संरक्षक हीरा प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जोन संगठन सचिव अजय कुमार शामिल थे। बैठक में आगामी 10 दिसंबर को होने वाले जिला स्तरीय सम्मेलन सह सांगठनिक पुनर्गठन की तैयारी हेतु चर्चा की गई।

**अधिवेशन का मुख्य विंदुः** एनएसडीएल एवं एनपीएस में काटी गई पैसा की वापसी, हर हाल में 62 साल सेवा निवृत्ति, सभी कर्मचारियों को एमएसीपी लाभ सुनिश्चित हो, जिला के शिक्षक, कर्मचारियों को पहाड़ी भत्ता, राज्य के कर्मचारियों को भी केंद्र के अनुरूप बोनस लागु की जाए। बैठक में संजीव कुमार चंद्र, विजय लाल, संतोष कुमार पांडे, अशोक कुमार सिंह, राजेश कुमार, अवध बिहारी पांडे, दिलीप कुमार सिंह, अरविंद कुमार रवि अनिल कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, सुजाता कुमारी, प्रेम कुमार यादव, रामचंद्र सिंह, चिंतामणि कुमारी, उमेश कुमार सिंह, सुदामा सिंह, विक्की गुप्ता, अनु कुमारी सहित कई लोग शामिल थे।

# पीएनएम कंपनी के विरुद्ध मजदूरों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में पीएनएम आउटसोर्सिंग कंपनी के विरुद्ध 28 दिनों तक चल रहे अनिश्चितकालीन धरना के बाद गुरुवार से मजदूरों ने कंपनी के खिलाफ अपनी मांगों के लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर चले गए। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य राजहरा गिरधारी यादव के नेतृत्व में मजदूरों द्वारा धरना दिया जा रहा है। मौके पर जानकारी देते हुए गिरधारी यादव ने कहा की पूर्व में कंपनी के द्वारा कई बड़े वायदे किए गए थे। जिसमें विस्थापितों को नौकरी, स्कूल बस की व्यवस्था, एंबुलेंस की व्यवस्था व स्थानीय लोगो को रोजगार शामिल था। जिसमें कंपनी के द्वारा विस्थापितों को काम देने के दो वर्ष बाद नौकरी से हटा दिया गया। इसको लेकर मजदूर आंदोलन कर रहे हैं कई बार कंपनी के पदाधिकारी के साथ सीसीएल पदाधिकारी के समक्ष वार्ता हुई। लेकिन सभी वार्ता विफल रही जिसके बाद सभी लोग धरने पर चले गए बावजूद इसके कंपनी के कान में जु नही रेंगा तो धरना गुरुवार से भूख हड़ताल में तब्दील हो गया। आगे उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा पूर्व में किए गए वायदा और मजदूरों का जब तक मांग पूरा नहीं होता है ।तब भूख हड़ताल जारी रहेगा। वहीं मौके पर हड़ताल तोड़ने के लिए सीसीएल मैनेजर दीपक कुमार ने भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचकर हड़ताल तोड़ने का आग्रह किया। लेकिन मांग पूरा नहीं होने के कारण वार्ता विफल हो गया। मौके पर सुजीत यादव,नवीन उरांव, सुरेंद्र यादव, मनक महतो, संतोष यादव, झूना तुरी, पंकज कुमार, मोहन यादव, प्रकाश तुरी, रूपेश कुमार, बबलू यादव, संजीत उरांव, गणेश उरांव, रवींद्र यादव, विनोद यादव, मंदेश उरांव, बलराम उरांव, संजीत कुमार उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।



भूख हड़ताल पर गये मजदूर।

### गाली-गलौज कर मारपीट करने का आरोप

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित रिया-रानी इलेक्ट्रॉनिक के संचालक द्वारा अपने कर्मी के मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अंकित तिवारी रंका जिला गढ़वा निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मैं करीब एक वर्ष पूर्व रिया रानी इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम करता था। इसी बीच रिया रानी दुकान के मालिक हीरोकांत गुप्ता मुझे अपनी दुकान से निकाल दिया। जिसके बाद मैं मोबाइल गैलेक्सी बालूमाथ दुकान में काम कर रहा हूं। बीते शनिवार को मैं दुकान से काम कर अपने डेरा( ब्लॉक कॉलोनी)जा रहा था। तभी रिया-रानी इलेक्ट्रॉनिक के दुकान के मालिक ताराकांत गुप्ता ,ध्रुवकांत गुप्ता दोनों पिता हरिहर प्रसाद गुप्ता ग्राम शेरेगढा थाना बालूमाथ निवासी ने मुझे अपने दुकान में बुलाया और दोनों भाइयों ने मिलकर मुझे गाली गलौज देते हुए मेरे साथ मारपीट किया और मेरे मोबाइल का सीम छीन लिया और धमकी देते हुए कहा कि कल से बालूमाथ में नजर नहीं आना नहीं तो तुम्हारी हत्या कर देंगे। पीड़िता ने इस संबंध में बालूमाथ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### चंदवा पुलिस ने लगातार दूसरे दिन चलाया एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में चंदवा पुलिस के द्वारा गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों से वाहनों के कागजात, हेलमेट, लाइसेंस, इन्सुरेंस आदि कागजातों की जांच की गई, जांच के क्रम में लगभग दर्जनों दो पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक वाहनों को परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया। पकड़े गए वाहनों से फाइन वसूली को लेकर पुलिस की टीम के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही थी। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि अभियान बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक व अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान में चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# आजसू पार्टी की बैठक संपन्न, जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा- 12 दिसंबर को पीएचडी विभाग का घेराव कर नल जल योजना में हो रही धांधली का खोलेंगे पोल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत देव इन होटल में आजसू प्रखंड कमेटी और पंचायत कमेटी का बैठक रखा गया। जिसमे सभी पंचायत से सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए और मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह और जिला अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने बालूमाथ प्रखंड और पंचायत कमेटी को मजबूत करने को लेकर अपने-अपने बातों को रखा और वर्तमान सरकार के कार्यशैली पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार इस प्रदेश को लेबर स्टेट बना के रख दिया है क्योंकि यहां भरे पूरे खनिज संपदा रहने के बाद भी यहां के लोग लगभग 8 से 10 लाख मजदूर दूसरे प्रदेशों में कमाने जाते हैं इतनी बड़ी संख्या में लोग दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं तो सरकार चलाने का मतलब क्या हुआ, वहीं पर दूसरी ओर जिलाध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचारियों की सरकार है बिना चंदा दान पून दिए काम नहीं होता है। नल जल योजना में जिले में भारी घोटाला हो रहा है इस बैठक में हीरो कुमार यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष के पद पर नव नियुक्त करते हुए जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने माला और पट्टा बनाकर सम्मानित किया। इस बैठक के अध्यक्षता कर रहे एवं मंच के संचालन कर रहे हैं शंकर उरांव ने कहा कि सभी पंचायत में जाकर ग्राम कमेटी पार्टी स्तरीय पर बनेगी और प्रखंड क्षेत्र में पार्टी को एक ऊर्जा भी मिलेगी। जिससे पार्टी जनता के मुद्दों को सड़क से सदन तक पहुचायेगी। मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव के मिश्रा, जिला प्रवक्ता नीतीश कुमार पांडे, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास, पूर्व केंद्रीय सदस्य रोहित महतो, पूर्व बिससूत्री रामदीन भुईयां, प्रखंड कोषाध्यक्ष अजीत लोहरा, प्रखंड उपाध्यक्ष हीरो यादव, मीडिया प्रभारी अजय तूरी, प्रखंड महासचिव अमित तूरी, अंकित पांडे, महेंद्र उरांव, सनील उरांव, आरतीक उरांव, बिगन गंझू, रंजीत गंझू, रंजन यादव, सेकेंदर उरांव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बैठक करते कार्यकर्ता।

### मोरवाई में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम आज

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र मोरवाई पंचायत में आज दिन शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शिविर के आयोजन को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी देते हुए मोरवाई पंचायत के मुखिया सह पूर्व सैनिक आशीष सिंह ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बरवाडीह के सभी विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने पंचायत के ग्रामीणों से भारी संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। मुखिया ने बताया कि शिविर को लेकर पंचायत के सभी दूर दराज के ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग शिविर में पहुंचकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

स्पीड न्यूज

## छेड़खानी के मामले में दोषी को पांच साल की सजा

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले की एक अदालत ने गुरुवार को मानसिक रुप से अस्वस्थ नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने के मामले में दोषी को पांच वर्षों के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के विशेष न्यायाधीश प्रतिमा परिहार की अदालत ने सीतामढ़ी जिला के नानपुर थाना क्षेत्र के सिरसी निवासी मोहम्मद फिरोज के पुत्र मोहम्मद तबरेज को एक मानसिक रुप से अस्वस्थ नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने की जुर्म में पांच वर्षों का सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## पांच अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के नगरा ओपी क्षेत्र में पिछले दिनों मोटरसाइकिल लूट के मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने गुरुवार को यहां बताया कि पांच दिसम्बर को ओपी क्षेत्र कटेसर गांव के शिव मंदिर के समीप एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल और रुपए की लूट की घटना के बाद पीड़ित ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ओपी क्षेत्र के कटेसर गांव निवासी दीपक कुमार और उज्जवल सिंह, जलालपुर थाना के जी एस बंगरा गांव निवासी अनिकेत कुमार, सुभाष कुमार यादव तथा सुबोध कुमार सिंह को गिरफ्तार कर उक्त मोटरसाइकिल के अलावा घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

## 930 बोतल नेपाली शराब किया जब्त

**सुपौल।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सुपौल जिले के नरपटपट्टी इलाके से गुरुवार को करीब एक हजार बोतल नेपाली शराब जब्त की है। एसएसबी के 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट रूपेश शर्मा ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि स्पर संख्या-1775 एवं 1827 के मध्य क्षेत्र से नेपाल से भारत की तरफ नेपाली शराब की तस्करी होने वाली हैं। आसूचना की पुष्टि करने के उपरांत इसकी जानकारी उत्पाद विभाग, सुपौल के साथ साझा की गयी तथा तस्करों को पकड़ने के लिए एक संयुक्त दल का गठन कर उसे उक्त स्थान के लिए रवाना कर दिया गया।

## मंडल कारा का एसडीओ ने की औचक छापेमारी



**पाकुड़।** मंडल कारा पाकुड़ में बुधवार देर रात 11:00 बजे से 1:00 बजे तक औचक छापामारी अभियान चलाई गई। एसडीओ हरिवंश पंडित व एडिशनल कलेक्टर मंजू रानी स्वांसी एके नेतृत्व में कैदियों के सभी वार्डों की सघन तलाशी ली गई। सभी वार्ड और एक-एक कैदियों के बेड और उनके सामानों की तलाशी ली गई। हालांकि तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामान नहीं पाई गई।जेल अधीक्षक एवं जेलर ललन भारती ने बताया कि मुख्यालय से मिली शख्स निर्देश पर जेल की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। कैसियो से मिलने आने वाले मुलाकाती की शक्ति से जांच पड़ताल करने के बाद ही उन्हें मिलने की अनुमति दी जाएगी। जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों ने भी जेल सुरक्षा की ऑडिट की है। ऑडिट के दौरान जेल सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।जेल में लगे सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की गई। छापेमारी अभियान में मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद सहित आदि पुलिस के जवान के मौजूदगी में जेल में आवश्यक तलाशी अभियान चलाई गई।

## जिला में दिख रहा मिचोंग का असर

पाकुड़। साइक्लोन मिचौंग का असर पाकुड सहित सभी प्रखंड क्षेत्र में दिखाई दे रहा है,दो दिन से लगातार हो रही हल्की हल्की बारिश से ठंड बढ़ने लगी है, गर्म कपड़े लोगों के द्वारा निकाले जा रहे है, चाय पकौड़े के साथ लोगों के द्वारा बारिश का एक अलग ही मजा ले रहे है,मौसम विभाग के अनुसार मिचौंग तूफान की वजह से मौसम में तब्दीली देखने को मिली है।

# दरभंगा के 32 सहित 50 मदरसों की मान्यता रद्द

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार ने उच्च न्यायालय की त्रिसदस्यीय समिति के प्रतिवेदन के आधर पर दरभंगा के 32 समेत राज्य के 50 सरकारी मदरसों की मान्यता रद्द कर दी है। इस आलोक में माध्यमिक शिक्षा के विशेष निदेशक ने बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड के सचिव को पत्र भेजा है। समिति ने 142 मदरसों की जांच की थी। इसमें किशनगंज, पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर व दरभंगा के 50 सरकारी मदरसा की मान्यता रद्द करने का आदेश दिया गया है। मान्यता रद्द करने की अनुशंसा के बाद तत्काल इनका वेतनानुदान स्थगित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से मदरसा संचालकों व शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। दरभंगा जिले के जिन 32 मदरसों की मान्यता रद्द की गई है, उनमें सिंहवाड़ा प्रखंड के रामपुरा मदरसतुल बनात सखावतिया व अज्ञासपुर में मदरसा सैफुल इस्लाम, जाले में नरौछ धाम के मदरसा दारूल बनात व जहांगीर टोला में मदरसा इस्लामिया बहरूल उलूम, सदर प्रखंड के बड़ी भलनी में मदरसतुल सालेहाल व भलनी




में मदरसा तालिमुल इस्लाम, मदरसतुल बनात फारूकिया, लोआम में मदरसतुल सालेहात, छोटाईपट्टी में मदरसा दिनियां रामपुर, मदरसा जामेतुल बनात, काबरिया, अलीनगर प्रखंड के घमसाइन मोमिन टोल में मदरसा दारूल बनात, मिसवाहुल उलूम, मदरसा मसीहा दारूल बनात बघेला, मोतीपुर मिजार्पुर में मदरसा नसीमियां बनात, गौड़ाबौराम के नारी में मदरसा उस्मानियां निसवा, आसी में मदरसा तालिमुल कुरान, केवटी के शेखपुरा डगरवारा में मदरसा इस्लामिया, बाबू सलीमपुर में मदरसा मदरसतुल बनात, रजौड़ा में मदरसा इस्लामिया, घनश्यामपुर के पड़री में मदरसा कादरिया, शाहपुर गनौन में मदरसा समीनुल उलूम तथा कुमरौल में मदरसा अनवारूल उलूम, बहादुरपुर के डलौर शोभन में मदरसा मोहम्मदिया हुसैनाबाद, मिल्की चक में मदरसा बनातुल फातिमा,धरनीपट्टी में मदरसा मदरसतुल बनात तसलिमिया, हरिचंदा में मदरसा बनात इस्लामिया, मनीगाछी के मरवाघाट में मदरसा फैजुल रसूल, हायाघाट के चंदनपट्टी में मदरसा इमामिया, बिलासपुर में मदरसा अब्दुर खनसिवां, बहेड़ी के जोरजा निमैठी में मदरसा बदरूल उलूम अब्बासिया शामिल है। इसके अलावा समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड समथू में मदरसा अखतरूल इस्लाम, वारिसनगर के रामपुर में मदरसा तालिमुल कुरान निसवान, ताजपुर के भैरोखड़ा दर्जी टोला में बदरूल उलूम, सिंघिया सोनसा में मदरसा रहमानियां, छतौना सरतपुर में मदरसा ज्याउल उलूम, बांदे में मदरसा अजीजुल उलूम, सिंघिया सालेपुर बलहा में मदरसा मोहम्मदिया रहमानिया, विभूतिपुर में मदरसा अखतरूल इस्लाम खदियाही पर कार्रवाई हुई है। किशनगंज जिला के बेलवा में मदरसा इलमुलधनी वाभनडूबा, छगलिया में मदरसा इस्लाहुल मोसलमीन, अमलाझाड़ी मदरसा मिसवाहुल उलूम, चकलाघाट में मदरसा इस्लामिया फैजूल गुरबां, पूर्वी चंपारण के मधुबन में मदरसा फलाहुल मुस्लेमीन, संग्रामपुर में मदरसा मिल्लते निसवां, जैतापुर रामगढ़वा में मदरसा रेयाजुल खालिक, चिरैया का मदरसा इस्लामिया सल्फी माधोपुर कार्रवाई की जद में आए हैं।

# शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का दूसरा दिन

**▶▶ दुनिया एक ग्लोबल विलेज के समान, भारतीय हस्तशिल्प की दुनिया में अच्छी मांग, एक्सपोर्ट मार्केटिंग के लिए गुणवत्ता पूर्ण प्रोडक्ट की जरूरत**

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा संेट जेवियर कॉलेज, महारो में आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिसमे राज्य के पांच क्षेत्रीय हस्तशिल्प विधा यथा बांस शिल्प, आर्टिस्टिक टेक्सटाइल, जादोपटीया लोकचित्रकला, हैंड एम्ब्रोइडरी और जलकुंभी से शिल्प बनाने की प्रक्रिया को जाना और खुद भी बनाने का प्रयास किया। उन्होंने हस्तशिल्पियो से उनके शिल्प अनुभव को जाना। सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर द्वारा द्वितीय सत्र में छात्रों को हस्तशिल्प के क्षेत्र में करियर बनाने हेतु करियर काउंसलिंग के दौरान प्रोडक्ट डेवलपमेंट एवं ऑनलाइन मार्केटिंग के बारे में विस्तृत से बताया। उन्होंने बताया कि भूमंडलीकरण के दौर में प्रोडक्ट, पैकेजिंग एवं उसके डिजाइन की विशेष महत्व है, जिससे विद्यार्थियों के लिए हस्तशिल्प के क्षेत्र में कई रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। दुनिया एक ग्लोबल विलेज के समान हो गई है। भारतीय हस्तशिल्प की दुनिया में अच्छी मांग है, बस एक्सपोर्ट मार्केटिंग के लिए गुणवत्ता पूर्ण प्रोडक्ट की जरूरत है। विषय प्रवेश प्राचार्य फादर डॉ स्टीफन राज ने कराया। उन्होंने छात्रों से कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से आप सभी को हस्तशिल्प की विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी। इच्छुक विद्यार्थी एक्सपोर्ट मैनेजमेंट में ऑनलाइन कोर्स में उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर सकते है। इस दौरान बीसीए, बीबीए, कॉमर्स, भूगोल, अंग्रेजी, जीव विज्ञान सहित अन्य कक्षा के विद्यार्थी कार्यक्रम में भाग लिया एवं अपने अपने अनुभव साझा किए। मौके पर कॉलेज के शिक्षक एवं हस्तशिल्प विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग परियोजना में कार्यरत 32 वर्षीय सीसीएल कर्मी दासू भोक्ता पिता स्वर्गीय सोनालाल गंजु जो गोबिन्दपुर सीसीएल में करीब 7 साल से डंफर मैकेनिक पद पर कार्यरत था। वह अपनी बाईक संख्या जे एच 09 एस- 7835 से कार्य खत्म कर वापस अपने घर लुकुबाद जा रहा था उसी दरम्यान कोयला लदा हाईवा गाड़ी संख्या ओ डी 09 पी-3256 जो विपरीत दिशा से आ रही थी कि चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना गंडको नाला के मुख्य सड़क पर घटी है। वही घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन व स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है।

# भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिली



खबर मन्त्र संवाददाता

**▶▶ 'हर बार मोदी, बार-बार मोदी' जन जागरूकता मिशन की दी जानकारी**

**▶▶ गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के विभिन्न भागों में चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी**

**बेरमो।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बेरमो विधानसभा क्षेत्र की फुसरो निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक व भाजपा की सबसे अधिक सक्रिय नेत्री डॉ उषा सिंह देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मिली और उन्हें हर बार मोदी बार-बार मोदी जन जागरूकता मिशन के तहत गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के विभिन्न भागों में चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने उन्हें गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को मजबूत होते स्थिति की भी जानकारी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें हर बार मोदी बार-बार मोदी जन जागरूकता मिशन कार्यक्रम की काफी सराहना की। डॉ उषा सिंह ने रक्षा मंत्री को बताया कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में तथा शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर हर बार मोदी बार-बार मोदी, जागरूकता मिशन के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विभिन्न जनहीतकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा संपूर्ण विश्व में भारत और भारतवासियों की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए किया जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया जाता है जिससे लोग काफी प्रभावित हो रहे है। इस कार्यक्रम में गरीब बेटियों, गरीब छात्राओं, और गरीबों की हर संभव मदद करने के साथ-साथ उन्हें चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जाती है। गरीब बेरोजगार महिलाओं को सिलाई मशीन तथा स्कूलों में जरूरत के हिसाब से पंखा एवं उपस्कर भी प्रदान किया जाता है।

# भाजपा विधायक का आरोप संदर्भ है मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आमंत्रण नही मिलना

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** गुरुवार को भाजपा विधायक अमित मंडल ने प्रेस वार्ता में राज्य सरकार और प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी जतायी। गोड्डा विधायक ने कहा की मुख्य मंत्री झारखंड का ये कार्यक्रम मेरे विधान सभा क्षेत्र में की जा रही है और एक क्षेत्रीय विधायक होने के नाते मुझे आमंत्रण नही देना लोकतंत्र के साथ मजाक और साफ तौर पर विपक्ष का अपमान है। जबकि सरकारी कार्यक्रम है इसमें जितनी भी योजनाएं चल रही हैं वो केंद्र और राज्य सरकार के कोश से चलाई जा रही है कोई निजी झामुमो पार्टी की कार्यक्रम नही है। ये आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के विकास की योजनाएं हैं। मुख्यमंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र का अवलोकन कर बताएं कितनी योजनाएं सफलता पूर्वक चल रही हैं जो शिक्षा स्वास्थ्य और सड़क के साथ भोजन वस्त्र और आवास जैसी मूल भूत आवश्यकताओं जैसी योजनाओं को चलाने में विफल रहे नतीजा हाल में ही सुंदर पहाड़ी प्रखंड के बड़ा सिमरा के चर्चे पूरे देश ने देखे और सुने जिसमे कई पहाड़ियों के बच्चों की मलेरिया से मौत हो गई। वहां आज भी सड़क नही, स्कूलों में नियुक्त शिक्षक ही नही जाते। मुझे आशा थी कि इस कार्यक्रम में मैं मंच पर रहता तो बसंत राय जैसे जगहों के लिए कई योजनाओं का प्रस्ताव रखता लेकिन दुर्भाग्य है नफरत की राजनीति में उतने ही कंवल खिलते हैं जितनी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते चुने हुए प्रतिनिधियों के प्रोटोकाल का उल्लंघन कर उपेक्षा कर अपनी पार्टी के विकास के लिए कार्य करना। अभी तक जो भी योजनाएं इस क्षेत्र के विकास के लिए आये मेरे सक्रिय प्रयास से आए हैं जिनमे उनका कोई योगदान नहीं है।

## आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम किया गया आयोजन



**पाकुड़।** जिले के चार प्रखंडों के छह पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम में शिविर आयोजित कर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनों की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से शिविर में ही आवेदन प्राप्त कर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान सदर प्रखंड के मालपहाड़ी व पोंचाथोल, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ासरसा, हिरणपुर प्रखंड के बागशीशा पंचायत, महेशपुर प्रखंड के शिवरामपुर पाकुड़िया प्रखंड के पलियादाहा पंचायत एवं नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों ने आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी और योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ-साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां का वितरण किया गया। लाभुकों को कंबल और धोती साड़ी का वितरण के अलावा स्कूली छात्राओं के बीच साईकिल वितरण योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति पत्र दी गई।

# केंद्रीय कारा में छापेमारी, एसपी समेत कई वरीय पदाधिकारी एक-एक सेल का किया जांच







खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मार कर हत्या के बाद राज्य के सभी जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन चौकस हो गई है। इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए जिला प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे है। भविष्य में किसी भी जेल के अंदर इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नही हो इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस नजर आ रही है। इसी कड़ी में बुधवार की देर रात जिला प्रशासन ने केंद्रीय कारा दुमका में छापेमारी की। छापेमारी एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, डीएसपी मुख्यालय बिजय कुमार सहित कई पदाधिकारी जेल के अंदर पहुंचे। काफी संख्या में सुरक्षा कर्मियों भी जेल के अंदर पहुंच पदाधिकारियों की मौजूदगी में जेल के सभी वार्डों की सघन तलाशी ली। हालांकि प्रशासन को इस छापेमारी में कुछ खास हाथ नहीं लगी। छोटे-मोटे नशीले पदार्थ तंबाकू आदि जप्त की। ज्ञात हो कि केंद्रीय कारा दुमका में कई दुर्दांत नक्सली और अपराधी बंद है। दिसंबर 2022 में अमन सिंह भी केंद्रीय कारा दुमका में बंद था। उस वक्त अमन के गुर्गे ने केंद्रीय कारा गेट ओर संतरी को लक्ष्य कर गोली चलाई थी। उसके पहले एक पर्चा भी फेंका था। जिसमें अमन सिंह को कोई दिक्कत नहीं होने की नसीहत दी गयी थी। बाद में गोली चलाने वाले अपराधी की गिरफ्तारी धनबाद से की गई थी और अमन को दुमका से हजारीबाग जेल शिफ्ट कर दिया गया था।

एक नजर में

## हेमंत सरकार जनता सबक सिखाएगी: बाबूलाल



प्रेसवार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी।

दुमका। सीएम हेमंत सोरेन ने गलत तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित की है। इस मामले में ईडी द्वारा उन्हें बुलाया जाता है, तो वे ईडी का सामना करने के बजाय अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उक्त बातें परिसदन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर कहा। उन्होंने कहा कि ईडी की डर से सीएम श्री सोरेन भागते फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी हाईकोर्ट जाते हैं, तो कभी सुप्रीम कोर्ट। ताकि इसे रुकवा सकें। उन्हें ईडी के सामने जाना चाहिए और सब कुछ बताना चाहिए पर ऐसा वे नहीं कर सकते। क्योंकि उन्होंने काफी गड़बड़ियां कर रखी हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासियों का रुझान भाजपा की ओर है। पिछले दो दिनों से वे पाकुड़ में आदिवासी अधिकार रैली कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व यह कार्यक्रम साहिबगंज में भी हुआ था। दोनों जगह भारतीय जनता पार्टी के इस कार्यक्रम में आदिवासियों की भीड़ उमड़ी है। उससे यह पता चल रहा है कि आदिवासी समाज का रुझान भाजपा की ओर है। वह समझ चुके हैं कि भाजपा ही उनका हित चाहती है, जबकि और दल सिर्फ उनका इस्तेमाल करते हैं।

## एसकेएम में पीजी नामांकन को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि बढी, 11 दिसंबर तक होगी वेरिफिकेशन

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन पीजी नामांकन के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि अब बढाकर 11 दिसंबर कर दी है। इससे पूर्व में 7 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि निर्धारित की थी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 11 दिसम्बर कर की गई है। इस संबंध में डीएसडब्लू डॉ. संजय कुमार सिंह ने अधिसूचना जारी किया है। ज्ञात हो कि पीजी नामांकन के लिए पहला मेरिट लिस्ट 1 दिसम्बर को प्रकाशित किया गया था।

पेज 1 का शेष

## ओड़िशा के ठिकानों से...

**नोट गिनते-गिनते मशीन ठप :** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बुधवार से ही ओड़िशा के बलांगिर और संबलपुर में शराब बनाने वाली कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान आइटी टीम ने भारी मात्रा में कैश बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, टीम ने छापे में बरामद रकम की मशीन से गिनती कर रही है। रकम इतनी ज्यादा है कि दो दिनों में 200 और 500 रुपयों की काउंटिंग कर रही मशीन ने भी काम करना बंद कर दिया। इतनी रकम देखकर इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी भी हैरान रह गये। कई शराब कंपनियों द्वारा आयकर चोरी के आरोप में कल राज्य के विभिन्न हिस्सों में आइटी छापे मारे गये। शराब कारोबार से जुड़ा है खानदान : धीरज साहू के परिवार का मुख्य कारोबार शराब से जुड़ा हुआ है। इनके परिवार की ज्यादातर शराब कंपनियां ओड़िशा में है। धीरज साहू के पिता का नाम स्व राय साहब बलदेव साहू है। छह भाइयों का लंबा-चौड़ा परिवार है। रांची से लंबे समय तक सांसद रहे बड़े शिवप्रसाद साहू और एक भाई नंदलाल साहू का निधन हो चुका है। वहीं धीरज साहू तीसरी बार राज्यसभा सांसद बने हैं। सूत्र सांसद धीरज साहू के रिश्तेदारों और करीबियों के नाम से ओड़िशा में शराब की कई कंपनियां हैं। इनमें बौध डिस्टलरी प्रालि, बलदेव साहू इंफ्रा प्रालि, क्वालिटी बॉटलर्स प्रालि और किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेज प्रालि के नाम शामिल हैं।

## हम पेंशन के साथ...

**सबके हित में काम कर रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों, जरूरतमंदों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की यह सरकार उनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार सभी वर्ग और तबके के जरूरत को ध्यान में रखकर न सिर्फ योजनाएं बना रही है बल्कि उसे धरातल पर भी उतार रही है। यहां की बहुसंख्यक आबादी गांवों में रहती है और गांव की अर्थव्यवस्था किसानों -मजदूरों के इर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब हमारा गांव मजबूत होगा, तभी राज्य भी सशक्त बनेगा। इस मौके पर सीएम ने 348.10 करोड़ की 452 योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया और 204.11 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां बांटी। मौके पर मंत्री चम्पाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, विधायक रामदास सोरेन, समीर कुमार मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदीए झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, जिला परिषद अध्यक्षा बारी मुर्मू, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशन विवाद पर झारखंड...

झारखंड सरकार का मानना है कि बिहार सरकार की ओर से जो मांगें की जा रही हैं वो संयुक्त बिहार के समय की हैं और इस संबंध में झारखंड की ओर से जवाब दिया गया है। वहीं झारखंड सरकार छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड का हवाला देते हुए जनसंख्या के आधार पर 25% राशि का भुगतान करना चाहती है, जबकि बिहार सरकार का मानना है कि झारखंड को सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की पेंशन के लिए एक तिहाई राशि का भुगतान करना चाहिए। बैठक में कृषि विकास, मानव संसाधनों के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। इसमें बैंकिंग से जुड़े मुद्दों पर राज्यों की स्थिति पर भी चर्चा होने की संभावना है। बैठक पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा है कि राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय से बैठक के एजेंडे पर तैयारी कर रही है। इस बैठक में सीएम खुद मौजूद रहेंगे और झारखंड सरकार का पक्ष रखेंगे। गौरतलब है कि राज्यों के बीच विवादों, विकास और समन्वय को लेकर क्षेत्रीय परिषद का गठन किया गया है जिसके पदेन अध्यक्ष देश के गृह मंत्री होते हैं।

## देश के स्मार्ट शहरों की...

**सीईओ ने जतायी खुशी :** रांची स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार ने पूरे हर्ष के साथ रांची स्मार्ट सिटी की पूरी टीम और संबंधित एजेन्सियों को शुभकामनायें देते हुए यह उम्मीद जताया कि रांची स्मार्ट सिटी का कार्य स्मार्ट सिटी मिशन के पूर्ण होने से पहले पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पैन सिटी में भी इंटेलिजेंट कमांड सेंटर की मदद से लोगों को कई मदद पहुंचायी जा रही है। उन्होंने कहा कि नॉन एससीएम प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट सिटी के कई इंपैक्टफुल प्रोजेक्ट राज्य सरकार की ओर से शहर को स्मार्ट बनने के लिए चलाए जा रहे हैं। उन्होंने पूरी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी। **सीएम और विभागीय सचिव को दिया श्रेय :** रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता विश्व स्तरीय है। हमारी कोशिश है कि जो प्लॉट्स ऑक्शन किये जा रहे हैं, उसे पर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो। हम झारखंड की जनता को बेहतर नागरिक सेवाओं के साथ एक विश्व स्तरीय शहर दे सकें। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन और नगर विकास एवं आवास विभाग के विभागीय सचिव विनय कुमार चौबे के दिशा निर्देश में शहर का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। आधारभूत संरचना का कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। **स्मार्ट सिटी की क्या है अद्यतन स्थिति :** बताते चलें कि रांची स्मार्ट सिटी के तहत आधारभूत संरचना विकसित करने का कार्य अंतिम चरण में है। रांची स्मार्ट सिटी के तहत विकसित कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर 2021 में ही पूर्ण हो चुका है और यह योजना पूर्ण रूप से कार्य कर रही है। इसके तहत रांची में ट्रैफिक मैनेजमेंट, निगरानी जैसे कार्य से शहरवासियों को लाभ मिल रहा है। वहीं कमांड एंड कन्ट्रोल सेंटर से प्रतिदिन लगभग तीन हजार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की सूची रांची पुलिस को मुहैया करायी जा रही है, ताकि उनका ई-चालान निर्गत किया जा सके। इसके अलावा स्मार्ट सिटी में राज्य पोषित अर्बन सिविक टॉवर परियोजना का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना अध्यक्ष गोगामेड़ी पंचतत्व में विलीन

एजेंसी

▶▶ चचेरे भाइयों ने दी मुखाग्नि हत्यारों पर पांच लाख इनाम



**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का गुरुवार देर शाम को पैतृक गांव हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में अंतिम संस्कार हुआ। उनके तीन चचेरे भाइयों ने मुखाग्नि दी। इस बीच पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर गोगामेडी हत्याकांड के दो आरोपितों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित करने के आदेश पुलिस मुख्यालय से गुरुवार को जारी कर दिए गए। इस मामले में फरार दोनों आरोपित रोहित सिंह राठौड़ और नितिन फौजी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों में भी छापेमारी कर रही हैं। गोगामेड़ी की मंगलवार को दिनदहाड़े श्याम नगर थाना इलाके स्थित उनके आवास पर दो बदमाशों रोहित सिंह राठौड़ और नितिन फौजी ने गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए। गोगामेड़ी के साथ घटना के दौरान मौजूद गार्ड अजीत सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बदमाशों की फायरिंग में बदमाशों को गोगामेड़ी के घर ले जाने वाले युवक नवीन शेखावत की भी मौत हो गई थी। गैंगस्टर रोहित गोदारा ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की थी। गुरुवार सुबह राजपूत सभा भवन में समाज के लोगों ने गोगामेडी के अंतिम दर्शन किए। यहां से श्रद्धांजलि यात्रा रवाना पैतृक गांव गोगामेड़ी के लिए रवाना हुई थी। यात्रा भवानी निकेतन, चौमूं, रींगस, सीकर, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, चूरू, तारानगर, साहवा, भादरा होते हुए उनके निवास स्थान गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) पहुंची। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। गोगामेड़ी गांव में पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। हत्या के विरोध में अलवर और हनुमानगढ़ शहर गुरुवार को बंद रहा। भादरा से लेकर गोगामेड़ी तक चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। यहां गोगामेड़ी की ढाणी 9 डीपीएन में सुबह से ही लोग जुटना शुरू हो गए थे। यहां भी पुलिस बल तैनात किया गया था। शाम को जब उनके गांव पार्थिव देह पहुंची तो दादा अमर रहे के नारे लगे। अंतिम दर्शन के बाद उनके तीन चचेरे भाइयों ने मुखाग्नि दी। इस दौरान काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

### 11 मांगों पर बनी सहमति

इससे पहले गोगामेड़ी हत्याकांड में 11 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी। जांच एनआईए को देने की अनुशंसा के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम कराने के लिए तैयार हुए थे। मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई गई थी। गोगामेड़ी की पत्नी शीला शेखावत ने हत्या का मामला दर्ज कराया है। साथ ही आरोप लगाया कि पति ने सीएम और डीजीपी से तीन बार पुलिस सुरक्षा मांगी थी, लेकिन नहीं दी गई थी। मामले में श्याम नगर एसएचओ मनीष गुप्ता, बीट प्रभारी और बीट कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किया जा चुका है।

# लोकसभा में केंद्रीय विवि संशोधन विधेयक पारित

एजेंसी

▶▶ तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विवि खुलने का रास्ता साफ

▶▶ उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी : धर्मेंद्र प्रधान



**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने गुरुवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित कर दिया। यह तेलंगाना में प्रस्तावित सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब दिया। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले वर्षों के लिए क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगी। इससे उच्च शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में वृद्धि होगी और राज्य के लोगों के लिए उच्च शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनजातीय आबादी को जनजातीय कला, संस्कृति और रीति-रिवाजों और प्रौद्योगिकी में उन्नति में निदेर्शात्मक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके उन्नत ज्ञान को भी बढ़ावा देगा। जनजातीय शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय किसी भी अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय की तरह सभी शैक्षणिक और अन्य गतिविधियां संचालित करेगा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत तेलंगाना राज्य में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय भी अनिवार्य है। इसके बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए गए कुछ संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया। विश्वविद्यालय की स्थापना आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में की गई प्रतिबद्धताओं के अनुसरण में की जा रही है। इसे तेलंगाना के मुलुगु जिले में स्थापित किया जाएगा। केंद्र ने विश्वविद्यालय के लिए 889.7 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

# राजनाथ सिंह ने चेन्नई के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वे

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के लिए एसडीआरएफ की दूसरी किश्त जारी करने का दिया निर्देश



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाढ़ प्रभावित चेन्नई और आस-पास के इलाकों का गुरुवार को हवाई सर्वे किया। इसके साथ ही उन्होंने चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण हुए नुकसान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ बातचीत की। इसके बाद राजनाथ ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य आपदा राहत फंड (एसडीआरएफ) से आंध्र प्रदेश को 493.60 करोड़ और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। दोनों राज्यों को 450-450 करोड़ रुपये की पहली किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है। राजनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं आपदा प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत भी की है। केन्द्र की ओर से वे आश्वसान देते हैं कि सभी संभव सहायता दी जाएगी। राहत कार्यों में सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने बाढ़ की स्थिति को लेकर हवाई सर्वे किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से सीधी बातचीत की है। केन्द्र सरकार ने चेन्नई में बाढ़ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयार योजना में 500 करोड़ की केन्द्रीय सहायता को भी मंजूरी दी है। इसके तहत राष्ट्रीय आपदा शमन कोष (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है।

## उड़ान योजना से बढ़ी विमान यात्रियों की संख्या : सिंधिया

**नयी दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि विमान यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी में उड़ान योजना कारगर साबित हो रही है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि 2014 के बाद नौ साल में विमान यात्रियों की संख्या छह करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गयी है जो 2030 तक तीन गुना बढ़ोतरी के साथ 42 करोड़ पहुंच जाने की संभावना है। विमान यात्रियों की संख्या में इस बढ़ोतरी में उड़ान योजना भी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 76 हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू की गयी हैं और आंकड़े बताते हैं कि छोटी सी अवधि में एक करोड़ 30 लाख लोग ह्यउड़ानह्न योजना के तहत हवाई यात्रा कर चुके हैं।

उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार ने देश को नये नागर विमानन युग में ले जाने के संकल्प के साथ एयर इंडिया का विनिवेश किया है और इसके साथ ही यह देखने को मिला है कि एयर इंडिया में पहले 400 विमानों का बेड़ा था लेकिन विनिवेश होने के साथ इस विमानन कंपनी ने एक साथ 470 विमानों की खरीद के लिए करार किया है।

# जुलाई में नयी सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी : सीतारमण

एजेंसी

फरवरी में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी, लेखानुदान होगा पास



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि एक फरवरी, 2024 को पेश किए जाने वाले बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव से पहले पेश होने वाला लेखानुदान होगा। यह सीतारमण का छठा बजट होगा। सीतारमण ने सीआईआई-वैश्विक आर्थिक नीति मंच को संबोधित करते हुए कहा कि अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद चुनी हुई नई सरकार वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई में पेश करेगी। सीतारमण एक फरवरी, 2024 को लोकसभा में एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। उन्होंने कहा कि यह सच है कि एक फरवरी, 2024 को जो बजट घोषित किया जाएगा। यह सिर्फ लेखानुदान होगा। इसका कारण अप्रैल-मई में होने वाला आम चुनाव है। इसीलिए सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ तबतक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने को लेकर होगा जबतक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। यह पूछे जाने पर कि क्या वह फरवरी में पेश होने वाले बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करेंगी, उन्होंने कहा कि उस समय (लेखानुदान में) कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी। अतः आपको नई सरकार के आने तथा जुलाई, 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट तक इंतजार करना होगा। अरुण जेटली के बीमार पड़ने के बाद वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे पीयूष गोयल ने 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के बाद सीतारमण को वित्त मंत्री बनाया गया था। उन्होंने पांच जुलाई, 2019 को पूर्ण बजट पेश किया था। वास्तव में लेखानुदान के जरिये नई सरकार के कार्यभार संभालने तक कुछ जरूरी खर्च करने के लिए व्यवस्था की जाती है। सरकारें पूर्व में लेखानुदान के दौरान कोई भी बड़ी नीतिगत घोषणा करने से बचती रही हैं लेकिन बड़ी घोषणाएं करने पर कोई संवैधानिक रोक नहीं है। गोयल ने 2019 में पेश अंतरिम बजट में 12 करोड़ किसानों को 6,000 रुपये प्रति वर्ष नकद सहायता दिये की घोषणा की थी। इसके अलावा, मध्यम वर्ग के लिए कर रियायतों की भी घोषणा की थी। इसमें वेतनभोगी वर्ग के लिए मानक कटौती को 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये करना शामिल था। 2019 के अंतरिम बजट में व्यक्तिगत करदाताओं के लिए पांच लाख रुपये तक की कर योग्य वार्षिक आय पर पूरी तरह से कर छूट की घोषणा की गई। यानी ऐसे करदाताओं को कोई कर देने की जरूरत नहीं होगी, जिनकी सालाना आय पांच लाख रुपये है।

# तेलंगाना में रेवंत रेड्डी बने कांग्रेस के पहले मुख्यमंत्री

मल्लू बने उपमुख्यमंत्री 11 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी



हैदराबाद। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनेक साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिनमें भट्टी विक्रमार्क मल्लू को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है।

वर्ष 2014 में तेलंगाना राज्य के गठन के बाद रेवंत रेड्डी राज्य के दूसरे और कांग्रेस के पहले मुख्यमंत्री हैं। हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में हुए भव्य समारोह में 54 साल के रेवंत रेड्डी ने अपने 11 अन्य सहयोगियों के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में एन. उत्तम कुमार रेड्डी, सी. दामोदर राजनरसिम्हा, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, श्रीधरबाबू, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर, ए. सीथक्का, नागेश्वर राव, जुपल्ली कृष्ण राव और कोंडा सुरेखा शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा कि चुनावी वादों को पूरा करने का पूरा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि उनके द्वार अब जनता के लिए हमेशा खुले रहेंगे। वह हर रोज प्रजा दरबार के रूप में आयोजित कार्यक्रम में जनता से मुलाकात करेंगे।

# गोधरा में आइएसकेपी के छह संदिग्ध गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** एटीएस ने गोधरा से छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। एटीएस इससे पहले सूरत और पोरबंदर से भी आतंकी गतिविधियों में संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार किया था। गोधरा से गिरफ्तार सभी छह संदिग्धों को अहमदाबाद लाया गया है। एटीएस के डीआईजी दीपेश भद्र के अनुसार केन्द्रीय एजेंसियों के इनपुट के आधार पर संदिग्ध आरोपितों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जानकारी के अनुसार नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और सेंट्रल आईबी के इनपुट के आधार पर गुजरात एटीएस को सूचना मिली कि इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के कई संदिग्ध गुजरात में सक्रिय हैं। इसमें पता चला कि कुछ लोग आतंकी संगठन को मदद करने और आतंकी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय हैं। इस सूचना के मिलने पर गुजरात एटीएस ने गोधरा में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी से पूछताछ जारी है। शीघ्र ही पूरी जानकारी स्पष्ट हो जाएगी। इससे पूर्व जून 2023 में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधित आतंकी संगठन के साथ सम्पर्क रखने वाली एक महिला को गुजरात एटीएस ने सूरत के लालगेट क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। इसके बाद इसे पोरबंदर ले जाया गया था। महिला पर आईएसकेपी के साथ संबंध होने का आरोप है। महिला का परिवार भरुच निवासी है।

## शेयर बाजार में तेजी पर लगा विराम, सेंसेक्स 132 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 132 अंक टूटकर बंद हुआ। सेंसेक्स 132.04 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,521.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 69,320.53 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36.55 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,901.15 अंक पर बंद हुआ। भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और टाइटन शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रखेगा।

# 300 करोड़ के क्लब में शामिल हुयी 'एनिमल'



**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल छह दिन से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म ने 6 दिन में 315 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। एनिमल फिल्म में रणबीर कपूर जमकर लड़ाई और गुंडागर्दी करते हुए नजर आ रहे हैं। बाप और बेटे के रिश्ते पर बनी इस फिल्म को फैंस ने खूब प्यार दिया है। पहले वीक में फिल्म ने 282.96 करोड़ की ताबड़तोड़ कमाई की है। सोमवार को फिल्म ने 43.96 करोड़, मंगलवार को 37.47 करोड़ की कमाई की थी। आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने 6वें दिन यानी बुधवार को फिल्म ने 29.61 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 315.49 करोड़ हो गया है। एनिमल के कारोबार में प्रतिदिन 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट आ रही है। ऐसे में इसके 500 करोड़ के आंकड़े तक पहुँचना बहुत मुश्किल लग रहा है।

इसमें सबसे बड़ी रुकावट इसकी आलोचना बन रही है। जिन दर्शकों ने फिल्म को देखा है वो इसके कई दृश्यों और उनके फिल्मांकन की आलोचना कर रहे हैं। विशेष रूप से तृप्ति का जूता चाटने वाला दृश्य, रणबीर का पैड बदलने पर बोला गया संवाद और रश्मिका मंदाना की पिटाई के दृश्यों को लेकर दर्शक अपने आपको असहज महसूस कर रहा है। इन दृश्यों को लेकर वह सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहा है।

## फिल्म प्यार के बंधन का फर्स्ट लुक आउट

भोजपुरी फिल्म प्यार के बंधन का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इसमें भोजपुरी ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव और यामिनी सिंह एक दूसरे की आंखों में झांकती नजर आ रही हैं। इस फिल्म के निमार्ता अभय सिन्हा हैं और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। यह एक सम्पूर्ण पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण पूरा हो गया है। इस फिल्म का ट्रेलर भी जल्द आएगा। खेसारीलाल यादव ने कहा कि प्यार के बंधन केवल एक फिल्म नहीं बल्कि रिश्तों को महसूस करने वाली दास्तां है। मुझे जब इस फिल्म की कहानी सुनाई गयी थी, तब मुझे लगा था कि इस फिल्म के किरदार को मुझे जीना चाहिए। एक कलाकार के रूप में मेरे दिल और मन ने इस फिल्म की हामी भर दी थी।

## एक नजर में

### लास वेगास में गोलीबारी, तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास वेगास स्थित नेवादा विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति के घायल होने और पुलिस की कार्रवाई में संदिग्ध हमलावर की मौत की खबर है। शहर के पुलिस विभाग की तरफ से एक्स पोस्ट में साझा की गई जानकारी के मुताबिक संदिग्ध हमलावर को काबू किया गया और उसकी मौत हो चुकी है। गोलीबारी की यह घटना विश्वविद्यालय परिसर में हुई और गोलीबारी के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

### ब्रिटेन के आव्रजन मंत्री जेनरिक ने दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के आव्रजन मंत्री रॉबर्ट जेनरिक ने अवैध प्रवासियों को देश से वापस भेजने की सरकार की रवांडा नीति पर गहरी असहमति व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। जेनरिक को हाल तक सुनक के सहयोगी के तौर पर देखा जाता था। जेनरिक ने बुधवार को कहा कि उन्होंने महसूस किया कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली द्वारा संसदीय बयान में प्रस्तुत आपातकालीन विधेयक कानूनी चुनौतियों को समाप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सुनक ने उनके इस्तीफे पर कहा कि वह निराश हैं लेकिन पद छोड़ने का उनका तर्क स्थिति की बुनियादी गलतफहमी पर आधारित है।

### श्रीलंका में 21 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई जल क्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश कर मछली पकड़ने के आरोप में कम से कम 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया तथा उनकी चार नौकाओं को जब्त कर लिया गया। श्रीलंका की नौसेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मन्नार और कोविलन के पूर्वोत्तर जल क्षेत्र में बुधवार को भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने कहा कि 2023 में उन्होंने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 195 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को कथित रूप से पार करने और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में मछुआरों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है।

### कर्नाटक के कलबुर्गी में दिनदहाड़े वकील की हत्या

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी शहर में गुरुवार को दिनदहाड़े एक हमलावर ने एक वकील की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में धारदार हथियार से लैस हमलावर को वकील का पीछा करते देखा जा सकता है। फुटेज में वकील अपनी जान बचाने के लिए भागता नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया कि हत्यारे ने वकील पर धारदार हथियार से हमला करने से पहले लगभग आधा किलोमीटर तक उसका पीछा किया और फिर उसके सिर को पत्थर से कुचल दिया। पुलिस को हत्या के पीछे भूमि विवाद से जुड़ी पुरानी रंजिश होने का संदेह है।

### कश्मीर में आतंकियों के तीन मकान कुर्क

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में जम्मू कश्मीर के पुलवामा और कुलगाम जिलों में गुरुवार को तीन रिहायशी संपत्तियां कुर्क कीं। अधिकारियों ने यहां बताया कि एनआईए अधिकारियों ने पुलवामा जिले में अवंतीपुरा इलाके के चुर्सू में दो संपत्तियों को कुर्क करने का नोटिस चिपकाया है। पुलवामा जिले में अवंतीपुरा के चुर्सू गांव में सर्वेक्षण संख्या 722, 723 और 724 के तहत दो मंजिला एक आवासीय मकान और एक मंजिला आवासीय मकान को एनआईए की विशेष अदालत के आदेश द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत कुर्क किया जाता है जिसके मालिक संयुक्त रूप से चुर्सू के भाटपुरा निवासी खुर्शीद अहमद भट, खुर्शीद आलम भट और उनके पांच भाई हैं। एनआईए ने इसी तरह की कार्रवाई में कुलगाम जिले के कैमोह में एक मकान और उससे जुड़ी एक जमीन को कुर्क किया है। यह मकान फयाज अहमद इट्टू नामक व्यक्ति का है।

### भाजपा के नौ सांसदों का इस्तीफा मंजूर

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा के उन नौ सांसदों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं जिन्होंने विधानसभा चुनावों में विधायक निर्वाचित होने के बाद बुधवार को त्यागपत्र दिए थे। सदन समवेत होते ही श्री बिरला ने गुरुवार को इस बारे में सभा को सूचित किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन राठौड़, राजसमंद से दीया कुमारी, मध्य प्रदेश के मुरैना से नरेन्द्र सिंह तोमर, दमोह से प्रह्लाद पटेल, जबलपुर से राकेश सिंह, सीधी से रीति पाठक, होशंगाबाद से उदय प्रताप सिंह तथा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से गोमती साय और बिलासपुर से सांसद अरुण साव ने इस्तीफा दिया है। अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने इन सदस्यों के त्यागपत्र को छह दिसंबर की तिथि से स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है कि पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव में निर्वाचित दस सांसदों कल अपने सांसद सदस्यता से इस्तीफा दिया था जिनमें किरोणीलाल मीणा राज्यसभा के सदस्य थे।

### ज्ञानवापी मामले में सुनवाई आज भी होगी

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी मस्जिद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने इस मस्जिद के स्थान पर मंदिर बहाल करने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। गुरुवार को संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इस मामले में सुनवाई शुक्रवार के लिए टाल दी। इससे पूर्व, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने 28 अगस्त, 2023 को पारित आदेश के तहत इस मामले को न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया से स्वयं के लिए यह कहते हुए स्थानांतरित कर दिया था कि रोस्टर के मुताबिक, इस मामले पर सुनवाई उनके (प्रकाश पाडिया के) न्यायिक क्षेत्र में नहीं था, उन्होंने दो वर्षों से अधिक समय तक इस पर सुनवाई की।


VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## जॉब ग्रोथ

**10 साल में 22 से 30% तक रहने की संभावना है**

हेल्थ केयर सेक्टर में बड़े-बड़े प्राइवेट ग्रुप भी कदम रख रहे हैं, जिसके चलते लेटेस्ट फैसिलिटीज से लैस नए-नए हॉस्पिटल खुलते जा रहे हैं। मेडिकल टूरिज्म का कॉन्सेप्ट अब महानगरों के बाद टू-थ्री टीयर सिटी में आकार ले रहा है। ऐसे में बायो-मेडिकल इंजीनियर्स की डिमांड आने वाले समय में और भी बढने की उम्मीद है। चास मेडिकल इंस्ट्रूमेंट मैन्युफैक्चरिंग, ऑर्थोपेडिक एंड री-हैबिलिटेशन इंजीनियरिंग, मॉलिक्यूलर इंजीनियरिंग की कई ब्रांचेज में बायोमेडिकल इंजीनियर के लिए जॉब के चांसेज है। कॉरपोरेट सेक्टर्स में भी इनके लिए अवसर हैं। बीपीएल, लार्सन एंड टूब्रो, विप्रो मेडिकल और सिमेंस जैसी कंपनियां तो योग्यता और अनुभव के आधार पर इस तरह के प्रोफेशनल्स को अपने सेल्स और मार्केटिंग डिपार्टमेंट में नियुक्त तो करती ही हैं, साथ ही कई दूसरे डिपार्टमेंट्स में भी इनकी काफी डिमांड है।

# हेल्थ केयर और मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में जॉब की कमी नहीं

### आप्टोमेट्री के एक्सपपर्ट

फोर्ब्स की टॉप टेन लिस्ट में शामिल ऑप्टोमेट्री की जॉब ग्रोथ रेट आने वाले सालों में 33 परसेंट तक रह सकती है। आंखें हमारी बॉडी का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट हैं। यही हमें दुनिया के रंग दिखाती हैं। इस कारण इनकी केयर हम सभी की प्रॉयरिटी रहती है। आंखों की बेहतर देखभाल कैसे की जाए, यह हमें ऑप्टोमेट्रिस्ट ही बताते हैं। इसके लिए इन्हें स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है। इससे रिलेटेड कोर्स करके इस फील्ड में भी करियर बना सकते हैं। यूएस समेत इंडिया में भी इनकी काफी डिमांड है।

### कोर्स ऑप्शन

इसमें करियर बनाने के लिए ऑप्टोमेट्री में बैचलर डिग्री या बीएससी अथवा डिप्लोमा कोर्स करना जरूरी है। सभी कोर्सेज में एंट्री के लिए हायर सेकेंडरी साइंस स्ट्रीम फिजक्सि, केमस्ट्रिी, मैथमेटिक्स या बायोलॉजी व अंग्रेजी के साथ कम से कम 50 फीसदी अंक से पास होना जरूरी है। डिप्लोमा कोर्स दो वर्ष का और बैचलर डिग्री चार वर्ष का है। इसमें तीन साल का कोर्स और एक साल की इंटर्नशिप करनी होती है। इंटर्नशिप के पीरियड में स्टूडेंट को किसी क्लीनिक या हॉस्पिटल में आई स्पेशलिस्ट की कमांड में वर्क करना होता है।

### क्या करना होता है

ये आंखों की देखभाल और आई टेंस्टिग में यूज आने वाले इंस्ट्रूमेंट्स के रख-रखाव के स्पेशलिस्ट हैं। ये आई टेंस्टिग करके चश्मा अथवा लेंस लगाने की एडवाइज भी देते हैं। ये आंखों की डिजीज, कलर ब्लाइंडनेस, दूर व पास देखने की प्रॉब्लम आदि का भी पता लगाते हैं।



### वेतनमान

किसी अच्छे इंस्टीट्यूट से कोर्स करने के बाद शुरुआती दौर में 10 से 15 हजार रुपये तक मिल जाते हैं। जैसे-जैसे इस फील्ड में एक्सपीरियंस बढता है और क्वालिटी निखरती है, सैलरी भी उसी अनुपात में बढती चली जाती है।

### करियर की संभावना

भारत में कोर्स करने के बाद जॉब की कोई कमी नहीं है। सरकारी और निजी हॉस्पिटल्स, नर्सिंग होम में करियर की संभावना तो हैं ही, साथ ही आप अपना आई क्लीनिक, ऑप्टिकल लेंस मैन्यूफैक्चिरिंग यूनिट आदि भी खोल सकते हैं। इसके अलावा कॉन्टैक्ट लेंस और ऑप्थेल्मिक लेंस इंडस्ट्री और विभिन्न डिपार्टमेंट्स के आई डिवीजन में वर्क कर सकते हैं। आंख के डॉक्टरों को ट्रेंड असिस्टेंट की जरूरत होती है, जो प्रोफेशनल तरीके से चश्मा, लेंस और अन्य नेत्र संबंधी उपकरण बना सकें। सरकारी रूल्स के मुताबिक ऑप्टिकल्स शॉप में केवल ट्रेंड ऑप्टीशियन को ही रखने का प्रॉविजन है।

### मुख्य संस्थान


- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली
- जामिया हमदर्द, फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, हमदर्द नगर, दिल्ली
- स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री : गांधी नेत्र अस्पताल, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
- स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री : जनकल्याण नेत्र अस्पताल, लखनऊ
- सीतापुर आई हॉस्पिटल, सीतापुर
- वीबीएस पूर्वांचल यूनिर्विसटी, उत्तरप्रदेश
- इंदिरा गांधी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस, पटना
- पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पटना
- गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, पटियाला
- मेडिकल कॉलेज, अमृतसर
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्टोमेट्रिक साइंस, कोलकाता



### विवेक मन्त्र

उत्साह जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है। उत्साह सही चिंतन से सही संगत से और सही मार्गदर्शन से पैदा होती है। राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं में उत्साह का होना अनिवार्य है। भारत माता की पुकार निराश युवाओं द्वारा नहीं सुनी जा सकती है। इसके लिए हमे युवाओ की उत्साही समूह चाहिए जो देश का निर्माण करें।

**स्वामी विवेकानंद**



### एडमिशन एलर्ट

**सवाल-क्या बीआईटी मेसरा में फार्मेसी की पढ़ाई होती है।**
**चितरंजन कुमार शर्मा रामगढ़**

**जवाब :** बीआईटी मेसरा में फार्मेसी की पढ़ाई होती है। इसके लिए एडमिशन टेस्ट होता है जिसकी सूचना मार्च-अप्रैल में प्रकाशित होती है।

सवाल- क्या प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करके सेना की नौकरी ज्वाइन कर सकते हैं। विशाल खूंटी

**जवाब :** किसी भी प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज जिसका एनसीटीई से मान्यता प्राप्त हो वह सरकारी नियमों के तहत संचालित होता है। इसलिए आप सेना के वैसे नौकरी जो इंजीनियरिंग कोर का हो या ग्रेजुएशन के किसी भी संकाय का हो उसमें आवेदन कर सकते हैं। शारीरिक रुप से स्वस्थ्य होना भी आवश्यक है।

**सवाल- क्या सिक्मिम मणिपाल यूनिवर्सिटी की मान्यता है।**
**जयंत जमशेदपुर, रानी रांची**

**जवाब :** सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी का मामला न्यायालय में चल रहा है। इस संबंध में यूनिवर्सिटी को एडमिशन और परीक्षा लेने की अनुमति दे दी गई है। निजी यूनिवर्सिटी की मान्यता संबंधित मामलों पर सर्वोच्च न्यायालय संबंधित काउंसिल की कार्रवाई पर सवाल खड़ा कर चुका है।

**सवालः रेलवे का साइको टेस्ट क्या है?**
**अविनाश धनबाद**

जवाबः लोको पॉयलट के लिए यह अनिवार्य टेस्ट है। इसके लिए ब्रिक टेस्ट सहित अन्य कई प्रकिया जिसमें कलर ब्लाइंडनेस शामिल है उससे गुजरना अनिवार्य है। यह टेस्ट सिर्फ रेलवे के लोको पॉयलट के लिए है रेलवे के दूसरी परीक्षा के लिए नहीं है।



### करियर जोन

**सवालः जेपीएससी में सफल होने में क्षेत्रिय भाषाओं का आधार क्या है? अनिता एक्का लोहददगा**

**जवाब :** ऐसा नहीं है क्योंकि पीटी में सामान्य अध्ययन की ही परीक्षा होगी जो दौ सौ अंक की होगी। इसमें पास होने के बाद ही आप मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेगी। विषयों के चयन से तैयारी को सही दिशा मिलती है इस कारण उन्ही विषयों का चयन करें जिनकी पाठ्य सामग्री उपलब्ध है।

**सवालः आई टी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कौन से जाब्स हैं?**
**शिप्रा रांची**

**जवाब :** बेव डिजाइनर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, नेट वर्किंग, सहित वीपीओ और केपीओ के क्षेत्र में सबसे ज्यादा जाब्स है। मोबाइल रिपेयरिंग के ट्रेनिंग में भी कम पूंजी में अपना रोजगार खोल पा रहे हैं।

**सवाल : बैंकिंग पीओ के लिए कंप्यूटर शिक्षा कितना आवश्यक है।**
**अनिकेत बोकारो**

**जवाब :** कंप्यूटर फंडामेंटल की जानकारी पर्याप्त है। अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी है।

**व्हाट्स अप नबंर 9934345750** पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

### शिक्षा जगत

## जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विधेयक लोक सभा में पेश



तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विधेयक सोमवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में पेश किया। केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 के कथन और उद्देश्यों के अनुसार, सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले वर्षों के लिए क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

तेलंगाना : केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विधेयक सोमवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में पेश किया। केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 के कथन और उद्देश्यों के अनुसार, सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले वर्षों के लिए क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

प्रस्तावित संस्थाने के बारे में कहा गया है कि यह उच्च शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में वृद्धि करेगा और तेलंगाना के लोगों के लिए उच्च शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं को सुविधाजनक बनाएगा और बढ़ावा देगा। यह भारत की जनजातीय आबादी को जनजातीय कला, संस्कृति और रीति-रिवाजों और प्रौद्योगिकी में उन्नति में निदेर्शात्मक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके उन्नत ज्ञान को भी बढ़ावा देगा।

आदिवासी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय किसी भी अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय की तरह सभी शैक्षणिक और अन्य गतिविधियां संचालित करेगा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना अनिवार्य है।

### विदेशी भाषा में भी है करियर

## चाइनीज भाषा बन रही पसंद

**आनंद वत्स**

जैसे जैसे नई तकनीक विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे दुनिया भर में सभी देशों के बीच व्यापारिक संबंध भी नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। दुनिया के विकसित राष्ट्रों में से एक चीन ने भी अन्य देशों की तरह भारत के विशाल बाजार में अपनी पैठ जमाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं और उसके कई उत्पाद भारत सहित दुनिया के कई देशों में उपलब्ध हैं। ऐसे में चीनी भाषा का ज्ञान निश्चित ही रोजगार के नये अवसर पैदा कर सकता है। केरल में विदेशी भाषा जानने को उत्सुक लोगों में 60 प्रतिशत लोग चीनी भाषा जानना चाह रहे हैं। खाड़ी और यूरोपीय देशों में आई मंदी के बाद चीन विदेशी रोजगार वाला संभावित देश बन कर उभरा है,जहां की कंपनियां विदेश जा रही है। भारत में भी आने वाली चीनी कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत चीन की सांस्कृतिक दोस्ती बौद्ध धर्म के कारण हजारों वर्ष से है।

### 70 प्रतिशत छात्र झारखंड-बिहार के

**भाषा** सदैव से व्यापार बढ़ाने में सहयोगी रहा है। विनोबा भावे का कहना था कि किसी व्यक्ति की प्रांरभिक शिक्षा मातृभाषा में बाद की शिक्षा राजकीय भाषा और उसके बाद उसे एक अतिरिक्त विदेशी भाषा का ज्ञान होना ही चाहिए, चाहे वह किसी भी पद या कार्य पर रहे। मानव मस्तिस्क तीन भाषा को आसानी से सीखने में सक्षम है। आज विदेशी भाषा बड़ी संख्या में अवसर पैदा कर रहा है। अनुवादक से लेकर कंपनी के एचआर तक की नौकरी और बीपीओ से लेकर आयात-नियात,टूरिस्ट गाईड जहाजरानी कंपनियों में इसका उपयोग हो रहा है। भारतीय विद्या भवन दिल्ली में चाइनीज पढ़ने वाले 70 प्रतिशत छात्र झारखंड-बिहार के हैं। दस हजार से ज्यादा छात्र चीन जाकर मेडिकल सहित अन्य कोर्स करते हैं जिन्हें चीनी भाषा मंदारिन सिखना होता है। 12वीं के बाद सीबीएसई चीनी भाषा पढ़ाने की तैयारी कर रहा है।



चीन एशिया का महत्वपूर्ण राष्ट्र है। यह भारत में अपने पूंजी निवेश का लगातार प्रयत्न कर रहा है और इस क्षेत्र में उसकी कई कंपनियां भारत में अपनी धाक जमाने में सफल हो रही हैं। चीन का जीडीपी दुनियां में सबसे ज्यादा है।

इन कंपनियों में मुख्यतः संगीत वाद्य यंत्र और खिलौनों की कंपनियां हैं। इन कंपनियों को अपना सामान बाजार में मजबूती से स्थापित करने के लिए अपनी भाषा में दक्ष उद्यमियों की आवश्यकता होती हैं जो उन्हें भारत के विषय में जानकारी उपलब्ध करा सकें। चीन में अंग्रेजी भाषी लोगों की कमी है। इसके लिए दुभाषियों की आवशयकता होती है जो उनके वार्तालाप को दूसरी भाषाओं में परिर्वितत कर दूसरे राष्ट्र के प्रतिनिधियों को समझा सकें और उनकी बातों की अपनी कंपनी के प्रतिनिधि को समझ सकें।

चीनी भाषा सीखने के बाद अनुवादक के रूप में भी करियर बनाया जा सकता है क्योंकि चीनी सरकार से सम्पर्क बनाए रखने के लिए चीनी भाषा में ही पत्र व्यवहार आवशयक माना जाता है। चीन के पर्यटक भारत में 'गया' और 'सिक्किम' जाने को अपना सबसे बड़ा तीर्थ समझते हैं। इन पर्यटकों के कार्यों को असानी से सम्पन्न करने के लिए टूरस्टि गाइडों की मांग हमेशा बनी रहती है। अन्य देशों के साथ चीन के लगातार बढत्ते व्यापारिक संबंधों के मद्देनजर चीनी भाषा के जानकारों के लिए करियर बनाने के बहुत अवसर हैं। वर्तमान में ऐसे लोगों की काफी मांग है, जो चीनी भाषा के साथ अंग्रेजी का भी ज्ञान रखते हैं।

पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी नई दिल्ली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड,जामिया मिलिया इस्लामिया अलीगढ़, सहित देश के सभी बड़े शहरों में निजी संस्थानों द्वारा चीनी भाषा जो मूल रूप से मंदारिन के नाम से जानी जाती है वहां इसके सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई होती है।

### सफलता मन्त्र

## परिवर्तन स्वीकारें, सफलता पायें



**अजयदीप बाधवा**
**मोटिवेटर सह सीए**

परिवर्तन विश्व की वह स्थिति है जो बदलती नहीं है। परिवर्तन निश्चित है और वह होगा ही। आप पंसद करे या न करें परिवर्तन होकर ही रहेगा। जो व्यक्ति स्वयं को परिवर्तित नहीं करता वह जीवन में हार जाता है। परिवर्तन उसे पीछे छोड़ देता है। यही कारण है कि समाज इसी के सहारे आगे जाताहै और जो इसके सहारे आगे नहीं जाते वे पिछड़ जाते हैं। प्रसिद् वैज्ञानिक हॉकिन्स ने कहा था परिवर्तन के साथ समझौता करना और उसे अपनाना ही बुद्मिानी है। आज के युवा वर्ग में लड़के-लड़कियों में दोस्ती और विवाह आज कल आम है। प्रेम विवाह प्रचलित हो रहा है लोग इसे अपना भी रहे हैं। पर एक जान पहचान के प्रोफेसर अपनी बेटियों को कड़ाई में रखते, किसी से बात करना और मिलना जुलना उन्हें पंसद नहीं था। वे बच्चों से बात नहीं करते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि बच्चियां भ्रमित और कुंठाग्रस्त होकर विद्रोह कर दी। पिता के विपरीत जाकर प्रेम विवाह कर लिया। सवाल है कि समाज में हो रहे परिवर्तन से सभी को परिचित होना चाहिए विशेषकर युवाओं को अवश्य समझना चाहिए। विश्व में कई बड़ी कंपनी जो अपने आप को परिवर्तित नहीं कर सकी वह बंद हो गयी। भारत में वेस्पा स्कूटर कंपनी बेहतर स्कूटर बना रही थी लेकिन युवाओं की रूचि वाईक में थी यह बात वेस्पा कंपनी नहीं समझ सकी। वहीं बजाज कंपनी ने इस बात को समझा और स्कूटर उत्पादन बंद कर पूरा ध्यान मोटरसाइकिल पर लगाया जिससे वह आज भी बेहतर स्थिति में है। हम स्थितियों के अनुसार स्वंय को बदल सकेंगे उतना ही जल्दी हम सफल होंगे।

### जॉब अलर्ट

## कैसे बनते हैं प्रशासनिक अधिकारी, क्या है उनकी सेवा और शर्तें

**शिवम**

भारतीय नागरिक सेवा के तहत आईएएस ऑफिसर का चयन किया जाता है। यह नौकरी के लिए भारत की सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। आईएएस ऑफिसर भारतीय नौकरशाही में टॉप पर होता है। इससे ऊपर केवल केवल मंत्री होते हैं। भारत में ऑल इंडिया सर्विस के तहत तीन टॉप अफसर चुने जाते हैं जिसमें कअर, कढर और कऋर शामिल हैं। सिविल सर्विस परीक्षा में टॉप रैंक आईएएस पाने वाले ही आईएएस चुने जाते हैं। इनके जिम्मे देश चलाने का अधिकार होता है। सिविल सर्विस परीक्षा देने के लिए किसी भी आवेदक का ग्रेजुएट होना जरूरी है।

### कैसे करें आइएएस की तैयारी

-सिविल सर्विस परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम उम्र 21 वर्ष है अगर कोई इस परीक्षा में शामिल होना चाहता है तो उसे कम उम्र से ही इसकी तैयारी कर देनी चाहिए। ध्यान रहे कि सामान्य वर्ग के आवेदक अधिकतम 32 वर्ष की उम्र तक 6 बार इस परीक्षा में हिस्सा ले सकता है। इसके लिए पढ़ाई के साथ कोचिंग ली जा सकती है। दसवीं के बाद सिविल सर्विस की पढ़ाई पर फोकस शुरू कर देना चाहिए।

-रोज अखबार और मैगजीन जरूर पढ़ें इनसे आप करंट अफेयर्स को लेकर जागरुक रहेंगे। साथ ही किसी विषय की तैयारी करने में आपको ज्यादा रिसर्च की जरुरत नहीं पड़ेगी।



-दसवीं के बाद उस विषय को चुनें जिसमें आपकी रूचि हो और जिसे आप सिविल सर्विस के दौरान चुन सकें। पसंद का विषय होने से आपको तैयारी में भी आसानी होगी।

-अपने समय को मैनेज करें। अपना एक रूटीन बनाएं और उसी के हिसाब से तैयारी करें। अनावश्यक कामों में अपना समय बर्बाद न करें।

-यूपीएसई की परीक्षा में कुल 25 विषयों में से अपना विषय चुनना होता है। विषय वही चुनें जिसमें पढ़ाई करना आपके लिए आसान हो। नियमितता और सही विषयों का चयन करें। दस लाख से अधिक तेज युवाओं के बीच प्रतिस्पर्धा होती है।

### क्या करता है आईएएस ऑफिसर

सरकार की नीतियों को लागू करना और उनका पालन करवाना मुख्य रूप से आईएएस का काम होता है। जिले में आईएएस जिला मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या कमिश्नर हो सकता है। इसके अलावा पद बढ़ने पर कैबिनेट सेक्रेटरी, जॉइंट सेक्रेटरी, अंडर सेक्रेटरी , डिप्टी सेक्रेटरी आदि पद भी मिलते हैं। भारत में नौकरशाही का टॉप पद कैबिनेट सचिव का होता है जो संसद के प्रति जवाबदेह होता है।

इसके अलावा आईएएस ऑफिसर को सरकार के विभिन्न विभागों, कंपनियों, बोर्ड आदि का प्रमुख भी बनाया जाता है जैसे सीबीएसई और बिहार बोर्ड के चेयरमैन